चतुर्भुजदास कृत

मधुमालती वार्ता

तथा

उसका माधव शर्मा कृत संशोधित रूपांतर

ग्रंथमाला-संपादक-मंडल

कृष्णदेवप्रसाद गौड़, हरवंशलाल शर्मा, सुरेश अवस्थी,
करुणापति त्रिपाठी, सुधाकर पांडेय, भोलाशंकर व्यास,
शिवप्रसाद मिश्र 'रुद्र' (संयोजक)

संपादक

डॉ० माताप्रसाद गुप्त

नागरीप्रचारिणी सभा, काशी

प्रकाशक : नागरीप्रचारिणी सभा, वाराणसी

मुद्रक : शंभुनाथ वाजपेयी, नागरी मुद्रण, वाराणसी

प्रथम बार, ११०० प्रतियाँ, सं० २०२१ वि०

मूल्य ८)

आकर ग्रंथमाला का परिचय

नागरीप्रचारिणी सभा ने अपनी हीरक जयंती के अवसर पर जिन भिन्न-भिन्न साहित्यिक अनुष्ठानों का श्रीगणेश करना निश्चित किया था उनमें से एक कार्य हिंदी के आकर ग्रंथों के सुसंपादित संस्करणों की पुस्तकमाला प्रकाशित करना भी था। जयंतियों अथवा बड़े बड़े आयोजनों पर एकमात्र उत्सव आदि न कर स्थायी महत्व के ऐसे रचनात्मक कार्य करना सभा की परंपरा रही है जिनसे भाषा और साहित्य की ठोस सेवा हो। इसी दृष्टि से सभा ने हीरक जयंती के पूर्व एक योजना बनाकर विभिन्न राज्य सरकारों और केंद्रीय सरकार के पास भेजी थी। इस योजना में सभा की वर्तमान विभिन्न प्रवृत्तियों को संपुष्ट करने के अतिरिक्त कतिपय नवीन कार्यों की रूपरेखा देकर आर्थिक संरक्षण के लिये सरकारों से आग्रह किया गया था, जिनमें से केंद्रीय सरकार ने हिंदी शब्दसागर के संशोधन परिवर्धन तथा आकर ग्रंथों की एक माला के प्रकाशन में विशेष रुचि दिखलाई और ६–३–५४ को सभा की हीरक जयंती का उद्घाटन करते हुए राष्ट्रपति देशरत्न डॉ० राजेंद्र प्रसाद जी ने घोषित किया—'मैं आपके निश्चयों का, विशेषकर इन दो (शब्दसागर संशोधन तथा आकर ग्रंथमाला) का स्वागत करता हूँ। भारत सरकार की ओर से शब्दसागर का नया संस्करण तैयार करने के सहायतार्थ एक लाख रुपए की सहायता, जो पाँच वर्षों में, बीस बीस हजार करके दिए जायँगे, देने का निश्चय हुआ है। इसी तरह से मौलिक प्राचीन ग्रंथों के प्रकाशन के लिये पच्चीस हजार रुपए की, पाँच वर्षों में पाँच पाँच हजार करके, सहायता दी जायगी। मैं आशा करता हूँ कि इस सहायता से आपका काम कुछ सुगम हो जायगा और आप इस काम में अग्रसर होंगे।'

केंद्रीय शिक्षामंत्रालय ने ११–५–५४ को एफ ४–३–५४ एच ४ संख्यक एतत्संबंधी राजाज्ञा निकाली। राजाज्ञा की शर्तों के अनुसार इस माला के लिये संपादक मंडल का संघटन तथा इसमें प्रकाश्य एक सौ उत्तमोत्तम ग्रंथों का निर्धारण कर लिया गया है। संपादक मंडल तथा ग्रंथसूची की संपुष्टि भी केंद्रीय शिक्षामंत्रालय ने कर दी है। ज्यों ज्यो ग्रंथ तैयार होते चलेंगे, इस माला में प्रकाशित होते रहेंगे। हिंदी के प्राचीन साहित्य को इस प्रकार उच्च-स्तर के विद्यार्थियों, शोधकर्ताओं तथा इतर अध्येताओं के लिये सुलभ करके केंद्रीय सरकार ने जो स्तुत्य कार्य किया है उसके लिये वह धन्यवादार्ह है।

———

प्रकाशकीय वक्तव्य

अपनी स्थापना के समय से ही नागरी लिपि एवं हिंदी साहित्य के उन्नयन एवं विकास के विभिन्न विधायक संकल्पों के साथ ही नागरीप्रचारिणी सभा ने हिंदी के युगनिर्माता मूर्धन्य साहित्यस्रष्टाओं की ग्रंथावलियों का प्रकाशन भी आरंभ किया। हिंदी के सुप्रसिद्ध गंभीर शीर्ष विद्वानों का सहयोग इस क्षेत्र में सभा को सतत मिलता रहा। फलतः, तुलसी ग्रंथावली, भूषण ग्रंथावली, भारतेंदु ग्रंथावली, रत्नाकर (कवितावली), पृथ्वीराज रासो, बाँकीदास ग्रंथावली, ब्रजनिधि ग्रंथावली और श्रीनिवास ग्रंथावली आदि का प्रकाशन सभा ने किया।

अपनी हीरक जयंती के अवसर पर सभा ने इस दिशा में केंद्रीय सरकार की सहायता से योजनाबद्ध रूप से नूतन प्रयत्न आकर ग्रंथमाला के रूप में आरंभ किया। इस ग्रंथमाला में अबतक भिखारीदास ग्रंथावली, मान राजविलास, गंग कवित्त, पद्माकर ग्रंथावली का प्रकाशन सभा कर चुकी है। इधर धनाभाव के कारण यह कार्य कुछ शिथिल था किंतु ग्रंथमाला का कार्य चलता रहा। जसवंतसिंह ग्रंथावली यंत्रस्थ है और शीघ्र ही प्रकाशित हो रही है।

दादूदयाल ग्रंथावली (सं०-पं० परशुराम चतुर्वेदी), बोधा ग्रंथावली (सं०-पं० विश्वनाथप्रसाद मिश्र), नागरीदास ग्रंथावली (सं०-डॉ० किशोरीलाल गुप्त) एवं ठाकुर ग्रंथावली (सं०-श्री चन्द्रशेखर मिश्र) को संवत् २०२१ तक प्रकाशित करने का हमारा संकल्प है। केंद्रीय सरकार के शिक्षा विभाग की आर्थिक सहायता से यह संकल्प मूर्त हो रहा है। इसके लिये सभा सरकार के प्रति कृतज्ञ है और हमें विश्वास है कि शीघ्र ही इस दिशा में उसका स्वप्न पूर्णतः साकार होगा।

चतुर्भुजदास कृत मधुमालती वार्ता इस ग्रंथमाला का सप्तम पुष्प है। मधुमालती की प्रेमकथा को आधार बनाकर लिखे गए हिंदी में अनेक ग्रंथ हैं किंतु यह उन सबसे भिन्न लोककाव्यपरक है। अब तक उपलब्ध चार

अनुक्रमणिका

निवेदन

'मधुमालती वार्ता' के हस्तलेख प्रचुर मात्रा में मिलते हैं। प्रस्तुत ग्रंथ के संपादनकर्ता ने बताया (रचयिता और रचनाकाल—पृ० ४) है कि 'राजस्थान का यह अत्यधिक लोकप्रिय काव्य रहा है'। उन्होंने यह भी कहा है कि 'जितनी अधिक प्रतियाँ इस काव्य की राजस्थान और राजस्थान से बाहर जाकर अन्यत्र मिलती हैं, कदाचित् ही राजस्थान के किसी अन्य काव्य की उतनी मिलती होंगी'। परंतु इतने लोकप्रिय काव्य के लेखक का काल और कुछ सीमा तक उसकी कृति के मूलरूप का असंदिग्ध विवरण अनुपलब्ध है। 'माधवानल-कामकंदला' नामक प्रसिद्ध प्रेमकथा के एक लेखक—**माधवशर्मा** के माध्यम से 'मधुमालती कथा' के मूलरूप की रचना करनेवाले **चतुर्भुजदास** के विषय में जो कुछ पता चलता है—उसका प्रस्तुत ग्रंथ के संपादक ने विवरण दिया है। **मधुमालती की वार्ता** का जो रूप, **माधवशर्मा** द्वारा मिलता है उसके विषय में **माधवशर्मा** कहते हैं—'दोय जना मिलि सोय बनाई'। इन दोनों में एक हैं **चत्रभुजदास** (चतुर्भुजदास) कायस्थ। मारूदेश मे उनका गृह था। पहली कथा का अर्थात् कथा या वार्ता के प्रथम रूप का वर्णन करनेवाले हैं वे ही **चतुर्भुजदास**। बाद में **माधवशर्मा** ने उस रूप में चरित का कुछ सुधार करते हुए काव्य को संशोधित रूप में लिखा है।

प्रस्तुत ग्रंथ के संपादक डा० माताप्रसाद गुप्तजी ने अपने अनुमान के आधार पर **चतुर्भुजदास** की मूल रचना का कथांश और **माधवशर्मा** द्वारा किए गए संशोधन का कथाभाग बताने का प्रयास किया है। कुछ कल्पनाओं के आधार पर ही यह सब अनुमान किया गया है। फिर भी **माधवशर्मा** के हस्तलेख से एक बात प्रमाणित हो जाती है कि संवत् १६०० में लिखित 'माधवानलकामकंदला' के समय तक 'मधुमालती वार्ता' अथवा 'मधुमालती कथा' या 'मधुमालती विलास' या 'मधुमालती

रसविलास' की रचना हो चुकी थी। इसी में माधवशर्मा ने कुछ संशोधन किया और संक्षिप्त करके रखा था। बाद—इस अपभ्रंश रूप में—'माधवानलकाम-कंदला' के उल्लेख में साथ संवत् १६०० में सामने आया। परंतु प्रस्तुत वार्ताग्रंथ की जो प्रतिलिपियाँ उपलब्ध हुई हैं और जिनके आधार पर 'मधुमालती वार्ता' का प्रस्तुत संस्करण संपादित हुआ है वे सभी प्रायः संवत् १८०८ से लेकर संवत् १८६१ तक की ही हैं। केवल एक प्रतिलिपि संपादक को मिली (हिंदी साहित्य संमेलन, प्रयाग के संग्रहालय में) जिसका प्रतिलिपिकाल संवत १७०३ है। पर खेद—जैसा कि संपादक ने बताया है—इस हस्तलेख के दो अंतिम पृष्ठ नष्ट हो गए और उसका प्रमाण भी नष्ट हो गया है।

इन्हीं कारणों से संपादक के लिये प्रस्तुत ग्रंथ का रचनाकाल और ग्रंथकार के समय का ठीक ठीक निर्धारण करना अत्यंत दुष्कर हो गया है। इतना ही अनुमान किया जा सकता है कि संवत् १६०० वि० के पूर्व ही चतुर्भुजदास—इस ग्रंथ की रचना अवश्य कर चुके थे। इस प्रकार मूल रूप में यह काव्य सोलहवीं शती में निर्मित हो गया था। मध्यकालीन हिंदी के प्रेमकाव्यों में—रचनाकाल की प्राचीनता के विचार से—निश्चय ही इस काव्य का स्थान महत्वपूर्ण कहा जा सकता है।

इसका दूसरा भी एक महत्व है। यह ग्रंथ विशुद्ध भारतीय प्रेमकथाशैली में विरचित है। **पुहकर** के **रसरतन** पर भी सूफीशैली की प्रभावच्छाया पहुँच गई है। डा० गुप्त ने प्राक्कथन के पृ० १० और ११ में बताया है कि इसकी कथाशैली और वर्णनशिल्प—दोनों में ही विशुद्ध भारतीय प्रेमकथा की तदाप्रचलित उस परंपरा का अनुसरण हुआ है जिसमें विशुद्ध भारतीय ढंग से भारतीय प्रेमकथाएँ लिखी जाती रही होंगी। यह अनुमान किया जा सकता है कि हिंदी में भी इस परंपरा की अन्य प्रेमकथाएँ निश्चय ही लिखी गईं रही होंगी। परंतु दुर्भाग्यवश आज वे दुर्लभ हो गई हैं। यह परंपरा जहाँ एक ओर 'छिताई वार्ता' वाली शैली से इतर है वहीं दूसरी ओर सूफी या सूफीप्रभावित असूफी प्रेमकथाओं से भी पृथक् है। अतः इस ग्रंथ की अपनी विशेषता है ही।

संपादक ने इस ग्रंथ की प्रकाशनीयता की दृष्टि से एक और बात की ओर (प्राक्कथन में) ध्यान आकृष्ट किया है। हिंदी साहित्य में **चतुर्भुजदास** नाम के अनेक कवि प्रसिद्ध है और **मधुमालती** नाम के अनेक काव्य भी।

परंतु प्रस्तुत कृति और उसका निर्माता—दोनों ही पूर्णतः उनसे भिन्न हैं। इसकी कथा भी **मंझन** की **मधुमालती** या दक्खिनी हिंदी के कवि **नुसरती** के **गुलशन-ए-इश्क** की प्रेमगाथा से सर्वथा भिन्न है। इन कारणों से भी ग्रंथ की पूरी जानकारी के लिये ग्रंथ का प्रकाश में आना नितांत आवश्यक, प्रतीक्षित और अपेक्षित था।

अपेक्षित तो इसलिए भी था कि यह ग्रंथ हिंदी का होकर भी अब तक हिंदी में अप्रकाशित था जब कि अहमदाबाद तथा बंबई से, गुजराती लिपि में मुद्रित, इसके दो संस्करण क्रमश; १८७५ ई० तथा १८७८ ई० में प्रकाशित हो चुके थे।

अपने संपादन के आधारभूत हस्तलेखों को विभिन्न गुणधर्मों के आधार पर चार वर्गों में विभाजित कर संपादक ने प्रस्तुत संस्करण तैयार किया है। विभिन्न वर्गों की प्रतिनिधिभूत कुछ प्रतियों की ही सहायता—मुख्यरूप से संपादन में ली गई है। यहाँ संपादक का अपना मत है कि **चतुर्भुजदास** की मूल **मधुमालती कथा** का मूलरूप—संभवतः—प्रथमवर्ग की प्रतियों मे ही उपलब्ध हो सकता है। इस कारण प्रकाश्यमान संस्करण के पाठ का निर्धारण करने मे तथानिर्धारित प्रथम वर्ग की प्रतियों का स्थान सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। क्योंकि उसी वर्ग की प्रतियों में सबसे कम प्रक्षिप्तांश अनुमानित है। अतः जिस दृष्टि और आधार को लेकर **चतुर्भुजदास** के मूल ग्रंथ का पाठनिर्धारण हुआ है,—वर्तमान परिस्थिति में—वह स्वीकार्य होना चाहिए।

साहित्यिक पक्ष की दृष्टि से विचार करने पर ग्रंथ का काव्यपक्ष उच्चस्तरीय नहीं कहा जा सकता। अभिव्यक्तिशिल्प और उदात्त, नव्यतासंपन्न एवं उन्मेषवती कल्पना की भूमि का दर्शन—इसमें बहुत कम मिलता है। भावमूलक मर्मस्पर्शिता की दृष्टि से भी काव्य को उत्कृष्ट कृतियों की श्रेणी में नहीं रखा जा सकता। परंतु हिंदी में भारतीय प्रेमाख्यानक के विकास की दृष्टि से इस काव्य के रचनाकाल की प्राचीनता अवश्य ही महत्व रखती है। 'वार्ता' अथवा कथा (विलास, रसिकवार्ता) आदि साहित्य के ऐतिहासिक अध्ययन की दृष्टि से इस ग्रंथ की प्राचीनता निश्चय ही संबद्ध विषय के अध्येताओं को सहायक सिद्ध होगी।

यहाँ यह भी स्मरण रखने की बात है कि हिंदी के सूफी प्रेमाख्यानकों में जिन दोहा और चौपाई छंदों की अत्यधिक प्रियता और ग्राह्यता दिखाई

देती है, उन्हीं छंदों का यहाँ भी मुख्यरूप से उपयोग हुआ है। यहाँ उनका नाम दूहा और चौपई है। कहीं कहीं सोरठा का भी प्रयोग किया गया है। कहीं कहीं सोरठा के लिये 'दुहा सोरठा' नाम भी दिया गया है। इनके अतिरिक्त 'गाथा', 'कुंडलिया' आदि छंद भी इसमें मिल जाते हैं। यह नहीं कहा जा सकता कि वे मूल लेखक के हैं या बाद मे प्रक्षिप्त।

इनके अतिरिक्त बीच बीच में श्लोक (श्लोक) भी मिलते हैं। इन श्लोकों की भाषा यद्यपि संस्कृत है तथापि संस्कृतव्याकरण की दृष्टि से उसे हम शुद्ध संस्कृत नहीं कह सकते हैं। कहीं कहीं श्लोक अवश्य ही प्रायः शुद्ध संस्कृत के जान पड़ते है। फिर भी इन श्लोकों की भाषा प्रायः मिश्रभाषा है, जैसे—

ना तृप्तिः अग्नि काष्ठानां नापगानां महोदधि।
नातंकं सर्वभूतानां न [पुसां] वामलोचनं॥
[पृ० ३० पद्य सं० २१२]

वस्तुतः ये श्लोक संस्कृतपद्यों के, संस्कृत सुभाषितों के वे रूप हैं जो असंस्कृतज्ञ अथवा अल्पसंस्कृतज्ञों के मुख से अवसर अवसर पर लोक मे उच्चरित हुआ करते थे। कवि भी शायद सस्कृतज्ञ नहीं था। इसी कारण अशुद्धरूप में उनका उद्धरण स्थान स्थान पर देता रहा है। यह भी हो सकता है परवर्ती काल के लेखों मे दिखाई पड़नेवाली संस्कृत की ये अशुद्धियाँ प्रतिलिपिकार की संस्कृतविषयक अनभिज्ञता के कारण आ गई हों।

संस्कृत के इन श्लोकों का प्रायः अर्थानुवाद स्वीकृत काव्य-भाषा मे किया गया है। वस्तुतः ऐसा लगता है उस युग की प्रेमकथाओं का जो रूप लोकप्रचलित था उनपर संस्कृतपरंपरा का काफी प्रभाव था। संस्कृत की लोकप्रिय नीतिकथा के ग्रंथों की अनुध्वनि इस 'मधुमालती वार्ता' में अतीव स्पष्ट सुनाई पड़ती है। इसमे संस्कृत की नीतिकथाएँ भी प्रासंगिक कथाओं के रूप से आई हैं और वहाँ के श्लोकों का पद्यानुवाद भी यत्रतत्र मिल जाता है। "अथ म्रिग सींघनी को प्रसंग" नामक अंतर्कथा (पृष्ठ १०) के अंतर्गत "अथ घूहड़ (उलूक) काक प्रसंग" (पृष्ठ १२) आता है जो पंचतत्र के 'काकोलूकीयतंत्र' की संक्षिप्त कथा है। इस कथाप्रसंग के पूर्व पृ० ११ मे एक श्लोक है—

परस्परं विरोधानां शत्रुमित्रं गृहेगता।
दग्धं काग उलूकानां प्रज्वलंती हुताशनम्॥ ७८॥

उसकी पादटिप्पणी में अन्य प्रति के इस श्लोकरूप का एक पाठांतर यों है—

> न विश्वासो पूर्वविरोधे शत्रुमित्रकदाचन ।
> दुखदाई गडदालक काकस्य पलयं गता ॥

इसी पृ० ११ मे पूर्वोक्त श्लोक के ऊपर की दो पंक्तियों मे आशय वर्णित है—

> पूरब विरोध जासु सुं होई । ताकी बात न माने कोई ।
> ऐसे जो रे पतीजे लोई । घूहड काग अई खो होई ॥ ७७ ॥

ये पंक्तियाँ पंचतंत्र के तृतीय तंत्रारंभ के निम्नलिखित श्लोक का अर्थानुवाद है—

> न विश्वसेत्पूर्वविरोधितस्य शत्रोश्च मित्रत्वमुपागतस्य ।
> दग्धां गुहां पश्य उलूकपूर्णां काकप्रणीतेन हुताशनेन ॥

यहाँ कहने का सार इतना ही है कि इन लोकप्रिय कथाओं और उनके नीतिवचनों का जनवर्ग मे काफी प्रचार था । 'माधुमालती कथा' के सदृश प्रेमकथाओं के लेखक—चाहे वे साधु संस्कृत के ज्ञाता रहें हों चाहे अल्प संस्कृतज्ञ—उन कथाओं और तत्संबद्ध जनप्रिय नीतिवचनों का धडल्ले के साथ प्रयोग किया करते थे । संभवतः 'चतुर्भुजदास' ने उसी प्रचलित परंपरा का अनुसरण किया है ।

इसका एक और पक्ष ध्यान में रखने योग्य है । चूँकि ये कथाएँ वस्तुतः लोककथाओं के आधार और उनकी प्रचलित पद्धति पर लिखी जाती रही हैं—इसी कारण इनकी भाषा में प्रवाह, सरलता, सहजता और गतिशीलता दिखाई पड़ती है ।

साहित्यिक आमंडनों द्वारा भाषा में अलंकरणपरक चमत्कार और वक्रोक्तिमूलक संस्कार का उत्कर्ष न रहने पर भी 'मधुमालती कथा' की भाषा मे प्रवाह और सहजता का निखार दिखाई देता है । कवि के छंदों में लोकोक्तियों और मुहावरों का निःसंकोचभाव से खूब प्रयोग देखा जा सकता है, जैसे—

> ज्यो जैसा को सँग करे त्यो तैसा फल खाय [पृ० ६ (६०)]
> गुर ती ठरे तो विष क्यूं दीजे [पृ० १४ (६६)]

फूकै तक्र दूध के दाकै [पृ० १४ (१०३)]
गीधो मरै कै वीधो करै [१६ (१३१)
होणो होए सो सिर परि होई [पृ० २२ (१५१)]
ज्युं गूंगे की गाह मन मैं रही [पृ० २४ (१६५)]
सगर सकोरा हरियर काठी ।
त्रिया की गति इरा हूँ ते काठी [पृ० २६ (१८६)]
आव बैल मोहे मार [पृ० २८ (१६६)]
वागुर चूले रस कित पइये [पृ० ३८ (२५४)]
सो तो तेरे हाथ न आवै। [पृ० ४० (२७४)]

ऐसी लोकोक्तियों और मुहावरों से यह काव्यग्रंथ आद्यत भरा पड़ा है। यहाँ केवल उदाहरण के लिये कुछ नमूने उद्धृत किए गए हैं।

इस ग्रंथ की एक और विशेषता भी ध्यान में रखनी चाहिए। 'मालती वाक्य', 'जैतमाल वाक्य', 'चकई वाक्य' के पूर्वनिर्देश द्वारा कथित, पात्रों के संवाद से काव्यरचनाशिल्प की विशेष परंपरा का संकेत मिलता है। संभवतः इस काव्य मे यह रीति लोककाव्य के शैलीगत प्रभाव से आई है। इसी प्रकार की बहुत सी वर्णनरूढ़ियाँ इसमें है।

यद्यपि इस ग्रंथ की भाषा ब्रजी है तथापि परकालवर्ती 'व्रजभाषा' का जैसा परिनिष्ठित और काव्यग्राह्य रूप विकसित हुआ उससे यह बहुत भिन्न है। इसमे 'राजस्थानी' और 'पिंगल' के रूपों की मिलावट बहुत काफी है। प्रयुक्त तद्भव शब्दों के अनेक ऐसे रूप दिखाई पड़ते हैं प्रसिद्ध ब्रजीसाहित्य में जिनका प्रयोग नहीं के बराबर कहा जा सकता है। हो सकता है, राजस्थानी में कुछ प्रयोग मिल जाते हों। 'इंड' (अंडा), चूंछिम (सूक्ष्म) आदि सैकड़ों इस प्रकार के प्रयोग यहाँ ढूँढ़ना कठिन नहीं है। बहुत से देशी या बोलचाल के रूप—जैसे 'टिटोरी (टिटिहरी पक्षी), तीस (तृष्णा), पिरोहित (पुरोहित), अंतेवर (अंतःपुर), चिन (चीन=चीन्ह=पहचान) कुमरी (कुमारी)—यहाँ अत्यधिक संख्या मे देखे जा सकते हैं। ढूँढ़ने पर बिलकुल नए या प्रायः अनुपलब्ध कुछ शब्दरूप भी यहाँ पाना कठिन नहीं है।

कहने का यहाँ इतना ही उद्देश्य है कि इसकी 'व्रजभाषा' संवत् १६०० से पूर्व की है (जैसा कि ग्रंथसंपादक ने बताया है—उससे पहले व्रजभाषा मे लिखित उपलब्ध ग्रंथों की संख्या बहुत अधिक नहीं है) और व्याकरण

तथा भाषाशास्त्र की दृष्टि से इस ग्रंथ की भाषा में अनेक अनुशीलनीय विशेषताएँ उपलब्ध होने की पर्याप्त संभावना भी है।

माधवशर्मा के संशोधित संस्करण से तत्कालीन कृष्णभक्ति के प्रभावशाली स्वरूप का और साथ ही साथ कृष्णभक्ति की दृष्टि से मथुरा, वृंदावन और वहाँ होनेवाले भजन-कीर्तन, पूजा-अर्चना एवं कृष्णलीलाओं की मधुरभक्ति का भी प्रमाण मिल जाता है।

इन सब दृष्टियों से प्रस्तुत कृति का महत्व स्पष्ट हो उठता है। आशा है, प्रस्तुत ग्रंथ के संपादन से—हिंदी के मध्यकालीन साहित्य-अनुशीलकों को प्रेरणा और नए कोण से परिशीलन करने की दिशा प्राप्त होगी। ऐतिहासिक, सामाजिक, साहित्यिक, भाषापरक और भारतीय प्रेमकथाओं की परंपरामूलक दृष्टि से ग्रंथ का अध्ययन होने पर अनेक नई बातें सामने आएँगी।

संपादक ने जिस श्रम, लगन और दीर्घकालीन अध्यवसाय के साथ ग्रंथ का संपादन किया है, उसके लिये हम उनका हार्दिक अभिनंदन करते हैं। ग्रंथ के आरंभ में 'प्राक्कथन' (पृष्ठ ६) तथा 'रचयिता और रचनाकाल' (१८ पृष्ठ)—द्वारा डा० गुप्त ने इस ग्रंथ की कुछ विशेषताओं का संकेत किया है, रचनाकार और कृति के काल का यथासंभव विचार भी किया है, संपादन की शैली एवं उसकी आधारभूत प्रतियों का वर्गीकृत परिचय दिया है, **चतुर्भुजदास** के मूल काव्यरूप और **माधवशर्मा** के संशोधित ग्रंथरूप तथा उनकी कथाओं का परिचय देते हुए—उनके संबंध में अपने विचार बताए हैं तथा मूलपाठ के निर्धारण में स्व-स्वीकृत दृष्टि का उल्लेख भी किया है। विभिन्न वर्ग की प्रतिओं के पाठांतर देकर मूल ग्रंथ का संपादन—बड़ी योग्यता के साथ किया गया है। काफी लंबे 'परिशिष्ट में अस्वीकृत छंदों का विस्तृत उल्लेख भी है। लगभग १४ पृष्ठों में विशिष्ट शब्दों के अर्थ भी दिए गए हैं। अंत में संवत् १७०७ वाले पूरे हस्तलेख को—जिसके आरंभ में ग्रंथ का नाम **मधुमालती रसविलास** है और अंत में जिसे **मधुमालती कथा** कहा गया है—पूर्णतः दे दिया गया है। इन सबसे अनुसंधानकर्ताओं के लिये ग्रंथ का संपादित रूप उपयोगी हो उठा है। आशा है, मध्यकालीन हिंदी साहित्य के अध्येताओं द्वारा इस ग्रंथ का गहराई के साथ अध्ययन होगा और इसके गुणदोषों की परीक्षा की जायगी।

अंत में पाठकों से मुद्रण और प्रूफ-संशोधन-संबंधी रह गई त्रुटियों के लिये क्षमा याचना करता हूँ। स्वयं संपादक ने भी ध्यान के साथ प्रूफ देखा तथा विभाग से भी सामान्यतः देखा गया। फिर भी बहुत सी त्रुटियाँ रह गई हैं। इसके लिये हम क्षमार्थी हैं। आशा है, पाठक, हमें क्षमा करते हुए इन्हें सुधार लेंगे।

रथयात्रा, २०२१ वि०

वाराणसी।

करुणापति त्रिपाठी,
साहित्य मंत्री,
ना० प्र० सभा, काशी।

— — —

प्राक्कथन

चतुर्भुजदास कृत 'मधुमालती' हिंदी की एक प्राचीन प्रेमकथा है जो विशुद्ध भारतीय शैली में लिखी गई है। चतुर्भुजदास नाम के एक से अधिक साहित्यकार हुए हैं, जिनमें से एक तो अष्टछाप के प्रसिद्ध भक्त थे, और 'मधुमालती' नाम की भी एक से अधिक रचनाएँ मिलती हैं, इसलिये हमारे साहित्य के इतिहास लेखकों ने इस रचना के लेखक और इसकी कथा के संबंध में प्रायः भूलें की हैं। उदाहरण के लिये हिंदी साहित्य के सबसे पुराने इतिहास लेखक गार्सां द तासी ने सं० १८९६ तथा पुनः सं० १९२७-२८ (द्वितीय संस्करण) में प्रकाशित अपने इतिहास ग्रंथ 'इस्त्वार द ला लितरात्यूर एँदूई ए एँदूस्तानी' में लिखा है कि इसके लेखक चतुर्भुजदास मिश्र हैं[1] और इसके नायक नायिका वे ही हैं जो दखिनी के प्रसिद्ध कवि नुसरती के 'गुलशन-ए-इश्क' के हैं।[2] इसी प्रकार मिश्रबंधुओं ने अपने 'मिश्रबंधुविनोद' में इसे विट्ठलनाथ जी के शिष्य चतुर्भुजदास गोरवा की रचना बताया है।[3]

किंतु वास्तविकता यह है कि यह न चतुर्भुजदास मिश्र की रचना है और न चतुर्भुजदास गोरवा की। इसके एक संशोधन-कर्त्ता माधव शर्मा ने लिखा है कि इसका लेखक कायस्थ था :

कायथ नाम चत्रभुज जाकौं। मारू देस भयौ यह ताकौं।

और जैसा हम आगे देखेंगे, इन माधव शर्मा का रचना काल सं० १६०० के आसपास है, इससे यह स्पष्ट है कि इसका लेखक कायस्थ था और चतुर्भुजदास मिश्र तथा चतुर्भुजदास गोरवा से भिन्न था।

इसी प्रकार इस ग्रंथ की कथा भी नुसरती के 'गुलशन-ए-इश्क' तथा मंझन की 'मधुमालती' की कथाओं से सर्वथा भिन्न है।

१—द्वितीय संस्करण (सं० १९२७), जिल्द १, पृ० ३८८

२—वही, (सं० १९२८), जिल्द २, पृ० ४८५

३—जिल्द १, नं० ५६

'गुलशन-ए-इश्क' से कुछ अंश अपने प्रसिद्ध 'शहपारा' में देते हुए श्री क़ादरी ने उक्त अंश की भूमिका में जो कथा दी है,[1] वह इस प्रकार है —

शाहज़ादा मनोहर शाहज़ादी चंपावती को दुश्मनों की क़ैद से छुड़ाकर उसके माँ-बाप से मिलाता है, जिससे चंपावती उससे प्रेम करने लगती है। चंपावती की माँ को मालूम होता है कि मनोहर उनके अधीन एक राजा की लड़की मधुमालती को चाहता है, इसलिये वह मधुमालती और मनोहर का मिलन कराकर मनोहर के उपकार का बदला चुकाने की सोचती है। वह इसी उद्देश्य से मधुमालती की माँ को न्योतती है और उसकी खूब खातिर करती है। जब चंपावती मधुमालती की माँ से बातें करती रहती है, उसी समय चंपावती की माँ मधुमालती को अपना बाग़ दिखाने के बहाने बाहर ले जाती है। दोनों में बातें होने लगती हैं। मधुमालती चंपावती की माँ से चंपावती के वापस मिलने का ब्यौरा पूछती है तो चंपावती की माँ कहती है कि उस (मधुमालती) के प्रेमी मनोहर ने ही चंपावती की जान बचाई। मधुमालती इस उत्तर से जब लज्जित होती है तो चंपावती की माँ उसे विश्वास दिलाती है कि वह उसका भला चाहती है और उसके प्रेम की बात प्रकट न होने देगी। इसके बाद वह उसे मनोहर की अँगूठी भी दिखाती है, जिसे देखते ही मधुमालती की विरहवेदना तीव्र हो उठती है और वह उस वेदना को जी खोल कर व्यक्त करने लगती है। [भूमिका यहीं पर समाप्त होती है और इसके अनंतर मधुमालती के विरह निवेदन का अंश 'शहपारा' में उद्धृत किया गया है।]

मंझन की 'मधुमालती' की कथा पाठकों को ज्ञात है,[2] अतः उसे यहाँ देने की आवश्यकता नहीं है। 'गुलशने इश्क' की यह कथा उसी का अनुसरण करती है। चतुर्भुजदास की 'मधुमालती' की मुख्य कथा आगे अत्यंत संक्षेप में दी गई है। नुसरती और मंझन की कथाओं से इस कथा की तुलना करने पर ज्ञात होगा कि उन दोनों के साथ इसका कोई संबंध नहीं है और यह एक सर्वथा भिन्न कथा है। पुनः, इसके साथ दर्जनों साक्षी-कथाएँ भी स्थान-स्थान पर विभिन्न कथनों को उदाहृत करने के लिये दी हुई हैं, किंतु इन

१—पृ० २१८–२२६

२—देखिए प्रस्तुत लेखक द्वारा संपादित मंझन कृत 'मधुमालती'—प्रकाशक : मित्र प्रकाशन (प्राइवेट) लि०, इलाहाबाद।

साक्षी-कथाओं में से भी कोई उक्त दोनों के ज्ञात अंशों में नहीं पाई जाती है। अतः यह प्रकट है कि प्रस्तुत कथा उक्त दोनों से एक नितांत स्वतंत्र कृति है।

गुजराती लिपि में इस कृति के दो संस्करण सन् १८७५ तथा १८७८ ई०[1] में क्रमशः अहमदाबाद तथा बंबई से प्रकाशित हुए थे किंतु तब से फिर कोई संस्करण निकला हुआ ज्ञात नहीं है। रचना हिंदी की है और ब्रजभाषा में प्रस्तुत की गई है, किंतु हिंदी में इसका कोई संस्करण अभी तक प्रकाशित नहीं हुआ है।

किसी समय यह हिंदी की एक सर्वाधिक लोकप्रिय रचना रही है, क्योंकि इसकी जितनी अधिक प्रतियाँ प्राप्त हुई हैं, तुलसीदास के 'रामचरित मानस' तथा बिहारी लाल की 'सतसई' के अतिरिक्त कदाचित् ही किसी रचना की होंगी। वे बहुधा सुंदर चित्रों से मंडित भी की गई हैं, इसलिए यह इस देश के ही नहीं विदेशों के संग्रहालयों में भी पहुँच गई है। इस प्रकार की एक चित्रित प्रति बोस्टन के म्यूजियम में है, जिसके फोटो स्टेट का उपयोग प्रस्तुत संपादन में किया गया है।

रचना में उसकी तिथि कहीं नहीं दी हुई है। अनुमान से यह काफी बाद की रचना समझी जाती रही है क्योंकि इसकी पहले प्रतियाँ विक्रमीय अठारहवीं शती के अंतिम चरण के पूर्व की नहीं थीं, किंतु छः सात वर्ष हुए, प्रस्तुत लेखक ने माधव शर्मा का किया हुआ इसका एक संशोधित रूपांतर ढूँढ़ निकाला, जिसकी रचना सं० १६०० के आस-पास हुई थी, और जिसकी एक मात्र प्रति उसे सं० १७०७ की प्राप्त हुई। यह प्रति प्रयाग के सम्मेलन संग्रहालय में है। उसमें माधव शर्मा ने कहा है कि यह रचना अकेले चतुर्भुज दास की कृति के रूप में विख्यात रही है, किंतु चतुर्भुजदास के बाद इसमें उन्होंने भी अपना कृतित्व सम्मिलित कर दिया है, जिससे रचना दोनो कवियो की सम्मिलित कृति मानी जानी चाहिए। यह सौभाग्य की बात है कि चतुर्भुज दास के पाठ की प्रतियाँ उपलब्ध हैं, इसलिए माधव शर्मा का कृतित्व निर्धारित हो जाता है। जैसा हम आगे देखेंगे, वह रेशम के वस्त्र में लगे हुए टाट के जोड़ से अधिक कुछ नहीं है, किंतु माधव शर्मा के इस संशोधित रूपांतर ने इतना प्रमाणित कर दिया कि चतुर्भुज दास की

१—कल्लू भाई करमचंद का प्रेस, अहमदाबाद, १८७५ ई० तथा सखाराम माणिक सेठ, बारकोट मारकेट, बम्बई, १८७८ ई०।

[illegible]

[illegible]

[illegible] कथा को प्रस्तुत करने का ढंग [illegible] रूप में भारतीय [illegible] शैली का ऐसा ही [illegible] जैसा प्रायः भारतीय कथा रचनाओं में मिलता है : कथा कहते कहते, उसमें वक्ता ने कहीं किसी अन्य [illegible] का उदाहरण के रूप में उल्लेख कर दिया, श्रोता ने पूछा कि वह कथा क्या थी और तब वह उदाहरण वाली 'साखी कथा' सुना दी गई। यह कथा शैली बाद में हिंदी में लुप्त हो गई, और कदाचित् इस शैली की हिंदी में सबसे अधिक संपन्न रचना यही है। इस कथा शैली का एक उपयोगी परिणाम यह है कि रचना में उस समय की कुछ अन्य कथाएँ भी मिल जाती हैं, जो अब विस्मृत-सी हो गई हैं। प्रक्षेपकारों ने तो रचना को इस दृष्टि से अधिक से अधिक संपन्न बनाने में कोई कसर नहीं उठा रखी है और उन्होंने यहाँ तक किया है कि अपने पूर्ववर्ती कवियो की कुछ पूरी की पूरी रचनाओं को उनकी भूमिकादि का अंश निकाल कर लगभग ज्यों का त्यों इसमें साखी कथाओं के रूप में जोड़ दिया है। इस प्रकार का एक उत्तम उदाहरण साधन कृत 'मैनासत' है जो च० १ प्रति में निर्धारित पाठ के छंद ४२७ के बाद दे दिया गया है और परिशिष्ट में [४२७ अ] के रूप में देखा जा सकता है। यद्यपि यह सही है कि प्रक्षेपकार ने 'मैनासत' के किसी प्रामाणिक रूप को प्राप्त करने का यत्न नहीं किया और उसे जो भी रूप राजस्थान में सुगमता से मिल सका, उसे ही उसने थोड़े से परिवर्तन-संशोधन के इसमें दे डाला, किंतु रचना का एक ऐसा रूप हमें इस प्रकार उपलब्ध हो गया जिसकी कोई स्वतंत्र प्रति अब प्राप्य नहीं है। प्रक्षेपकारों ने इसी प्रकार और भी कथाएँ इसमें यथास्थान रख दी हैं और उनका अध्य-

यन करना और उक्त कथाओं के पाठ-निर्धारण में उनकी सहायता लेना उपयोगी सिद्ध हो सकता है।

इसी प्रकार रचना एक और दृष्टि से भी उल्लेखनीय है : रचयिता ने रचना के अंत में इसे 'काम-प्रबंध-प्रकाश' कहा है। यह उस प्रकार की विशुद्ध प्रेमकथा नहीं है जैसी 'छिताई वार्ता' तथा अन्य हिंदी की अनेक सूफ़ी और असूफ़ी प्रेमकथाएँ हैं। इस परंपरा में अवश्य ही और भी रचनाएँ हिंदी में प्रस्तुत की गई होंगी, किंतु अब वे कदाचित् अप्राप्य हो गई हैं। जिस युग में यह कथा रची गई, 'काम' कोई घृणित वस्तु नहीं थी। प्रेम का वह एक अनिवार्य अंग माना जाता था, इसी कारण हिंदी की अधिकतर सूफ़ी और असूफ़ी प्रेम कथाओं में संभोग-शृंगार के चित्र काफी पूर्ण और उभड़े हुए हैं, और भक्ति साहित्य भी उससे उल्लेखनीय मात्रा में प्रभावित हुआ है। ऐसा ज्ञात होता है कि काम स्वस्थ जीवन का एक उपयोगी अंग माना जाता था, और उसकी चर्चा ज्ञान वैराग्य के क्षेत्रों को छोड़कर गर्हित तो किसी भी अंश में नहीं मानी जाती थी। इस रचना में तो कवि ने नायक को प्रद्युम्न और काम का अवतार बता कर देवांश तक कहा है।

हिंदी के भक्तियुग ने ऐसी कथाओं को किस प्रकार बदला होगा, यह हिंदी साहित्य के इतिहास की एक शोधोपयोगी समस्या है। माधव शर्मा ने इसमें जो संशोधन रचना के उत्तरार्ध को बदलकर किया है, उससे प्रकट है कि उसकी प्रेरणा उन्हें तत्कालीन कृष्ण भक्ति अन्दोलन से प्राप्त हुई होगी। चतुर्भुज दास की रचना में गंधर्व विवाह कर लेने के अनंतर नायक और नायिका से जब यह कहा जाता है कि राजा उनका वध कराना चाहता है, और उन्हें देश छोड़कर भाग जाना चाहिए, वे अपनी स्वल्प शक्ति के साथ ही राजकीय कोप का सामना करने का निश्चय करते हैं, और उनके इस साहसपूर्ण कार्य में उन्हें दैवी सहायता भी प्राप्त होती है। न केवल उन्हें शिव-दुर्गा की सुरक्षा मिल जाती है, श्री हरि भी भारंड को भेजकर उनकी सहायता करते हैं, जिसके परिणाम स्वरूप वे राजकोप को व्यर्थ करने में पूर्ण रूप से कृतकार्य होते हैं। माधव शर्मा के संशोधन के अनुसार इस सूचना को पाकर वे भाग निकलने को प्रस्तुत होते हैं और नायक भाग निकलने में सफल भी होता है, भले ही उसे नायिका को वहीं छोड़ देना पड़ता है। इसके बाद वह मधुपुरी (मथुरा) जाकर केशव देव जी की जुहार करता है और वृन्दावन में कृष्ण लीला के स्थानों में विचरण करता रहता है। इससे श्रीहरि उस पर कृपालु हो जाते हैं और उसे अपने देश को लौट जाने

के लिए प्रेरित करते हैं, जहाँ वह अनायास ही राजा के मारे जाने के बाद सिंहासन के रिक्त होने पर एक नियुक्त घड़ी पर नगर में प्रवेश करने के कारण राजा बना दिया जाता है, और अपनी परित्यक्ता प्रेयसी से मिल जाता है।

किंतु भक्ति आंदोलन इस प्रकार की रचनाओं का प्रचलन समाप्त नहीं कर सका, यह साहित्य के इतिहास की एक अन्य उल्लेखनीय घटना है: भक्ति आदोलन के सबसे अधिक विकास के काल में ही इस रचना की और आनंद कवि की कोक-मंजरी की इतनी अधिक प्रतिलिपियाँ हुईं जितनी उस युग में कम ही रचनाओं की हुई होगी। भक्ति युग में भले ही इस परंपरा की नवीन रचनाओं के लिये अनुकूल वातावरण न रहा हो किंतु इस प्रकार की रचनाओ के प्रचार में कोई कमी न आई, और असंभव नहीं कि सामंतो की विलास प्रियता के प्रभाव से भक्ति धारा शृंगार और रीति धारा में उतनी परिणत न हुई हो जितनी काम और शृंगार की इस धारा के कारण जो कि भक्ति युग में भी ग्रीष्म से क्षीण हुई सरिता के रूप प्रवाहित होती रही थी।

फलतः अनेक दृष्टियों से रचना विशिष्ट महत्व की है और आशा की जानी चाहिए कि इस विस्मृत प्राय रचना का हिंदी में अध्ययन होगा। इसका संपादन एक बहुत उलझन की वस्तु थी। बारह वर्ष पहले यह कार्य मैंने प्रारंभ किया था, किंतु यह विलंब अधिकतर उस उलझन को सुलझाने में समर्थ प्रतियो के तत्काल प्राप्त न होने के कारण हुआ।

इस कार्य में प्रतियाँ देकर जिन महानुभावों ने भी मेरी सहायता की है, उनका मैं हृदय से कृतज्ञ हूँ। देखने के लिये प्रतियाँ मुझे अनेक सज्जनों ने दीं, और इतनी बहुतायत से वे प्राप्त हुई कि उन सब का उपयोग संभव न था और न आवश्यक प्रमाणित हुआ। जिन संस्थाओं और सज्जनों से प्राप्त प्रतियों का मै इस संस्करण में उपयोग कर सका हूँ, वे हैं—डॉ० कस्तूरचंद कासलीवाल, जयपुर, भांडारकर ओरियंटल रिसर्च इंस्टीट्यूट, पूना, डॉ० रामचंद्र राय तथा मुनि कांतिसागर उदयपुर, नागरीप्रचारिणी सभा, वाराणसी, और श्री अगरचंद नाहटा, बीकानेर। उनका मैं विशेष रूप से आभारी हूँ। नागरीप्रचारिणी सभा, वाराणसी को भी मै धन्यवाद देता हूँ कि उसने हिंदी की इस अनेक दृष्टियों से अत्यंत मूल्यवान किंतु अप्रकाशित आकर रचना को प्रकाशित करने का प्रबंध किया।

प्रयाग,
२४-६-६२

माताप्रसाद गुप्त

भूमिका

रचयिता और रचना काल

चतुर्भुज दास की रचना के निर्धारित पाठ में केवल निम्नलिखित उल्लेख उसके रचयिता के विषय का आता है—

> काम पबंध पकास पुनि मधुमालती विलास।
> प्रदुमन की लीला इह कहत चत्रभुजदास ॥६४७॥

यह चत्रभुज (चतुर्भुज) दास कौन थे, यह उक्त उल्लेख से नहीं ज्ञात होता है। रचना की एक प्रति को छोड़ कर शेष में निम्नलिखित दोहा भी मिला है, जो रचयिता के जाति-कुल का उल्लेख करता है—

> कायथ नैगम कुल अहै नाथा सुत भए राम।
> तनय चतुर्भुज दास के कथा प्रकासी तांम॥ (६४६ अ)

लेखक के कायस्थ होने का समर्थन एक माधव शर्मा ने भी किया है। साथ ही उन्होंने यह भी लिखा है कि वह मारू देश का निवासी था। इन माधव ने शर्मा रचना के कृतित्व का जो उल्लेख किया है, वह दर्शनीय है वे कहते हैं—

> मधुमालती वात यह गाई। दोय जना मिलि सोय बखाई।
> येक साथ ब्राह्मन सोई। दूजौ कायथ कुल में होई।
> येक नाव माधव वह होई। मनोहर पुरि जानत सब कोई।
> कायथ नाम चत्रभुज जाकौ। मारू देसि भयौ ग्रह ताकौ।
> पहली कायथ ही ज बषानी। पाछै माधव उचरी बानी।
> कछुक यामैं चरित सुगारी। श्री ब्रिंदाबन कौ सुखकारी।
>
> माधौ तातैं गाहियौ यौ रस पूरन नोय।
> कौन कास रस स्यौं हुतौ जानत हैं सब कोय॥
> काइथ गाई जानि कै रसकनि रस की बात।
> नाम चतुर्भुज ही भयौ मारू माहिं विख्यात॥

कथा को परिवर्तित करके उसमें पूरक कृतित्व का यश अर्जित करनेवाले लेखक अनेक हुए हैं;[1] किंतु रचना का कोई प्रमुख अंश सर्वथा परिवर्तित कर और उसके स्थान पर अपने द्वारा रचित अंश को रखकर माधव की भाँति संमिलित कृतित्व का दावा करनेवाला लेखक दूसरा नहीं दिखाई पड़ता है, सो भी रेशम के वस्त्र में टाट का टुकड़ा जोड़कर इसको नया रूप देनेवाला, जैसा हमें उसके कृतित्व को देखकर ज्ञात होता है।

इस रचना में रचना तिथि नहीं दी हुई है, न माधव शर्मा ने ही अपने संशोधित रूप में कोई तिथि दी है। किंतु माधव शर्मा की एक अन्य रचना 'माधवानल कामकंदला' में जो उसी प्रति मे प्राप्त हुई है जिसमें 'मधुमालती' का उनके द्वारा संशोधित रूप मिला है, उसकी रचना तिथि इस प्रकार मिलती है—

संवत सोला मै वरसि जेसलमेर मंझारि।
फागन मासि सुहावनै करी बात बिसतारि॥

यदि माधव शर्मा का संशोधन इस कृति के आसपास का हो, तो चतुर्भुज दास की रचना अवश्य ही विक्रमीय सोलहवीं शती के मध्य की होगी। किसी अन्य साक्ष्य से कृति की रचना तिथि पर इससे अधिक निश्चयात्मक प्रकाश नहीं पड़ता है। इतनी पुरानी रचनाएँ हिंदी में कम ही मिली हैं; इसलिए रचना का महत्व प्रकट है।

प्रतियाँ

चतुर्भुजदास की रचना की प्रतियाँ बहुत बहुतायत से मिलती हैं। राजस्थान का यह अत्यधिक लोकप्रिय काव्य रहा है। वस्तुतः जितनी अधिक प्रतियाँ इस काव्य की राजस्थान और राजस्थान से बाहर जाकर अन्यत्र मिलती हैं, कदाचित् ही राजस्थान के किसी अन्य काव्य की मिलती होगी। इन सबकी एक सूची देना भी कठिन कार्य होगा। किंतु ये सब प्रतियाँ कुछ निश्चित आकार प्रकार की मिलती हैं, जिससे उन्हे मुख्यतः चार वर्गों मे रक्खा जा सकता है।

---

१ देखिए: प्रस्तुत लेखक लिखित 'प्राचीन हिंदी साहित्य मे पूरक कृतित्व' हिंदुस्तानी, जनवरी मार्च, १९४९, पृ० १–१३।

सबसे छोटे आकार प्रकार का पाठ सबसे कम प्रक्षेपयुक्त भी है। इससे इस पाठ की जितनी प्रतियाँ प्राप्त हो सकीं, उन सभी का उपयोग प्रस्तुत संपादन में किया किया गया है। शेष वर्गों की केवल एक एक प्रति का उपयोग पर्याप्त समझा गया है।

प्र० १ : यह प्रति टोलियों के मंदिर, जयपुर की है और वहाँ के डॉ० कस्तूर चंद कासलीवाल के द्वारा प्राप्त हुई थी। यह ८७५ छंदों पर समाप्त हुई है। इसकी पुष्पिका निम्नलिखित है—

इति श्री मधुमालती कथा संपूर्ण समापत। सीती फागन बूदी ७ मंगलवार संवत १८२९ का दसकत नो नंदण सेठी का वाय जीन जूहार वंच्या पोट होइ तो सूध करि लीजो।

इसका प्रतिलिपिकार यथेष्ट रूप से योग्य नहीं था, इसलिये प्रति में मात्रादि के प्रयोग में त्रुटियाँ बहुतायत से मिलती हैं।

प्र० २ : यह प्रति भाडारकर ओरियंटल रिसर्च इंस्टीट्यूट, पूना की है। यह ठीक ठीक उसी पाठ की है जिसकी प्र० १ है, अंतर यह अवश्य है कि जिन स्थलों पर प्र० १ में कोई अंश संदिग्ध होने के कारण रिक्त स्थान के साथ छोड़ दिया गया है, वह भी इसमें आ गया है। प्रतिलिपिकार इस प्रति का भी लगभग उसी योग्यता का है जिसका प्र० १ का है। प्र० १ से इसका इतना अधिक सादृश्य होने के साथ साथ इस कारण कि प्र० १ में संदिग्ध अंशो को उतारा नहीं गया है, यह प्रकट है कि प्र० १ का पाठ अपने प्रथम आदर्श के अपेक्षाकृत अधिक निकट है, इसलिये संपादन में इसका वही पाठातर दिया है जो प्र० १ से किसी उल्लेखनीय प्रकार से भिन्न है। इसकी पुष्पिका में इसके प्रतिलिपिकार का नाम पिमासागर तथा इसका लेखनकाल सं० १८०८ दिया हुआ है।

प्र० ३ : यह प्रति १९६१-६२ में उदयपुर के महाराजा भूपाल कालेज के हिंदी विभाग के प्राध्यापक डॉ० रामचंद्र राय के द्वारा वहीं के एक सज्जन से प्राप्त हुई थी। यह किन्हीं गुणसागर की लिखी हुई है। यह प्रथम वर्ग की—और इस प्रकार चतुर्भुजदास की—समस्त प्राप्त प्रतियोंमें सबसे छोटी है और केवल ७७६ छंदों पर समाप्त हुई है। इसकी पुष्पिका में लेखन काल नहीं दिया हुआ है, किंतु उसी गुटके में जिसमें यह प्रति है गुणसागर की प्रतिलिपि दी हुई 'हंसराज वच्छराज चउपई' की एक प्रति है, जिसपर सं० १८८१,

मिती भादवा बद ११ की तिथि दी हुई है। इसलिये इस प्रति की तिथि भी सं० १८६१ के लगभग मानी जा सकती है।

प्र० ४ : यह प्रति प्रसिद्ध जैन विद्वान् मुनि कांतिसागर जी से प्राप्त हुई थी। इसमें रचना ८५१ छंदों पर समाप्त हुई है। इसकी पुष्पिका निम्नलिखित है—

इति श्री मधुमालती री रसिकवार्ता दूहा चौपाई श्लोक काव्य परतावक सहित सपूर्ण। सं० १८६४ वर्षे मिति असाढ वदि ६ दिने सोमवासरे श्री बीकानेर मध्ये लिषतं पं- प्र[वर] श्री १०८ श्री गुरांजी श्री वीरभाण जी तस्य शिष्य पं० प्र[वर] श्री लाद्दामल्ल जी तस्य शिष्य पं० प्र[वर] दौलतराम शिष्य पं० अकरचंद तस्य शिष्य चि० कर्मचंद्र पठनार्थे इदं वार्ता लिपि कृता साच पव्वंता गुर्सवतिरस्तुः।

याद्दसं पुस्तके दृष्टवा ताद्दसं लिषतं मया।
यदि सुद्धमसुद्धं वा मोदोसो न दीयते॥
दूहा मधुमालती वारता लिषी चूप चित लाय।
वाचणवाला चतुर नर शुद्ध वाचें ज्यों कविराय॥ १॥
दौलतराम मुनिवर लिखी बीकानेर मझार।
संवत् अठारे चौसठै आसाढ मास उदार॥
तिथ नवमी सोमवार वलि सुभ वेला सुपकार।
वाचणहारे चतुरनर लीजो सुकवि सुधार॥

लेखक पाठकयो क्षेमं भूयात्। श्री रस्तुः कल्याणस्तु।

प्रथम वर्ग की अन्य तीन प्रतियों का पाठांतर संपादित पाठ के साथ देने के कारण इस प्रति के पाठांतर देने की आवश्यकता नहीं प्रतीत हुई, इसलिये वे नही दिये गये हैं।

द्वि० १ : यह प्रति एक प्राचीन प्रति की फोटोस्टाट प्रति है जो नागरीप्रचारिणी सभा, वाराणसी के आर्यभाषा पुस्तकालय में है और वहीं से प्राप्त हुई थी। इसमें रचना ६८५ छंदों पर समाप्त हुई है। इसकी पुष्पिका निम्नलिखित है—

मघर मास पद चतुर्थसै शुक्र सप्तमी जान।
लिख्यो ग्रंथ भगवान मुनि वासर आदित जान॥

इति श्री मधूमालती संपूर्ण। शुभमस्तु।

यह अनेक चित्रों से विभूषित है। इसकी मूल प्रति संभवतः बोस्टन के म्यूजियम में है, जिसके कुछ चित्र समय 'रूपम्' में प्रकाशित हुए थे।[1]

तृ० १ : यह प्रति मुझे श्री अगरचंद नाहटा, बीकानेरनिवासी से प्राप्त हुई थी। इसमें कुल लगभग १७०० छंद हैं और इसकी पुष्पिका है—

लषतं पंडत सोवर्जी पुत्र नीमलद लषीते।

च० १ : यह प्रति भी उपर्युक्त मुनि कांतिसागर से प्राप्त हुई थी। इसका अंतिम अंश फटा हुआ है। इसमें रचना २१०४ छंदों में समाप्त हुई है। अंतिम पत्र के क्षतविक्षत होने के कारण पुष्पिका इस प्रकार पढ़ी जाती है—

मारवाड़ मझ देस में नगर तितरी वास।
नागोर नवला सहर से सोटा मंदिर विलास ॥२१०५॥
··· तुरग है कहां लौं करूं बखान।
मोती की गिनती नहीं सो लाल पधारत पान ॥२१०६॥

···की कथा संपूरण अवतु। मंगलमस्तु। पोथी जैसी देषि वैसी लीखी मम···मगनि राम श्री गंगाराम जी कीहे वाम। मारवाड मध्ये गांव तीतरी राक रं मंधरं वारश्री सुबेदार महाराज मल्हार राव जी का कोठरी हल करन···लीपी ब्राह्मण गौड सीतला माता का पुजारी मोतीराम ने सं० १८७६ मगलवारे पूरी हुई छ॥ वांचे सुने उनो कूं आशीर्वाद तथा न्य को वाचे···

इस प्रति में भी जहाँ तहाँ चित्र दिए हुए हैं। इसका पाठ प्राप्त प्रतियों में सब से अधिक प्रक्षेपपूर्ण है, इस लिए संपादन में इसका पाठांतर नहीं दिया गया है, केवल इसके अस्वीकृत छंदों को परिशिष्ट में दिया गया है।

माधव शर्मा की कृति की एक ही प्रति प्राप्त हुई है, यह प्रयागके सम्मेलन, संग्रहालय में है। पाँच छः वर्ष पूर्व जब मैंने इसका पाठ उतारा था, इसकी कुल छंद संख्या ५६० थी और इसकी पुष्पिका निम्नलिखित था—

इति श्री मधुमालती कथा संपुरण समापतं। संवत १००७ चैत सुदि ११ लिषतं जैराम वांचै सुनै तेवे हमारो श्रीराम राम वारंवारं··

किंतु खेद की बात है कि अब प्रति के अंतिम दो पन्ने नहीं हैं।

रचना की कथा

मधुमालती की रचना की कथा इस प्रकार है : लीलावती देश में चंद्रसेन नाम का एक राजा था। तारनसाह उसका बुद्धिमान मंत्री था। राजा की चार रानियाँ थीं किंतु संतान एक ही थी और वह कुमारी मालती थी। तारनसाह का एक पुत्र था, जिसे वह 'मधु' [illegible] कहता था। बड़े होने पर 'मधु' [illegible] [illegible] पर जाने लगा, और मालती भी वहाँ आने लगी। मालती मधु को देखकर उसे चाहने लगी। मधु बहुत रूपवान था, और [illegible] पर पानी भरने के लिये आनेवाली स्त्रियाँ भी उस पर मुग्ध होने लगीं।

अब तारनसाह ने अपने पुरोहित नंद को बुलाकर 'मधु' को पढ़ने पर बिठा दिया। राजा ने भी मालती को पढ़ाने की सोची और मंत्री से सम्मति ली। उसने नंद के यहाँ उसे भी भेज कर पढ़वाने की सम्मति दी। प्रबंध यह किया गया कि परदा बाँधकर मालती उसके पीछे बैठे और जब नंद 'मधु' को पढ़ाए, परदे की आड़ से उसे भी पढ़ाए।

एक दिन गुरु जी अरण्य को गए हुए थे। मालती को अवसर मिला और उसने परदा हटाकर मधु को देखा। वह उस पर मुग्ध हो गई और उसने अपना स्नेह उस पर प्रकट किया। मधु ने संबंध के वैषम्य को बताते हुए मृग और सिंहिनी के प्रेम की कथा सुनाई, जिसमें सिंहिनी पर अनुरक्त मृग को सिंह के प्रहार से अपने प्राण गँवाने पड़े थे। इसी प्रसंग में सिंहिनी के पूछने पर मृग ने घूहड़-काग के विरोध की एक कथा सुनाई, जिसमें विरोध के कारण कागों ने धोखा देकर घूहड़ों को भस्मसात् कर दिया था। इसमें यह बताया गया है कि जिससे कभी का भी विरोध रहा हो, उसकी बातों में आने पर इसी प्रकार का दुःख उठाना पड़ता है। मालती ने उस कथा में संशोधन करते हुए बताया कि सिंहिनी का प्रेम सच्चा था और जब सिंह ने उस मृग पर प्रहार करना चाहा था, वह उछल कर उसकी सींगों पर जा पड़ी थी और अपने प्राण देकर उसने अपने अनुराग को प्रमाणित किया था; मृग को अपने प्राण इसके बाद गँवाने पड़े थे।

उत्तर में मालती ने उसे नृपति कुँवर कर्ण और पद्मावती की कथा सुनाई। नृपति कुंवर ने मन में ठान रक्खा था कि वह उसी स्त्री से प्रेम

करता जो स्वयं उससे प्रेम करने के लिये आगे बढ़ती, और अपने इस हठ की पूर्ति के लिये उसने एक एक करके साठ विवाह किए किंतु एक भी स्त्री ऐसी न निकली जो प्रथम मिलन के दिन स्वतः प्रणयानुरोध करती, इसलिये उसने उन सबको छोड़ रक्खा था। उसके रूप-गुण की प्रशंसा जब सोरठ की राजकन्या पद्मावती ने सुनी, वह उस पर अनुरक्त हो गई, और बहुत समझाने पर भी उसने अपना हठ न छोड़ा। विवाह हुआ, और प्रथम मिलन के दिन पद्मावती को भी उसी परीक्षा का सामना करना पड़ा जिसका पूर्ववर्ती साठ ने किया था। उसकी सखी चैनरेखा ने जब यह देखा, उसने छिपकर एक गुलाबभरी पिचकारी मारी, जिससे पद्मावती चौंक कर नृपति कुँवर के गले से लिपट गई। इसे उसने उसका प्रणयानुरोध समझा और तदनंतर दोनों जी भर कर मिले। मालती ने कहा कि मधु ने भी नृपति कुँवर जैसा हठ ठान रक्खा था। पुरुष को तो स्त्री के संकेत पर स्वतः आगे बढ़ना चाहिए किंतु वह उसके आग्रह पर भी उसके अनुरोध नहीं स्वीकार कर रहा था। मधु ने पुनः संबंध के वैषम्य का उल्लेख किया। मालती का आग्रह बना रहा, यह देख कर मधु ने नंद पुरोहित के यहाँ का पढ़ना छोड़ दिया।

मधु अब गुलेल लेकर विनोदार्थ रामसरोवर जाने लगा। किंतु वहाँ नगर की स्त्रियाँ पानी भरने के बहाने आने लगीं। मालती को भी उसके वहाँ जाने का समाचार मिला, और वह भी वहाँ आने लगी। उसे अब विश्वास हो गया था कि मधु को संबंध के लिये तैयार करना अकेले उसके बस की बात नहीं थी, अतः उसने अपनी एक चतुर सखी जैतमाल की सहायता इस विषय में चाही। वह मधु के पास पहुँची और मधुकर को व्यंग्य सुनाने के बहाने मधु को उसकी निष्ठुरता पर व्यंग्य करने लगी, और इसी प्रसंग में उसने उसे स्मरण कराया कि वे पूर्वभव में मधुकर और मालती थे, तथा वह स्वयं सेवती थी: मालती जब हिमपात से नष्ट होकर और तदनंतर वन में आग लगने से झुलस गई थी, मधुकर उसे छोड़कर चला गया था: सेवती की सेवा-शुश्रूषा से जब वह पुनः स्वस्थ हुई, तो मधुकर के विरह में उसने प्राण दे दिए। वे दोनों मधु और मालती के रूप में अवतरित हुए थे, और उन्हें अपने प्रेम को पुनः निभाना चाहिए था। मधु को अपने पूर्वभव का स्मरण हो आया, किंतु उसने संबंध-वैषम्य का उल्लेख करते हुए उसके अनुरोध को भी स्वीकार नहीं किया। यह देखकर उसने मालती को बुलवा

[illegible]

[illegible] करना ही था, उसने [illegible] और शंकर से प्रार्थना की। शंकर ने उसे आश्वासन दिया कि वे मधु की रक्षा करेंगे।

राजा ने पदातिकों को मधु के वध के लिए भेजा। मधु ने अपनी गुलेल से मार-मारकर उन्हें भगा दिया। दूसरी बार राजा ने एक सहस्र सवारों को भेजा। उन्होंने 'अनिदा' 'अनिदा' कहकर मधु को ललकारा। मधु ने उनकी भी वही गति कर डाली जो उसने पदातिकों की की थी। जैतमाल ने देखा कि मधु को अब और बड़ी सेना का सामना करना था, इसलिए उसने मधु-मालती से अपने भ्रमर-मालती-कुल का विस्तार करने की राय दी। यह बात मधु-मालती ने मान ली। फलतः वहाँ पर जो झाड़ियाँ थीं वे मालती की हो गईं और उनकी सुगंधि से मधुकर कुल वहाँ उमड़ पड़ा। इस बार राजा ने पाँच हजार की सेना भेजी। भ्रमर-कुल उससे ऐसा चिपक गया कि उससे भागते ही बना। अब राजा ने स्वतः युद्धक्षेत्र में जाने का निश्चय किया। उसने अपनी अश्व और गज-सेना को चमड़े से मढ़कर अपने साथ लिया। इस बार मधुकर कुछ अनिष्ट न कर पाए। मालती का धीरज जाता रहा। जैतमाल ने इस समय उसे बताया कि मधु काम एवं प्रद्युम्न का अवतार है; वह केशव

का स्मरण करे, तो वे प्रद्युम्न की रक्षा का उपाय अवश्य करेंगे। मालती ने ऐसा ही किया और केशव ने उसके रक्षार्थ दो भारंड पक्षियों को भेज दिया, जो बड़े ही विशालकाय थे। शिव-दुर्गा ने भी एक सिंह भेज दिया था। इनके सम्मिलित प्रहार से राजा की यह चर्म-सन्नाह मंडित सेना भी भाग निकली।

राजा ने अब अपने मंत्रियों को परामर्श के लिए बुलाया। उन्होंने उसे अपने प्रमुख मंत्री तारनसाह को बुलाकर इस उपद्रव को शान्त कराने के लिए राय दी। राजा ने तारनसाह को बुलाया। तारन को दुर्गा का वर प्राप्त था; उसने दुर्गा के सिंह को शान्त कर दिया और गरुड़ की दुहाई देकर भारंड पक्षियों को भी रोका। तारण की प्रार्थना सुनकर दुर्गा ने प्रकट होकर राजा को उसकी भूल बताई कि उसे मधु को बनिया मात्र नहीं समझना चाहिए था, मधु देवांश था, मनुष्य नहीं था। राजा ने अपनी भूल पर क्षमायाचना की और तदनंतर मालती तथा जैतमाल का मधु के साथ विवाह कर उसे अपना राज-पाट सौंप दिया और स्वयं वह गोकुलवास के लिए चला गया।

माधव शर्मा कृत संशोधन

मधु और मालती के विवाह तक माधव शर्मा कथा को लगभग ज्यों का त्यों रहने देते हैं, किंतु तदनंतर जब राजा अपनी रानी कनकमाल से उनके वध का निश्चय प्रकट करता है, और कनकमाल इसकी सूचना उन दोनों के पास भेज देती है, माधव शर्मा कथा का ढाँचा एकदम बदल देते हैं। उनके अनुसार कनकमाल का संदेश पाकर दोनों भाग निकलने के लिये तैयार होते हैं किन्तु जैसे ही नृपदल उन्हें मारने के लिये आ पहुँचता है, मधु तो घोड़े पर चढ़कर व्रज की दिशा में भाग निकलता है, जब कि मालती नृप-दल के द्वारा पकड़ कर राजा के पास लाई जाती है। राजा जब मधु के भाग निकलने की सूचना पाता है, वह उसके पिता तारनसाह को मारने की आज्ञा देता है। महाजन उसे समझाते हैं कि पुत्र के अपराध के लिये पिता को दंडित न करना चाहिए। इस पर राजा उसे छोड़ देता है।

रानी और राजा ने अब निश्चय करते हैं कि मालती का विवाह यथा-शीघ्र किसी से कर देना चाहिए। वे वर के विषय में मालती की भी इच्छा जानना चाहते हैं। मालती अपना निश्चय प्रकट करती है कि वह

मधु के अतिरिक्त किसी को वरण न करेगी। रानी समझाती है कि मधु वणिक है; किसी राजकुमार को उसे वरण करना चाहिए; किंतु मालती अपने निश्चय पर अटल रहती है। और लोग भी उसे समझाते हैं, किंतु कोई प्रभाव नहीं पड़ता है। जैतमाल उन्हें बताती है कि मधु और मालती गंधर्व और गंधर्वी के अवतार हैं, और मालती के निश्चय को वे अटल मानें। वे जाकर राजा से यह सब बताते हैं। यह सुनकर राजा उसे विष देने का निश्चय करता है। रानी कहती है कि कन्या को मारना अच्छा न होगा; उसे कहीं महल में छिपाकर ही रक्खा जाए।

मधु इस बीच वहाँ से चलकर कुछ दिनों में मधुपुरी आ गया। मालती के विरह से वह बहुत दुःखित था। उसने विश्रान्त घाट पर स्नान कर केशव देव को जुहार किया। होली का उत्सव वहाँ उसने देखा। साधुओं के दर्शन किए, कीर्तन सुना। तदनंतर वसंत की ऋतु आई और उसने वृंदावन को भी देखा। कृष्ण-लीला के स्थानों को देखकर वह सुखी हुआ। वह दशम स्कंध भागवत की कथा सुनता। उसमें जब उसने राधा तथा कृष्ण के प्रेम की वार्त्ता सुनी, वह मालती का स्मरण करने लगा और मालती भी एक लता के पास पहुँची। रात हो गई थी, और वह वहीं रह गया। वह उसकी डालों से अंक भर कर मिला और बहुत सुखी हुआ।

इस प्रकार जब उसे वहाँ रहते एक मास हो गए, तो उसने हरि की वाणी सुनी कि वह अपने देश को लौट जाए। फिर वह वृंदावन से अत्यंत दुःखपूर्वक चल पड़ा। गोवर्धन आया, जहाँ उसने सात रात निवास किया। तदनंतर वहाँ से उसने अपने देश की ओर प्रस्थान किया। मार्ग में जब वह एक पीपल के वृक्ष के नीचे शयन कर रहा था, गरुड़ ने अपने पुत्रों को, जो उस वृक्ष पर बसेरा लेते थे, बताया कि लीलावती देश के चंद्रसेन और कर्णनृप के बीच युद्ध हुआ, जिसमे चंद्रसेन मारा गया; उसकी तीन रानियाँ उसके शव के साथ सती हो गईं, केवल कनकमाल नहीं हुई; अब दीपावली के दिन आधी रात के व्यतीत होने पर मृत राजा के सेवक नगर के द्वारों पर बैठने को थे और जो भी सर्वप्रथम नगर मे प्रवेश करता, उसे नगर के लोग राजतिलक कर देते। यह सब जब मधुने सुना, वह दुःखित हुआ। उसे मालती की चिंता हुई कि वह जीवित थी अथवा नहीं। वह चल पड़ा और उपयुक्त समय पर लीलावती पहुँच गया। लोगों ने बिना उसको जाने हुए उसका तिलक कर दिया।

मालती ने जब मधु को देखा, उसे विश्वास हो गया कि यह उसका प्रेमी मधु ही था। जैतमाल से इसका निश्चय करने को उसने कहा। जैत उस महल में गई जहाँ मधु शयन कर रहा था। इसी समय वहाँ एक सर्प आ पहुँचा। जैत ने यंत्र के द्वारा उसे वश में करके मार डाला। प्रसुप्त मधु के मुख पर का कपड़ा हटाकर जब जैत ने उसे देखा, उसे विश्वास हो गया कि वह मधु ही था। मधु जागने पर जैत से मिला। जैत ने उससे मालती के विरह-दुःख का निवेदन किया। मधु ने भी अपनी व्रज-यात्रा का हाल सुनाया। तदनंतर जैत ने आकर मालती से बताया कि वह मधु ही था, और फिर दंपति मिले। तारनसाह को जब यह ज्ञात हुआ कि जिसको तिलक दिया गया था वह उसका पुत्र मधु था, वह भी उससे मिला। कनकमाल ने जब यह सुना, वह भी हर्षित हुई। उसने मधु और मालती का विधिवत् व्याह कराया। इसके अनंतर राजदंपति सुखपूर्वक रहने लगे।

अब मधु ने चंद्रसेन के मारनेवाले कर्ण को मारने का निश्चय किया। उसने कर्ण पर चढ़ाई कर दी और उसे परास्त करके मार डाला। कनकमाल ने जब यह सुना, उसे बड़ी प्रसन्नता हुई। उसने मधु की बहुतेरी वलैयाँ लीं।

मधु और मालती के दो पुत्र हुए: प्राणनाथ और प्राणपति। सौ वर्षों तक के उनके सुखभोग के अनंतर स्वर्ग से एक दिव्य विमान आया और वह मधु तथा मालती को स्वर्ग ले गया, जहाँ वे पहले भोग कर चुके थे।

दोनों कथाओं में एक अंतर यह है कि चतुर्भुजदास का नायक वीर और साहसी है: संकट आने पर डटकर उसका सामना करता है और उसके इस साहस के साथ उसकी विवाहिता मालती तथा उसकी सहेली जैत भी साहस दिखाती हैं; माधव शर्मा का नायक भगोड़ा है: सास का संदेश पाते ही वह भाग निकलता है, यहाँ तक कि अपनी विवाहिता पत्नी को भी छोड़कर भागने में कोई संकोच नहीं करता है। दूसरा अंतर यह है कि चतुर्भुजदास की कथा में राजा पराजित होकर अपनी कन्या का विवाह नायक के साथ कर देता है और उसे अपना राजपाट दे डालता है, जब कि माधव शर्मा की कथा में वह एक अन्य शत्रु के साथ हुए द्वंद्वयुद्ध में मारा जाता है और नायक को उसका राज्य केवल हरि-प्रेरणा से मिलता है जिसके अनंतर नायिका की माता उसका विवाह नायक के साथ कर देती

है। तीसरा अंतर यह है कि माधव की कृति में नायक अपने श्वसुर के शत्रु को युद्ध में मारकर श्वसुर के वध का प्रतिशोध लेता है। चौथा अंतर यह है कि उसमें नायक नायिका के सौ वर्षों तक राज्य कर लेने के अनंतर एक दिव्य विमान आता है जो दोनों को स्वर्ग ले जाता है। पाँचवाँ अंतर यह है कि चतुर्भुजदास का नायक काम और प्रद्युम्न का अवतार है जब कि माधव शर्मा का नायक एक गंधर्व मात्र है।

ऐसा ज्ञात होता है कि हरि-कृपा से सब कुछ संपन्न कराने की धुन में ही माधव शर्मा ने कथा में यह सब संशोधन कर डाला। चतुर्भुज दास की कथा अधिक युक्तियुक्त भी थी, अधिक पुरुषोचित तो थी ही: उसमें मधुकर मालती कुल के विस्तार द्वारा राजा की सेना को भगाने का जो प्रसंग आया है, वह उनके पूर्वभव से संबद्ध है, जिसका उल्लेख माधव शर्मा की भी कथा में नायक नायिका का गँठबंधन कराने के पूर्व जैत ने किया है। इसलिये किसी भी दृष्टि से माधव शर्मा का संशोधन कलापूर्ण नहीं कहा जा सकता है, युक्तिपूर्ण भी नहीं। इससे माधव शर्मा को लाभ इतना अवश्य हुआ कि वे मूल रचयिता के साथ रचना में भागीदार बन गए।

पाठ-संबंध और संपादन-सिद्धांत

'मधुमालती' की प्रतियों में कुछ निश्चित प्रक्षेप ऐसे हैं जो सभी प्रतियों में मिलते हैं, यथा—

निर्धारित ६२२ है :

> अकस्माच्च भवत्येव नालिकेल फलाम्बुवत् ।
> गजवेद्धगमस्येव गजभुक्त कपित्थवत् ॥

और निर्धारित ६२४ है :

> नालकेल फर नीरजह गज कथित्थ फल खाइ ।
> वह फल कत होय जल भरै वह फल कल कित जाइ ॥

ये क्रमशः मूल तथा भाषांतर के छंद हैं। रचना में जहाँ भी संस्कृत के श्लोक आए हैं, उनके भाषांतर के छंद भी आते हैं, और तुरंत बाद में आते हैं। यहाँ भी मूलतः दोनों साथ साथ आए होंगे; किंतु इस समय रचना की जितनी भी प्रतियाँ प्राप्त हैं, सबमें इनके बीच ११४ छंद अन्य हैं। (कुछ

प्रतियों में और भी अधिक हैं) जिनके न रहने से प्रसंग को कोई क्षति नहीं पहुँचती है, बल्कि जिनके रहने से ऊपर उद्धृत दोनों छंदों की संगति को व्याघात पहुँचता है। इसलिये यह भलीभाँति प्रकट है कि ये ११४ छंद बाद में रखे गए हैं और मूल रचयिता द्वारा नहीं रखे गए हैं।

इसी प्रकार निर्धारित ६२४ तथा ६२५ के बीच अड़तीस छंदों का (कुछ प्रतियों में और अधिक छंदों का) एक शीर्षक 'प्रस्ताव श्री रामचंद्र जी को' आता है। यह प्रस्ताव कथा का कोई अंश नहीं है, और किसके पूछने पर और किस उद्देश्य से लाया गया है, यह कुछ स्पष्ट नहीं है। रचना में जहाँ कहीं इस प्रकार की साक्षी कथाएँ आती हैं, उनके संबंध में पहले कोई वक्ता कहता है कि यथा अमुक प्रसंग में हुआ था; इस पर सुननेवाला व्यक्ति पूछता है कि उस प्रसंग को वह उसे सुनाए, और तब वक्ता प्रसंग को प्रस्तुत करता है। यह प्रस्ताव अथवा प्रसंग इसका स्पष्ट और एकमात्र अपवाद है। इस प्रस्ताव के रहने पर छंद ६२४ और ६२५ की संगति में व्याघात पहुँचता है और न रहने पर दोनों की पारस्परिक संगति स्पष्ट हो जाती है। ऐसी दशा में यह प्रस्ताव भी प्रक्षिप्त प्रमाणित होता है। यह प्रस्ताव रचना की समस्त प्राप्त प्रतियों में है।

इन दो प्रक्षेपों से प्रकट है कि रचना की जितनी भी प्रतियाँ इस समय प्राप्त हैं सब परस्पर संकीर्ण संबंध से संबंधित हैं। इसलिये रचना का संपादन एक बहुत ही उलझन की वस्तु बन जाती है, और इस बात की निश्चित आशंका हो जाती है कि जो अंश समस्त प्राप्त प्रतियों में समान रूप से मिलते हैं, कहीं उनमें भी कुछ प्रक्षिप्त न हों। भविष्य में यदि कोई ऐसी प्रतियाँ मिले जिसे ऊपर उल्लिखित प्रकार के प्रक्षेप न हो, तब कुछ अधिक निश्चयात्मकता के साथ रचना का पाठ निर्धारित हो सकता है।

इस प्रसंग में माधव शर्मा वाला पाठ भी विचारणीय है। उसमें निर्धारित पाठ के छंद ४८० तक का ही अंश चतुर्भुज दास की रचना के अनुसार है, शेष सर्वथा परिवर्तित है, और ऊपर उल्लिखित दोनों प्रक्षेप इसी परवर्ती अंश में आते हैं इसलिये यह निश्चयपूर्वक नहीं कहा जा सकता है कि उसमें जितना अंश चतुर्भुज दास की रचना से संकलित है, वह रचना की किसी सर्वथा स्वतंत्र शाखा के पाठ पर आधारित है। एक बात और इस संबंध में ज्ञातव्य है : माधव शर्मा ने जब निर्धारित छंद ४८० के बाद के अंश को

अपनी रुचि के अनुसार सर्वथा बदल डाला तो रचना के प्रारंभ से इस छंद तक के अंश को भी अपनी रुचि के अनुसार परिष्कृत कर सकते थे। फलतः निर्धारित ४८० छंदों के स्थान पर जो अंश उनमें केवल ३०४ छंदों में समाप्त हुआ है, उसके १७६ या अधिक छंद, जो नागपुर [illegible] वाले पाठ की प्रतियों में प्रायः समान रूप से आते हैं और माधव शर्मा के पाठ की प्रति में नहीं मिलते हैं, प्रामाणिक हैं अथवा प्रक्षिप्त, यह अनिर्णीत बना रह जाता है—अथवा कम से कम उनकी प्रामाणिकता के संबंध में कोई निर्णय माधव शर्मा के पाठ की प्रति की सहायता से नहीं किया जा सकता है। यहाँ इतना और बताया जा सकता है कि ये १७६ अथवा अधिक छंद प्रायः संगत हैं।

पुनः प्रथम वर्ग की समस्त प्रतियों में निर्धारित छंद २०६ तथा २२० के बीच के समस्त छंद छूटे हुए हैं। इन छंदों के न रहने से मधु और जैतमाल का एक उत्कृष्ट संवाद त्रुटित हो जाता है और २०६ तथा २२० की पारस्परिक संगति नहीं रह जाती है। इसी प्रकार की किन्तु कुछ छोटी भूलें और और भी हैं जो प्र० १, २, ३ तथा ४ में समान रूप से मिलती हैं। इसलिये ये चारों निश्चित रूप से परस्पर संकीर्ण संबंध से संबंधित हैं और एक संकीर्ण शाखा का ही निर्माण करती हैं।

प्रथम वर्ग से आगे बढ़ने पर ऐसे अनेक प्रक्षिप्त छंद मिलते हैं, जो प्रथम वर्ग की समस्त प्रतियों में नहीं पाए जाते हैं, फिर भी द्वि० १, तृ० १, तथा च० १ में पाए जाते हैं, इसी प्रकार द्वि० १ के अधिकतर अतिरिक्त छंद तृ० १ में और तृ० १ के अधिकतर अतिरिक्त छंद च० १ में पाए जाते हैं। ये अतिरिक्त छंद प्रक्षिप्त हैं। इन छंदों के प्रक्षिप्त होने का कारण यही नहीं है कि ये अन्य प्रतियों में नहीं मिलते हैं, वरन् यह भी है कि इनके कारण पूर्ववर्ती और परवर्ती छंदों की पारस्परिक संगति में प्रायः व्याघात पहुँचता है, और जहाँ नहीं भी पहुँचता है, इनके रहने से प्रसंग में किसी प्रकार सौंदर्य नहीं आता है। अतः इन छंदों में से उनको छोड़कर जिनके निकल जाने पर प्रसंग को स्पष्ट व्याघात पहुँचता है, शेष समस्त को प्रक्षिप्त मानना पड़ता है।

इन परिस्थितियों में कुछ परिणाम सुगमता से निकाले जा सकते हैं :

(१) द्वि० १, तृ० १, तथा च० १ मूल से उत्तरोत्तर प्रथम वर्ग की प्रतियों की अपेक्षा अधिकाधिक दूर पड़ती हैं।

(२) चारो वर्गों की प्रतियों में जहाँ तक परस्पर साम्य है, उसके संबंध में यह संभावना सबसे अधिक है कि वहाँ तक वह रचना के मूल पाठ के सबसे अधिक निकट है। किंतु इस अंश को भी आँख मूँदकर प्रामाणिक नहीं स्वीकार किया जा सकता है क्योंकि चारो वर्गों में परस्पर संकीर्ण संबंध प्रमाणित है।

(३) माधव शर्मा के पाठ के अंश जो चतुर्भुजदास वाले पाठ की प्रतियों में नहीं मिलते हैं, चतुर्भुदास के न होकर माधव शर्मा के होंगे, इसकी संभावना प्रकट है।

क्रूर कृपन कायर मत चोर । नेक न भीजो प्रेम कठोर ।
सुर की नार चंदा ले गयो । ताको कबहुं न अपजस भयो ॥
सुग्रीव की तारा सुंदरी । जो वालि निग्रहनी करी ।
तिण कछु ये नहि जान्यो दोष । राम बाण से पायो मोख ॥
तोकूं कहा लगे अपराध । करे अंगीकृत मेरो साध ।

(माधव वाक्य)

जननी ते पय प्यायो मोहि । और बात क्यूं देषूं तोहि ॥
मेरो कारज क्यों कर होई । माता मोहि हंसे सब कोई ।
काज अकाज कीन्हे करतार । तेहि न चीन्ही मूढ़ गंवार ॥
ते सुक तकि तकि मुगध न लहै । नर्क कठोर यह माधव कहै ।
अंगीकृत माधव नहिं कियो । राणी मनूं हलाहल पियो ॥
रिस करि चली नृपति सुंदरी । मानूं रूई अगन सो परी ।
वेगि चेन रति नीच गंवार । तू कहा जाने केलि बिहार ॥
जो कबहूं फिर देषूं नैना । सूलि देवाउं ता दिन ऐना ।
माधवनल व्रत राख्यो स्याम । गई रुद्रमति अपने धाम ॥
नगर लोक सब लिये बुलाय । सकल पुकारो नृप सूं जाय ।
राणी मतो कियो अति गूढ । की हम राखो की दुज मूढ ॥

जाय पुकार्यो नृप सूं लोग। बनिता पियासूं रच्यो संजोग।
रात दिवस माधव पै रहै। लाज छाड़ि सब पुरजन कहै॥
तेरो धरम राज नृप बली। ताथे कीरत बसुधा चली।
माधवनल द्रुप दीन्हीं देव। करत न बने तास को भेव॥

(राजा उवाच)

राजा कहे सुनु मेरे मीता। अब जनि करो ग्रह की चिंता।
देसहि थे द्रुज देउँ निकाल। क्यों मोही सठ पुरि की नार॥
पठये लोक सकल समझाय। माजवनल कूं लियो बुलाय।
कुसम भेंट नृप आगे धरी। केइ येक फूल निछावर करी॥
सनमुख ठाढ़ो भयो कुंवार। भूलि गयो भूपति के बहार।
गद्गद् कंठ सजल भये नैना। ताके कहत बने नहिं वैना॥

(राजा उवाच)

माधवनल निज औगुन तोही। पुरिजन आनि सुनायो मोही।
कैयक दिवस पुरी छाड़ो देस। जावो द्रो द्रुज कह्यो नरेस॥
षिन येक मीत बजावो बीन। ताथे मोहि होय उर चैन।
येतना कहि धरी बीन रसाल। सुनत राग मोह्यो महिपाल॥

नरपति तीय सुनी सबे षग मृग नगहि समान।
रचे राग मो गुन लिये सो कोउ न पावे जान॥

सुषि जन कूं सुष बढ्यो अनेक। दुषित बिनोद कियो छिन येक।
स्रवन सुनत हिरदे सुष भयो। मनमथ द्रुजहि रंग अति ठयो॥
कामनि कूं अति वल वे राग। अलि कूं वल भयो पंच वे राग।
मोहि रह्यो नृप गोविंदचंद। मोहनि राग कह्यो मकरंद॥

कहे राजा माधव सुनो कौन राग गुन तोहि।
के से विध मोहे सबे कहि सुनावो मोहि॥

करो राय सुर नर मुनि मोहूं। कहो पताल से सेष बुलाऊं।
कहो तो काम रस बिरह बुलाऊं। बाल त्रिया कूं काम जगाऊं॥
काम बिरह रस कहो मेरे मीता। सुनत राग भागे मेरी चिंता।
तेही राग मोही वर बाम। वोहि मोहि सुनावो अभिराम॥

कमल पत्र मंदिर में बिछाय । बाल त्रिया कूं लिपि बुलाय ।
कह्यो राग कछु कहत न आवे । बिरह राग काम रस गावै ॥

बिरह बिथा तन सों भई कहत न आवे सोय ।
पीउ पीउ पुकारहि झरत काम रस होय ॥

झरे काम कछु कहत न आवे । जब राये मन षोषो पाये ।
गुन अथाह बिप्र बाली बेस । जावो हो दुज कह्यो नरेस ॥
नाय सीस माधवनल चल्यो । राये नृपति राग उर सल्यो ।
प्रजा सकल कीन्ही अति द्रोह । ताते दुज सूं भयो बिछोह ॥

बिप्र सुनायो राग भयो नृपति के दाग उर ।
तब कहिये बड़े भाग जब प्रीतम फिर के मिले ॥
गुनी दरद गुन जानहीं मूढ़ न जाने कोय ।
मिलि बिछुरे की चोट येह दरस सजीवन होय ॥

तीरथ सकल किये दुजराज । कीनो सब पुरिषन को काज ।
फिरत फिरत पायो बिसराम । दच्छिण देस त्रिया अभिराम ॥
बिद्या नगर नगर कामिणी । तेहि पुर नार चित्रणी घणी ।
मोहि रहीं दुज माधो देषि । लुब्धावहिं जित्रव फल लेष ॥
घेरि रही ललिता मकरंद । ज्यों चकोर चाहे मधुचंद ।
दिवस सात दिन रह्यो बरबीर । विंध्या नगर मांझ धरि धीर ॥
औगुन प्रगट होत तहां जान्यो । चल्यो बिप्र मन संका आन्यो ।
कामापुरी नगर एक नाम । कामसैन नृप मूरति काम ॥
ताके पातर काम कुंदला । छबि की सीमा इंदु की कला ।
प्रेम भाव ते नृप की आय । कल न पड़ै छिन देषे ताहि ॥
द्वादस बरस समै सुंदरी । अबला अलोल काम रस भरी ।
पढ़ै छंद सब संगीत कला । पायो नाम काम कुंदला ॥
बाजा सकल बजावै आप । ताथें गुन न सहे प्रताप ॥
कंस बंसि तंत अरु चरम । च्यार सबद ये च्यार सुकरम ॥
आदि निषाद रिषभ गंधार । षड्ज सूधि संगीत बिचार ।
जीव पांच श्रुत्र लिये तास । गावे कि फिर उमगे गात ॥
आलत नतिन येक मूर्छना । ग्राम च्यार जाना कबि जना ॥
कला बहत्तर जाने , सोय । सो नटनी नट नायक होय ॥

काम कुंदला ये सब पढ़ी । तापें कला अंग अति वढ़ी ।
तिहां दुआदस मौज मृदंग । आवे छबिन रवाब सुरंग ॥
घटै न ताल जाइ नहिं मान । उघटै सबद करै बहु ज्ञान ।
पुष्प अंजलि भरि सुंदरि लई । जामे भाग डार गति कई ॥
जितहि दृष्टि तितही सत क भाये । जितही रास त चित समाये ।
जितही चित तित ज्ञान प्रकास । जितही ज्ञान तित नृप पे वास ॥
जितेत बड़े दुरमई अनूप । उरप तिरप रीझे गुन भूप ।
चौसठ कला अध चक्रावलि । लागे दांत जाने गति भलि ॥

सुंदरि कला निधान मूरख नृपति जान नहिं ।
देवन रीझे के दान ताथे रुचि घटि जाय मनि ॥
कामसेन नृप काम किम जानहिं इंद्र समान ।
काम कुंदला उर वसी रंभा रूप निधान ॥

जीती सभा काम कुंदला । ता समैय गयो माधवनला ।
ठाढ़ो भयो पौर मे जाय । विप्र बोलिया लियो बुलाय ॥
अरे प्रतिहार कहे दुज देव । नृप सूं जाय कहो यह भेव ।
सकल सभा नृप मूरख आद । सुंदरि तनी कला सब बाद ॥
ये तो सुनत दरबारी गयो । मध्य अषाड़ा ठाढ़ो भयो ।
सुंदर कुंवर नवल मकरंद । कंद्रप आहि किधूं आहि चंद ॥
सकल सभा सूं मूरष कह्यो । वाको भेद कौन नृप लियो ।
ठाढ़ो हतो सातई पौर । मोसूं कह्यो जाय कहि दौर ॥

रे प्रतिहार गंवार सुनि यहु कहु दुज सो जाय ।
मुगध सभा क्यूं जान भनि यूं पूंछत नृपराय ॥
उलटि गयो प्रतिहार जिहां ठाढ़ो थो सुबुध गुनि ।
कहि दुज एह विचार मुगध सभा क्योंकर भनी ॥

कहे विप्र सुनि रे प्रतिहार । मूरख तनो जो बुधि विचार ।
द्वादस बजे मृदंग की धुनि । कहहिं विचित्र आहे सबगुनि ॥
पूरब मुख मृदंग प्रवीन । दछिण दिसा कर अंगूठो हीन ।
ताथे कला जाय घटि येक । पंडित विना कूण करे बिबेक ॥
कहिये नृपति सूं जाये धीर । देवतहि सूप्यो बड़ो सरीर ।
दरबारी नृप सूं कही जाये । वोहि मृदंगी रायलियो बुलाय ॥

देख्यो दिन अंगुठो नृपराज । सब तेरो भयो पूरन काज ।
कहाँ गुनी आयो इह ठौर । देखे कवि पंडित सब ओर ॥
रीझ्यो नृपती बिसर्यो भर्यो । तुरत बुलाय बिप्र कूं लियो ।
आयो माधवनल मकरंद । ज्यों नखत्र मों दुतियो चंद ॥
उठि आदर कीन्हो नृप ईस । अरपंन्न तिह नायो सीस ।
आयो आसन दीन्हो डार । पुनि भूपति कीन्हो जुहार ॥
पंच प्रसाद रीझ नृप दियो । माधवनल आदर करि लियो ।
कामकुंदला हरषित भई । मोहन कला केलि अति ठई ॥
मेरे गुन को ग्राहक आयो । बैठो दुजमनि राजा पायो ।
अब सब कला सुफल भई मोहिं । देख्यो दुज माधवनल तोहिं ॥
पूरब जे तो नृप मैं कियो । सो तो वृथा भयो रुचि लियो ।
बिन पंडित को जानै कला । सुने बिप्र दुज माधवनला ।
गुनी देखि गुन खुले कपाट । नृत्त करन कूं लागी चाट ।
अंतरिष्य मंद्धर गति लई । उलटी भावरि सुंदरि ठई ॥
कैयक लगे दाव बहु भेद । देखत दुज कूं भयो प्रसेद ।
रोचन मांगि सखी पै लियो । बहुर त्रिया येक कौतिक कियो ॥
धर्यो नृपति आगे आगे आन । माधव बिप्र येह गत जान ।
तिर पेलत सुई चरनन लागे । ऊपर फिरे चक्र ज्यों जागे ॥
चरन अंगूठो रोचन ल्याइ । त्रिया तिलक बहु कियो बनाइ ।
नेक न कला भई कछु मंद । बढ़ी अति कला दुतियो चंद ॥
कलस ढंढ पर अद्भुत वात । नेक न नारि सकोर्यो गात ।
गुनी फुनि भई कामकुंदला । मुरछि गयो दुज माधवनला ॥

काल डस्यो जु प्रान तजे जतन की जीवती ।
गुन के डसे निदान जीवे तो फिरि नर न मर ॥
गुनी दोउ गुन थे मिले कोउ अंग नहीं हीन ।
दुज बिन सूके सुंदरी बस करि राख्यो नैन ॥

चंद नखोरग दरस जानि । कुच के आइ अग्र बैठ्यो आनि ।
डसे भमर बिन सुमरे अनंग । वृथा होय तहां बढ्यो तुरंग ॥
सोच कियो सुंदरि मन बीच । बैठो भमर जानु रसकीच ।
जो करके अलि देउं उड़ाय । माधव हसे कला सब जाय ॥

सकल अंग को अचयो पौन । छिन थके रही त्रिया धरि मौन ।
कुच के छिद्र हो काढ्यो तास । भमर उड्यो फिरि भयोविलास ॥
धिन येक नृपति बदन तन चाहि । पंच प्रसाद रीझि दिये ताहि ।
सीस चढाय लिये सुंदरी । मुख थे कीरति गुन विस्तरी ॥
दई न भूप कला पर दान । राषी रुचि ते विप्र सुजान ।
राजा कोप कियो मन बीच । विप्र न आहे होय कोई नीच ॥
पंच प्रसाद मुग्ध क्यूं लियो । कारन कौन पात्री कूं दियो ।
ब्रह्मजोनि की चिंता मोहि । नातर सुंदरी देवउं तोहि ॥

(विप्र उवाच)

ऐसे गुन पर विप्र सुजान । पंड पंडकर डारूं प्रान ।
तेरी झूठ न दई नरेस । कित्त दुष पाव[क ?]करूं प्रवेस ॥
रीझ पचावे सो नृप मूढ़ । रीझ देत सो जगत अरूढ़ ।
मृग सो दाता और न होय । डारे गुन पर प्राण विगोय ॥
लम कुसुवास मास नर लेइ । सींगी जोग नाद चित देइ ।
ब्रह्मचारि कूं तुचा अनूप । इह विधि तन बाट्यो मृगभूप ॥
गिर उपमा सुंदरी कूं दई । रंभा कला छीन सब लई ।
मोहें काइ दियो कला पर दान । मेरी जूठन दई सुजान ॥
दीन्ही सैन काम कुंदला । चल्यो बिरचि दुज माधवनला ।
सुंदरि येक संग करि दई । सो दुज कूं ले मंदिर गई ॥
जिन येक कला देषाई भूप । लइ प्रसाद गृह गई अनूप ।
माधव के देषत भयो चैन । रोम रोम के उमग्यो मैन ॥
गंगा तल कर धोये पाय । दई सुंदरि सेज बिछाय ।
केसर मृगमद और सुगंध । पूजे माधवनल मकरंद ॥
लौंग सुपारी लायची पान । बीरा करि धरी त्रिया सुजान ।
भोत भाव करि आदर कियो । पलक मांझ दुज कूं बस कियो ॥

को जाने गुन षोज ढिग मूरख मेढक बसे ।
धन अलि धन सरोज निसरी मिल गुन कू गसे ॥
तो गुन कह जाने नृपति जो न भली मति होय ।
षोटे नग के पारखी षरो न पायो सोय ॥

भूषन सकल उतारे दास । केसर तन उबटो अभिराम ।
न्हाय सीस थें ठाढ़ी भई । घन थें मानूं बिजुरी लई ॥
बिन भूषन भूषन सी लसे । दूषन थें भूषन तन कसे ।
षोडस कीना अंग सिंगार । चली नैन मद जोबन भार ॥
दरपन ले दमके दुजराज । देष्यो अपनो सकल समाज ।
अस उपज्यो जान्यो सुंदरी । तब त्रिया हँसि बीरी सुगधरी ॥
छुटे गान रहे मिलि दोय । सुन मिलाय सुष लहे न कोय ।
गाढ़े आलिंगन चुंबन हास । पाय बस कीन्हो मैन बिलास ॥
नष ते लागे दोउ कुच सीस । भाल चंद मानूं रवि ईस ।
पल सम रजनी गई बिहाय । सुरत बिब दोउ उठे जमहाय ॥
येह बिधि दिवस तीन सुष लियो । काम कुंदला दुज सूं कह्यो ।
मैं तन मन धन दीन्हो तोहि । आपहु बिप्र दया करि मोहि ॥
रह्यो कछूक दिन सेऊं पावं । प्राणनाथ करि सुमरूं नावं ।
बिरह साल उपजो मोहिं अंग । जनि दुज करो प्रीत रुचि भंग ॥

माधव कहे बिरंचि जो फिरि रचि रचना करे ।
काम कुंदला बीच और त्रिया सो उर न धरे ।
जागत सोवत सपन मों देषूं सूरत येक ।
सो लोचन लोचन नही सो लोचन बिन देष ॥

माधव कहे काम कुंदला । तो मुष हरिचंद की कला ।
मो द्रग चितवन रहे चिकोर । जो द्रग ये देषे निस भोर ॥
रह्यो न जाय नृपति के संक । नृप बिरोध बहु सुंदरि बंक ।

(कामकुंदला वाक)

आवे छाज महल केहि काज । तामे रह्यो मीत दुजराज ॥
नृप कहा करे हमारो देवे । जो राषू जो लहे न भेवे ।
चल्यो चित्त थो निधर मीता । त्रिया कूं बाढी बिरहकी चिंता ॥
दीजे उदक हमारे नाम । जनम जनम के छूटे पाव ।
चढ़ी सतषंड धरि के मन छोहा । मुष माधव माधव को मोहा ॥
जब लगि दुज देष्यो भरि नैना । तब लगि भयो त्रिया को चैना ।
मुरछि परी भू अरही न प्रान । जतन कियो सहचरी सुजान ॥
सभ्रम काम पूछा रति बाल । उमा समारी सिव ततकाल ।

अरु चित भ्रम सुरपति कूं भयो । अगिन जुवाल कुं ढुंढन गयो ॥
चंद कहे मरी निजु कला । विद्युत पात भयो महिपाल ।
की कोउ मुरछी अपछरा । की रवि किरण टूट्यो धरा ॥
की सुरपति की सुंदरि परी । की उडुगन मुरछी सहचरी ।
कांम कुंदला मुरछी ये तो । भ्रम भयो सकल लोक कूं जेतो ॥
बिरह कुठाहर हई मानु बेल । टूट परी सोभा उत मेल ।
माधव नाम सुधा रस पियो । ताथे प्रान बिधाता दियो ॥
पहर एक लो मुरछी रही । जागी पीर सखी सूं कही ।
गयो नगर से छुटि बाम । कित ढुंढुं पाउं अभिराम ॥

ठाढ़े कुंवर नरेस केतेक सूं हित कर त्रिया ।
बिप्र दलदी दीन मुष व्रत तैं ताको लियो ॥
लघु दुतिमा को चंद जाकूं नमे नरेस सबै ।
पूरन ससि गुन मंद गुनहि उदित जग पूजही ॥

तनक अगन बारे सब ढंग । तनक सिंघ जो हते मतंग ।
तनक चंद कूं नमे नरेस । तनक बुद्धि जीते कई देस ॥
तनक नगन को होत बहु मोल । धरा दीजिये तिनके तोल ।
तनक बिप्र सोही माधवनल । गुन द्रिग लघु मति निर्मल ॥
इम उपमा दुज कूं त्रिया दई । सुनत सषी सब चितभ्रम भई ।
माधव निकरि गयो बन मांह । बैठो येक तरवर की छांह ॥
धरी कंध पर बीन सुरंग । सुनत राग षग मृग भये पंग ।
घेरि रहे गज सिंघ अनेक । ठौर बैठि मिल रहे जु येक ॥
हंस येक आगे हुइ चल्यो । ताहि देष माधो दुष सल्यो ।
ते हरी कामकुंदला की चाल । अरे चोर पग राज मराल ॥
पर दुष काटण विक्रमसेन । सुन्यो दूर से पुरी उजैण ।
तासूं माधव करन पुकार । चल्यो अंग वाढ्यो दुपभार ॥
जोजन सात पुरी परमान । चहुं दिसि ताल अनूप निमान ।
सिप्रा नदी ता संग में बहिये । न्हाये चार पदारथ लहिये ॥
महल सात खंड छजे विसाल । ताको पति विक्रम महिपाल ।
चहुंदिस बने बगीचा बाग । ते मधि पतीसु गंध्रपगाराजान ॥

जानि मन धरयो रिपु ईस । महाकाल कूं नमायो सीस ।
तेहीं मदन राषि सूलपानि । तुम हो सिद्ध सुधा अतिदानि ॥
पायो रात कामकुंदला । सुमिरि विप्र सोई माधवनला ।
लिषा सिला पर दूहा दोय । वाचे दुष जाने सब कोय ॥
लिष दूहा माधवनल गयो । तेहि ठाम प्रगट महीपति भयो ।
लिष दूहा दोय माधवानले । काम कुंदला उर मों सले ॥

नाहिंन रघुपति नृपति नल जे दुष वाटें येह ।
काम कुंदला तो विना कियो काम तन षेह ॥
विरला नर गुन जानहीं विरला निरधन नेह ।
विरला रन मों जूझहीं विरला तन दुष देह ॥
विरलाः जानंति गुणान् विरलाः कुर्वन्ति निर्धने स्नेहं ।
विरलाः रणेषु धीराः परदुःखेनापि दुःखिताः विरलाः ॥

दूहा लिष माधवनल गयो । तेहि ठाम प्रगट महीपति भयो ।
नित प्रति विक्रमसेन नरेस । पूजे विधि सूं आनि महेस ॥
देषे दूहा जुगल अनूप । अति दुष जानी विक्रम भूप ।
अंन निरत वत जो निरींद । सो यो रात न आई नींद ॥
जब लग दुष ताको नहिं कटे । तब लग उर मेरो अति फटे ।
पठये ढूंढन दूत अनेक । ढूंढ्यो माधव बचो नहिं येक ॥
गली कूचा चौहटा बजार । ढूंढत थाके दूत हजार ।
पायो विप्र न वाढी चिंता । आई बिसवा बाहन चढ़ी तुरता ॥
क्यों चिंता करो नृपराज । तो कूं दुषी देषाउं आज ।
बन मों सोवत पायो सोय । लियो उठाय सुंदरी दोय ॥
मनि मानिक हरि लीन्हा मोरे । नृप लै सूली देवाउं तोरे ।
मुख मो कामकुंदला जाप । दमकत उर में काम प्रताप ॥
आनि नृपति पै ठाढो कियो । तिनकूं रात्र उदे बहु दियो ।
पूछे राव बात कहि तोहे । कंत दुष दुषी सुनावो मोहि ॥

जहां लगि महि अरु चंद रबि पवन वहे जल गंग ।
तहं लगि जीवो भूपमनि विक्रमदेव अनंग ॥

पर दुष काटण भूप छावे तोहि किरत महिं।
जीवन तोहि अनूप असो जीवन जे जीवे॥

राजा कहे विप्र सुनि वैनं। तेरे अति दुष दायेक नैण।
कौन दिसा थे आयो देव। रहो तो करूं तुहारी सेव॥
कहा की विरह उदासी भयो। दुष में मगन भयो सुष गयो।
मोसूं विप्र सुनावो वैण। ताथे तो उर उपजे चैन॥

(माधव उवाच)

कामापुरी नगरी येक नाम। कामसेन नृप मूरत काम।
ताके पातर काम कुंदला। तिन मोह्यो दुज माधवनला॥
जो वह त्रिया मिले नृप बीर। तो जिव माधव धारे धीर।
मो जीवन नृप तबही होय। काम कुंदला मिलावे सोय॥

(राजा उवाच)

दुज कन्या मेरे पुर मांझ। करूं व्याह दस होय न सांझ।
रूप नहेली षरी नवोड़ा। बड़ी चातुरी चातुर प्रौढ़ा॥

(माधव उवाच)

जेहि के हरि षायो मृग मांस। सो अब सिंह चरे क्यों घास।
जेहि अलि सेयो पंच वेराग। सो क्यों बसे आक बन बाग॥
जेहि चकोर अचयो रस चंद। सो क्यों अन रस पिवे जो मंद।
जेहि चात्रिक स्वात जल पियो। सो चात्रिक नहिं अन रस लियो॥
जेहि चाष्यो अमृत मधुराये। ताहि और रस मन न सुहाये।
काम कुंदला मिले नरेस। नहिं तो येह सीस चढे महेस॥
उद्दिम किये सकल सिध होय। उद्दिम बिना न जीवे कोय।
उद्दिम थे पाई येति ध्यान। उद्दिम सो गुर और नआन॥
तेज बिना न विराजे भूप। बुद्धि बिना दीजे दीन विरूप।
रूप विना सुंदरी विराट। वानी विना कवेसर भाट॥
दुज हठ देषि सजो दल भूप। राना राव जो सुभट अनूप।
चहुँदिस फिरी देस महं आन। करू बीर सब पेजे प्रमान॥

जेहि केहरी गजराज के हने कुंभ निज माथ।
ते परकारज सूरमा टेक बज्र की माथ॥

आपनो सुभ दग देदई आगम सुनैं न गान ।
जागे भन खिलसई सो नर देव समान ॥

साजी विक्रम सेन रामुई । पूजे सुभट बदन पर रुई ।
काहू देन नर रहे न मौन । विक्रम सुकम गैर सो कौन ॥

(छाटक)

गुंजत भौंर कमल रुचिर मति भटारो मेघा रूप अनूप ।
भूपति धन झुकार भूरी रह सोहे फेजाम पीठ ॥
विषम दाल झूलें घंटा घुंघर लाल मंडी तगर ।
हाथी सब सज लाये जड़ित नरा सब सिर पर ॥

(घोड़ा बरनन)

काले काल कुरंगा रंग रुचिर धाये तुरंगातुरा ।
छुति छत लगाये ते चपल लुवे पूरा भूधरा ॥
सजे पाषर जिनके जमावर गौड पूछा आछे बरा ।
कंडानगबूर पेसल पगानि देदि भोडेपठा सजी सेन अनूप ।
गज हय सुभटवर भूतल विक्रम भूप ऐसो कोइ न भूमपर ॥

(दोहरा)

बरनूं रजा रजपूत की रस लिये अंग अंग ।
दुरजन दल देपत गिरे दीपक माहे पतंग ॥

चहुवान वैस गोतम पंवार । गेहलौत खींची संधार जूझार ।
कछवाहे धीर तुवर प्रचंड । आब गढे गौड़ गोयल अपंड ॥
रण रीझत रीत राठोड़ महा । पती सूपवैया लड़े छत्र कि छांहे ।
परियार भार सेंगर सपूत । करचुलि हन हाड़ा अभूत ॥
मरदाने सौरी गोहल सुजान । सूने राठोड़ आडेल अमान ।
जदुवंस अंस जादव अभंग । गिरनारे कैईल सूर किसू घंट ॥
जे वारे जोधा दीसे अक्रोध । जल बढ़े जुद्ध बंछ बिरोध ।
बलिवंत संत दोले बगेल । सीसोदिया सूर बिकट चंदेल ॥
नरनाह मीत नरभो निकुंभ । बड़ गूजर ढीग रहन सूम ।
छुरि जंग रावन बैरि अंस । बहुबाने छिपागरी पयान ॥
किये पुंज दागी अमान । घेरे बुंदेले अर गहरवार ।

तजि वंक संक अरु सीकरवार। येती जात और को गने बीर ॥
भई भीर आनि दरबार भूप। अस्व चढ्यो बल विक्रम अनूप।

तिनके सिर तनु काजरे सेह न उतरे आन।
मर जात रज लाज के वजत न रहे निसान ॥
सजे सहस दस बीर जे विजई बहुजंग के।
बंधे सीलहे सरीर जातक पंच पुरी अंग के ॥

सुदिन देषि नृप कियो पयान। उड़ी हेज रज छायो भान।
धरा धसि गई आड़े सेन। नै जैं अमर उच्चरे वैन ॥
चंचल भए [सकल ?] दिक्पाल। दो गाज कि गति भई वेहाल।
भूपति मिले और करि साज। कापर कोप कियो नृपराज ॥
जोगनि भूत भयो मन छोह। जंबुक ग्रद्ध असासे लोह।
माधवनल्ल कूं लीन्हो संगा। चल्यो कूंच करि नृपति अभंग ॥
दीरघ घन से मधुर निसान। सुभट हाक को सुन नहि कान।
नदी नद मांझि उड़ी धूर। सायर लीयो चरन सुपूर ॥
दिन दस बीस मांझ वेही देसा। गयो कोप करि विकट नरेसा।
जोजन आध कामापुरी रही। विक्रम तवे बसीठ सूं कही ॥
जावो सुमति कहियो यहे बात। जो बल होय तुमारे गात।
कै सजि सैन अंत्रि करि लेहु। कै त्रिया काम कुंदला देहु ॥
गयो वसीठ काम नृप सभा। तेज पुंज दिनकर सम प्रभा।
उठि कै राव कियो सनमान। आदर कियो दिये कर पान ॥

(वसिष्ठ उवाच)

जो अपनो भलपन जानो। कामसेन [तो ?] मो मत मानो।
आयो कामकुंदला हेत। विक्रम भूपति सेन समेत ॥
दीजे काम कुंदला नार। विक्रम सूं करिके मनुहार।
करि मनुहार कुंदला देहु। जैसे तुम सूं जुरे सनेहु ॥

(राजा उवाच)

अरे बसीठ कुरस मति चले। देत न बने काम कुंदला।
हम तुम मिले जढग की अनी। लै आवो सेना आपनी ॥
बस्यो वसीठ सत वेही ठौर। विक्रम मतो प्रकास्यो और।
भांट भेष करि आपन रूप। आपुन वलि करि गयो तहां भूप ॥

भैला दगाद पैहर लिया रंगा । संदक कोउ न ताके संगा ।
औन परिच्छा देन नरेस । कामापुरी मों कियो प्रवेस ॥
देखि लियो चहूं दिस पुरी । ठैरे गज धूम बहु तुरी ।
धायो काम कुंदला गेह । पैंडी द्विज को लिये सनेह ॥
विक्रम जानि लियो दरबान । तासूं कह्यो सो भेद सुजान ।
दाता जानि काम कुंदला । हूं आयो याही मति बला ॥
जाके कह्यो त्रिया सूं ततकाल । उचित देवो धन सौज विसाल ।
तब दरबारी त्रिया सूं कह्यो । श्रवण सुनत कछु सुध न रह्यो ॥
देख्यो पर दुख काटण भूप । चत न चातुरी चाल अनूप ।
ऊंचो कर करि दई असीस । तू नर नाथ अवंती ईस ॥
नाहिन भांट के लछन येह । दुखिजन सों नित नयो सनेह ।
सो कारन आयो नृपराज । तुमकूं आपने बिरद कि लाज ॥
वीणा हाथ और झारी कसी । भांट भेष की सोभा लसी ।
बिहसि भूप तब ठाढ़ो भयो । कामकुंदला तेहि लपि लयो ॥

दिव्य दृष्टि वहि बाम की लप्यो भूप बिन काज ।
छिपे न जतन अनेक सूं भनि ढाके उदराज ॥

(राजा उवाच)

मोहि तोहि कितकी पहिचान । हूं जाचक दे सुंदरि दान ।

(कामकुंदला उवाच)

जाचक केइक किसे धनपाल । तू बिक्रम नृप दीनदयाल ॥

(राजा उवाच)

नैन सजन सुप माधव जाप । को सुंदरी तिह सहे प्रताप ।
दीननि तुच्छ तु अबला बाल । बिधु बदनी मृगनैनी रसाल ॥
माधव कौन कहा वे बाम । जाको जपे निरंतर नाम ।
रही मलिन होय सोभा डार । येहि समय सुप कीजे नार ॥

(कामकुंदला उवाच)

आयो द्विज अभिराम माधवनल निजु नाम तिह ।
ताबिन व्यापै काम जुग सम जा मनि नाम बस ॥
दुष थो निसूं धरि गयो सुख लीन्हो हरि मोहि ।
फिरि मिलाप बिधना रच्यो ताथे पठायो तोहि ॥

(राजा उवाच)

माधवनल येक बिप्र सुजान । रहतो महाकाल के थान ।
रूप अनूप गुन सील समेत । मर्‍यो बिप्र सोइ त्रिय के हेत ॥
येह सुनि मरी काम कुंदला । सुमर्‍यो बिप्र सोइ माधवनला ।
उठि भागो भूपति ततकाल । आयो जिह ठाय विप्र रसाल ॥
सुत माधव हूं जिय पे गयो । तेरो नाम लेत सुष भयो ।
लई परिष्या लघु मति करी । मरयो तोहि सुनि त्रिया सो मरी ॥
बार तीन सुमर्‍यो यूं बाम । मर्‍यो बिप्र पल मों अभिराम ।
राजा षडग कंठ पर धार्‌यो । सुंदरी मरी बिप्र मोहि मार्‌यो ॥
संकट जानि बिप्र बेताल । नृप को हाथ ग्रहो ततकाल ।
काहे मरै महीपति मूढ़ । कर संकट अपनो सब गूढ़ ॥

(राजा उवाच)

जो जीवे दुज माधवनला । अर त्रिया जीवे काम कुंदला ।
तब मेरो जीवन फल मीता । तो बिन कौन निवारय चिंता ॥
गयो पताल बीर फुनि धाम । लायो अमृत दुज के काम ।
माधव के सुख दीन्हो सोय । जेजै कार बिस्व में होय ॥
उचर्‍यो नाम काम कुंदला । जियो बिप्र सोइ माधवनला ।
दोई गये त्रिया के पास । मुष मों अमृत मेल्यो तास ॥
माधवनल करि उठी सचेत । मुये न छाड्यो दुज सूं हेत ।
प्रात भई बसीठ तहां आन । कही भूप सूं कथा बिष्यान ॥
समझै बुद्धि बिना नहिं सोय । भय बिना प्रीत न कबहूं होय ।
सुनि बसीठ के बचन उदास । जनु बन गाज्यो सावण मास ॥

कोप कियो महिपाल विक्रम विक्रम पंथ समे ।
मूछ मरोरत बाल डसत काल होय तास तन ॥

उत थे काम सेन दल मारा । इत थे भीड्यो नरेस उदारा ।
खेत जुरे दोउ बाजी लागे । दोउ दिस बाजे मारू रागे ॥
जेठे वरिक छुटे लोहे । मार मार बक्यो अति छोहे ।
कूं तादाद किति तरवारे । तीर तुबक छूटे घन सारे ॥
छूटी जबड़ जंग हथ नाल । पल मो भयो काम नृप चाल ।
पूरी बिग्रहि बिक्रम भूप । लीन्हो सब दल लूटि अनूप ॥

मंत्री कहै सुनो नृपराज । सुंदरि गिरे रही पतलाज ।
कठिन परै नृप सरबस देई । मदन भये फिर याहूं लेई ॥
कहनी लगि विप्रहु कीजिये । कौन मतो जो दुख छीजिये ।
मंत्री वचन सुनत महिपाल । मुकाय लिनी सुंदरि तत्काल ॥
गज अनेक अरु मोतिन लाल । दयानी विप्रहूं भूप रसाल ।
मिले आनि विक्रम सूं पेग । काम सेन दल सार सवेग ॥
मिले परस्पर वाढ्यो प्रेम । दोउ नृपति न छाड्यो नेम ।
काम कुंदला सौंपी आनि । माधव रसिक विप्र के प्रान ॥
दोउ मुरछ परे धरा मांहि । उठ्यो विप्र गहि सुंदरि बांह ।
काम कुंदला कहै सुबंस । तेरे गुन कित भूलूं हंस ॥
ऐसी प्रीत निबाहै और । तू दुजराज गुनी सिर मोर ।
माधव कहै प्रीत कि येता । जो जाने कर जाने प्रीता ॥
सूकी प्रीत चरी सुंदरी । पीछे सोच जिव सूरत न धरी ।
ऐसी प्रीत निबाहै सोय । ते कुल मो नर बिरला होय ॥
विक्रम प्रीत दोउ की देषि । अपनी करनी सुफल करि लेषि ।
काम सेन नृप कीन्हो सेवा । मोहि सनाथ कियो नर देवा ॥
मेरे गृह चलो नर नाथ । नृपति दीन होय जोड़े हाथ ।
काम सेन कहि विक्रम सेन । दुज हित छाड़ी पुरी उजेण ॥
मिलाई तास काम कुदला । वो समान नृप कोइ न वला ।
माधव काम कुंदला नार । मोहि देवो मांगूं मनुहार ॥
उगि रह्यो जस तेरो चंद । भेट्यो दुज सुंदरि को दंद ।
सोंपो काम सेन के हाथ । गज चढ़ाय विक्रम नरनाथ ॥
तीन दिवस रहि विक्रम भूप । जल्यो आपन गृह आय अनूप ।
जाके हेत येतो श्रम कियो । सो दुज मांग यक में लियो ॥
चल्यो कूच करि अति उदार । जाके जस को अंत न पार ।
ऐसी प्रीत करे नर कोइ । ताको सुजस चहूं जुग होइ ॥

प्रीव रीव जो कीजिये तन मन अरपे देह ।
प्रान गए भूले नहीं अंतर वोही सनेह ॥

छं० १ : [३८७ अ]

राजा योगी मित्र न मीता । नारि वेश्या धन की चिंता ।
सर्प सिंघ कीआ यारी । जेत माल तुम समझि गमारी ॥

मधु कहे सुनो जेत विप्र सर्प जैसी भई।
सत्य बचन सुणीजै यह बचन सुन जाणो सही ॥

जेवै जेत मधुकर सुणीजै। सर्प विप्र की मोहि कहीजे।
यह कथा तुम मोहि सुनावो। वाहूं चरण वैर जन लावौ ॥

(मधु वाक्य)

सुनो तेत मोहि सुनाऊं। जो बूझै तो तनक लषाऊं।
विप्र एक तीरथ कूं चाल्यौ। दया धर्म नित चितमो पाल्यौ ॥
चल्यो जाय सु बन षंढ माहिं। अति उद्यान कमारि वहू छांहि।
बनचर बाघ रोज अति तिहांइ। विप्र जात मन चिंता आइ ॥

विप्र सोच मन मां करै आरन विषम उझार।
सब पंछी भागे फिरे याकौ कौन विचार ॥

विप्र सोच मन माहिं विचारी। चिहूं दिसा वन षंढ निहारी।
विप्र देष आगे दौ लागी। या पंछी कारन वन पंछी भागी ॥

दौ लागी पंछी झले वहुतक जीव अपार।
ब्राह्मण जीव चिंता करे जीवहि दया बिचारि ॥

चिहूं तरफ जब लागी आग। विप्रचलै वन पंढ सौं भाग।
आगे सर्प बलतो बिललावै। विप्र देषि कै विनती लावै ॥

(सर्प वाक्य)

मोहि बिनति सुन विप्र सुजान। जरत अगन में मोरा प्रान।
जीव दया अब मोरी लीजै। जात प्रान अब ढीलना कीजे ॥

(विप्र वाक्य)

बोलै सर्प अब द्विज सुन तो मो किसो सनेह।
काल रूप नैना निरष कै तजै अपनि देह ॥
सुण ब्राह्मण पंनग कहै चंद सूर देऊं साप।
वचन बोल पाछै टरै दग जनम तोह राप ॥

अब तुम मेरो जीव उधारो। एह अवसर दुष मेट हमारो।
मरत जीवन [जो ?] राषो कोइ। तास समान पुन्न नहिं होइ ॥

बिप्र कहे सो कौन विध कीजै । जीवन दान सर्प को दीजै ।
बाहिर निकारि कहे हाथ पछार्यो । बहुतक कष्ट सु साप निकार्यौ ॥

बिप्र निकारि सर्प कूं धर्म दया जीय जान ।
आगे जो विग्रह भयो सुनियो सब्द दे कान ॥

बाहिर निकरि सर्प जो आयो । जाय बिप्र के उर लपटायो ।
बंच्यो जीव सुप भयो भुजंगम । ले चलो बिप्र उर अपने संगम ॥
सीतल जल अरु आछी छाही । ... ... ।
बिप्र कहै सुनो सर्प सुजाना । एह बार तुम करो बिस्रामा ॥

(सर्प वाक्य)

सुनो पन्नग एक बात ऐसी मन कुं धरे ।
में दुरवल आधीन कहा बिस्वास दे मारिये ॥
सर्प कहे पांडे सुणो सत्य जीव की बात ।
मैं मेरे मन की कहूं तो फिरि करहूं घात ॥

(विप्र वाक्य)

तुम अजान जान्यौ नहीं कोउ कर ग्रह भुयंग ।
विश्वानर अरु सर्प विहां इनको एकत अंग ॥
वाचा तुम मोकूं देई अब कहा डसत हौ मोहिं ।
तुम ग्यानी अैसे पुरुष समझि देषि मोहि सोउ ॥

(विप्र वाक्य)

में तो सूं भलपन कियो जरत उधार्यो तोहि ।
अैसी मन मां धारिये हानि धर्म की होय ॥
आसा दे के मनहरे मन दे तोरे आस ।
बिप्र कहे पन्नग सुनो सो तिनको नरक निवास ॥
बिप्र कहै पन्नग सुन लीजे । सत छोड़े केते दिन जीजै ।
अब मैं कहूं सुन लीजे कोउ । बूजे साष कहै सोउ ॥
जो कहूं कोय डसियो मोहि । एह बात मन मारे होहि ।
तीन जने जो बोलैं साषी । डसियो विप्र सर्प इम भाषी ॥

(सर्प वाक्य)

सुनो विप्र तुम सत्य कही मे मानी निरधार ।
मनुष कौं देखे नहीं प्रथम पुछ एह -कार ॥

ब्राह्मण वूछै ब्रष कूं सुनो सघन वनराय ।
धरम करत संसार में कोउ नरक में जाय ॥

(ब्रछ वाक्य)

ब्रछ कहैं ब्राह्मण सुनो सत्य कहे जो बात ।
धरम करत हम देषियो सो क्युं होत संताप ॥

(ब्राह्मण वाक्य)

पूछै ब्राह्मण ब्रछकूं केसे भयो संताप ।
निज मुष तुम अपनो कह्यौ मो सूं सबही बात ॥

(ब्रछ वाक्य)

सुनो ब्राह्मण सत्य यह बानी । अब मैं तुम सूं कहूं निदानी ।
मेरी बात चित्त धरि लीजै । ता पाछे कछु उत्तर दीजै ॥
एह बन खंड विषम उभारा । नहीं कहूं नीर नहीं कहूं झारा ।
अति व्याकुल होइ कोई आवै । मो तरे बेठ वहुत सुष पावै ॥
छाया बेठ के आचवै नीरा । सीतल गात तबहूं होत सरीरा ।
होय संतोष जब होय सांसा । मो तन देष भुलावै आसा ॥
देषे डरपात अरु पीड़ा । मन मे वहुत उडावे होड़ा ।
मेरी बात मान ले लोइ । भली करत दुप या विधि होइ ॥
सुनि के ब्राह्मण अति सोच होइ । कहे सर्प अब डसिहूं तोहि ।
कहे विप्र सुन सर्प सुजान । दोय की बात और सुन कान ॥
बिप्र सर्प दोउ वन मैं जाये । गउ एक चरित वन में गये ।

(विप्र वाक्य)

विप्र दोउ कर जोर के कहै गऊ छै बात ।
एह तुम दोऊ एक हो अबन्यासी की जात ॥

(गऊ वाक्य)

कहै गऊ द्विजराज सुनि तुम आयो किह काज ।
मनसा वाचा कर्मना सत्य कहो महाराज ॥

(विप्र वाक्य)

सुन ब्राह्मण गउ बोलै बानी । सर्प कहै सु सत्य में जानी ।
अब में क्रहूं सोइ सुनी लीजै । पाछै विचार कछु जीव मां कीजै ॥

सो गति भई सो तोहि सुनाऊं । सुनले बिनती मै तुम गाऊं ।
ब्राह्मण एक हुतो कंगाल । ब्राह्मण बहु छिन में हाल ॥
कर्म लाग में कुष्ट आए । ब्राह्मण एक हुतो तिण लछमी पाइ ।
मै चाहूं जाय सदा निरधारी । हल मे जगोता आपु हारी ॥
दूध दही पिय बहु पायो । अब तो मोहि लखपन आयो ।
अब मे गये घर कोइ मारे । जो घर आऊं तो बाहिर निकारे ॥

मेरे तन की संपदा बछरी गऊ अपार ।
ब्राह्मण के धन बहु भयो तो मोहि दीन्ही निकार ॥

अब मोहि घर सूं बाहर निकारी । केहां जाय मैं करूं पुकारी ।
दूध दही सब तूज पचायो । मोहि सरि आरन बिदायो ॥
सर्प कहेते सत्य मे मानी । करो बिप्र तुम आपनि जानी ।
धर्म कर्म की मैं ना जानूं । मैं बीती सो तोहि बपानूं ॥
मैं तुम सेती सर्प सुनायो । जो तुम कहो सोइ मन भायो ॥
एहि बिधि पूँछी देपि सब लोइ । भलपन करत बुरी हम होइ ॥

(सर्प वाक्य)

सर्प कहे पांडे सुणो गऊ बचन धर धीर ।
डिगा टकरि छांडदे मे डसिहूं तोहि सरीर ॥

(विप्र वाक्य)

बिप्र मन मां सोच बिचारी । सर्प दुष्ट मोहि निहचै मारी ।
एह बुध मोकुं कहा आई । बाल बृद्ध मैं मुंड कमाई ॥

ब्रछ गऊ दो जन भए एक कहे कोउ ओर ।
ता पीछे मोकुं डसियो हूं कहूं दोय कर जोर ॥

पांड़े सुणो ब्रछ इम भाषै । तु अपने जिव में जिव राषै ।
जासू वे तेरो पति पावै । पूछै बेग ढील जिन लावै ॥
बनचर एक रहै बन मांहिं । पन्नग पांडे तापै जाहि ।
सुनो जजमान बात एक मेरी । मो शिर बिपत बिधाता बेरी ॥

(बनचर वाक्य)

कोंन बिप्र कौन सर्प है मे चीनी नहि तोहि ।
नैना सुनि रण्यां नहीं बात न मोपै होय ॥

मैं वनचर थोरी बुद्ध मोरी । बात न मानौ एकों तेरी ।
मैं तो तोकुं झूठो जान्यौ । सर्प देव कूं सांचौ मान्यों ॥

(ब्राह्मण वाक्य)

रोवे पांड़े शिर धुने मेरो आयो काल ।
धर्म करे जो जगत मैं ताको एह हवाल ॥

ब्राह्मण चिंतै निहचै मरणा । भागो जाय कौन के चरणा ।
वनचर पंथी मेरी आसा । सो तो सब भइ घासमा फासा ॥
काल रूप तै सब कोउ डरहै । मो गरीब कूं झूठो करिहै ॥
वनचर सुनी ब्राह्मण की बानी । सांच झूठ मनमाहि पिछानी ॥

(वनचर वाक्य)

बिन देषो कोउ ब्रह्मना करे कौन बिधि नाय ।
जैसी विध तुम मे भई सो मोहि नैन दिषाय ॥

(विप्र वाक्य)

आज बातही जीव की मरन्यो बन्यो निधान ।
वनचर कहै सो कीजिये सर्प सुनों दे कान ॥

(सर्प वाक्य)

जंपे सर्प सुनो द्विज बानी । वनचर कहे सोही मन मानी ।
करो व्याल बार जनि लावौ । बनचर कौ सब द्रिष्ट देषावौ ॥
काठ लाय बन षंड कूं चिहूं दिस दियो लगाय ।
तामें मेल्यौ सर्प कूं वनचर देख्यौ आय ॥

(बनचर वाक्य)

सुन ब्राह्मन बनचर कहे देख्यौ नैन न भाय ।
जे जेह बोवे व्रछ कूं सो तेसो फल माय ॥
सर्प जर्‌यौ दुरमत भर्‌यौ विप्र के उगरे प्रान ।
अंत काल जिय धर्म की सुनो सबद दे कान ॥

(मधु वाक्य)

मधु जंपे सुनों द्विज बारी । राज काज की गत है न्यारी ।
इन सों प्रीत नहीं थिर होइ । बूझ्यौ जाय कहे जो कोइ ॥

राजा जोगी अग्नि जल बेस्या संग भुजंग।
इन सों प्रीत न कीजिये डरता रहिये अंग॥

इसके अनंतर संपादित छंद १८७ की पुनरावृत्ति है।

[१८७ आ]

नं० १ :

सुन जेत मधुकर यूं कहई। सो बात तेरी निहचै होई।
इब तेलन जो भई मुगलानी। तो कहा अलसींके काज भुलानी॥
सुन मधुकर यूं जेठ कहई। तेलन मुगलानी कैसी भई।
येह भेद मोहि के कहि सुनावो। मेरे मन को संदेह मिटावो॥

(मधु वाक्य)

आप त्रिया संतान न कोई। तेलन दूति देष के आई।
मिरजा कूं सुध जाय सुनाई। मिरजा बात तुरत मन भाई॥

(दूती वाक्य)

तेलन की वषान बहुत का करही। बहुर येक इहां सुंदरि रहई।
तुमारे घर महि जोरू नाहीं। तुम मुगलानि करो यही ठाई॥

(मुगल वाक्य)

तेलन कूं घर मेरे ल्याउ। बहुत रूपैया तुमही पाउ।
येहि बात तुम दिलमों धरो। अब तेलन की मुगलानी करो॥
दूती बात येह सुन पाई। तेलन मुगलानी करन कूं आई।
तेलन कूं बहुत समझाई। मुगल के घर तुम वेग ही जाई॥

(तेलन वाक्य)

सुन सषी ऐसी बात जनि करे। पुरुष सुम तो जीय थे मरे।
पुरुष सूं जो प्रीत घनेरी। मुगल मरो तो येही बेरी॥
अब के ऐसी बात सुनूंगी। हूं तो जाये पुरष सूं कहूंगी।
पुरुष सुने तो तोहि मोहि मारे। मुगल कूं विपता बहुत कपारे॥

(दूती वाक्य)

दूती चली मुगल पे आई। तेलन की सब बात सुनाई।
आन के झूठी बोली बानी। तुमारी सूरत देष लोभानी॥

(मुगल वाक्य)

सुनत मुगल जो बात कहाई। चलि कुटनी वाके घर जाई।
चल मुगल तेलन घर आए। तेलन आदर भाव बैठाये॥

(तेलन वाक्य)

सुनो मुगल हूं कहो सो चित दीजे। मोकूं घर मों निहचे लीजे।
येह बात को बिलम न कीजे। तेली मारता पाप न गनीजे॥
धनी धन्यारी दोऊ राजी। कहा करैगो मुल्ला काजी।
तेरे मन मों जो असि धरे। तेली कूटण मारत मरे॥
मुगल सुनत वेगि घर आयो। मुगलन येक उपाव उठायो।
मुगलन सब चाकर बुलवायो। सीष दई चहुं ओर पठायो॥
सुन वे चाकर तूफान उठावो। बहुत रुपैया दंड भरावों।
चाकरन सब भौन जो लीन्हा। तेली सिर तूफान जों दीन्हा॥
बनिया के घर अलसि लेन कूं गयो। चाकरन तूफान जों दियो।
अब तेली बनिया जो घर नाई। साह कुं तम चाकरी जाई॥
साह नन दस वीसेक दीन्हा। तेली कूं बांध कर लीन्हा।
तेली कूं बांध मुगल घर लाये। मुगलन कोरडा फुरमाये॥
द्वादस कोरडा तबही पड़ही। पड़त कोरड़ा तबही मरही।
मूये की सुध तेलन पाई। कर सजि गेम मुगल घर आई॥
तेलन तो तब भई मुगलानि। तेली कियो भूत की ठानि।
अति रसभोग मुगल सूं कियो। करता की गत को उन लियो॥

तेलन मुगल बागमो चले बाट मो बोयो खेत।
मुगल तेलन वोहि मारग आये देषो जग की देत॥

मुगल मुगलानी चलि करि जाय। अलसी खेत वा बाट मो आई।
देषि तेलन मुगल सूं कह्यो। देपो मिरजा पेत काये को बोयो॥

(मुगल वाक्य)

मैं क्या जानू खेति न जेति। तुम जानो तुमारे करम की षेती।
तुम जानो तुमारी बात। हम कहा जाने झाड़ की जात॥

(प्रेमचंद भूत वाक्य)

अब तू तेलन भई मुगलानी। तूतो अलसी के झाड भुलानी।
जिन झाड़न के हाड़ निरमाये। तिनकूं कहत हो झाड़ काये के भये॥

तेलन सुनत नित सों चौंकि रही । पिय तोको खोल्यो रे दई ।
सुनत बात मनयो हरषानी । भूली देह होग गइ पानी ॥
मुगलन देखि ता ऊपर देई । हो साहब कौन बात भई ।
मुगल मुसकानी मुष मोई । बादन फुं कोउ उहां जो होई ॥
देखि सून ले गयो उठाई । कछु के खोगा माहिं धराई ।
धर खोगा माहें जो कीना । लेकर पावक फूक जो दीना ॥
ते पुरुष त्रिया भेद न जानें । ते नर मूरष मूरख सगाने ।
त्रिया बिसवास करे संसारे । ते नर मूरष निहचें हारे ॥

दंपति विस्वासेन कर्तव्यं जे हार ने पुरुषा ।
ते कर्नं यात्रा ते जीव जुगे जुगे ॥

जे नर त्रिया बिसवास जो करहीं । ते नर निहचै हार कर मरहीं ।
येह बचन सत्त करि जानो । त्रिया बचन कोऊ मत मानो ॥
सुनो जेत मधु कहे सो सांची । तेलन मुगल की थैंसी बांचि ।
सो बात तेरी निहचे जाने । येह बचन सत्त करि माने ॥
राजा मित्र सुन्यो नहिं कोई । जेतमाल सषी मधु जोई ।
जैसी लता करेली करही । तौर तूं बहुर बकाइन चरही ॥

[४०३ अ]

च० १ :

कवित्त– गयंद हंस चढि चलेउ गयंद पर सिंघ विराजे ।
ता सिंघन पर उदधि उदधि पर गिरबर छाजे ।
गिरवर पर इक कमल कमल पर कोयल बोले ।
कोयल पर इक कीर कीर पर मृग येक ढोले ।
जिन मृगन सखी में रह्यो सो सेस नाग सिर पर रहे ।
कवि येन कहे अचरज अस्यो हंस भार इतनो सहे ॥

[४०४ अ]

द्वि० १ :

जानै परै न रोस रस चष सूधे मुष मौन ।
निस दिन अैंठे ही रहै भौहैं धौहैं कौन ॥

जोरी जुरै है चंदमुखी स्याम रेष मनौ अहि सुत सुधा पान अब जोरी हैं ।
किधौं कोकनद पर मधुकर बांधी पांत किधौ काम तान कुटिल कोरी हैं ।

चषयो चाप तरुनी के बान मैन संग संग्राम को मन ठये मारन को मोरी हैं।
रसिक बिलोको दग मायल ह्वै रह्यो मन घायल भयो है चित्त चोरी है॥

भौंह भांत की पांत रचि जोरी जात जमात।
नैन कमल मधु मन रुकै मोह मान [इ ?]क रात॥

[४०७ अ]

तृ० १ :

अब केसों श्रवन वन्यो छबि श्रैसे। मानु लघु सीप स्वात को तेसो।
तामे करन फूल छबि पाये। कुंजर करन रबिकर पाये॥

[४०८ अ]

द्वि० १ :

ठोढी चिबुक की दुति कहौं धर धरि धनुष सरोष।
बूड़ी गयो सर भीतरे रही बाहरी फोक॥

[४१० अ]

द्वि० १ :

कंचुकि लाल सुढार अति रही कुचन लपटाय।
बैर सभार्यो संभु सो दई काम दलाय॥

[४१८ अ]

द्वि० १ :

पग जावक बिछुआ अति सोहे। अंगुरी चुटकी मन मोहे।
नखन नेक सोभा कहूं कैसी। तन सुढार कीन्ही छबि तैसी॥

[४१९ अ]

च० १ :

सुंदर रूप सारि सब केतनिक कहूं बषान।
उपमा दीजे कौन की बिधना करी न आन॥
सुर नर नाग न अपछरा गंध्रब तिया न कोय।
जसि बिद्याधर कुंवरी श्रैसी रूप न होय॥

करि सिंगार सषि साथे लई। मधु सनमुष होय बंधी खरी।
कोउ कर जोरि कहत कुंवरी। मन क्रम वचन तासु चित धरी॥

म० वार्ता १० (११००-६३)

[४१८ अ]

प्र० १ :

गहणौ और सरूप सब सुंदरि सुंदर लगै ।
बहु रमणी कौ रूप गहणौं कौ गहणौ भयौ ॥

त्रिया भूषन सजै तन सो मन सूं । सो गति उलटि भई लोचन कूं ।
अंग उपाह सोलह सिणगारा । पुनि सरसे नव अभरण धारा ॥

[४२० अ]

द्वि० १, तृ० १, च० १ :

मधु भूले छबि निरषि के उत्तर येक न होय ।
जेत वचन छम उच्चरें चित दे सुनियो सोय ॥

[४२२ अ]

प्र० ४, तृ० १, च० १ :

धूप चंदन मांगे ही मिलै अरु चोली को पान ।
ऐ दोउ मांगा ना मिलै इक मोती इक मान ॥
मोती झूठो पोवबा मन मांगा इक बोल ।
ऐ दोउ बांध्या यूं रहैं बहुर न चढ़ियों मोल ॥

[४२२ आ]

तृ० १, च० १ :

भांगा पाणप जोडिए कर कंकन नेउर नाउ ।
मुगताहल नेह दंत को न लहै देह्यो प्रेम ॥

[४२४ अ]

तृ० १, च० १ :

प्रेम पलट न नेह जनि कोई जाने करे ।
हिरदे बिसरे तेह जे मिले मोती षंड जनु ॥

[४२७ अ]

तृ० १, च० १ :

जीवत सत्त न छाड़िये नारि बिरानी पेषि ।
दूत वचन दूती कह्यो पण सत मेना कौं देषि ॥

(मालती वाक्य)

मालति मनहिं विचार मधु कारन बानी कही ।
सांची बात सुनाये सो मैना सत कैसी भई ॥

(मधु वाक्य)

सुनों मालती मधु कहै ऐसी करे न कोय ।
इन जुग सत्त न छडियो सो सत मैना को जोय ॥

(मालती वाक्य)

बहुर मालती बूझे ऐसी । मेना सत कि बात कहो कैसी ।
दूत वचन दूती के कह्यो । मेना को सत कैसे रह्यो ॥

(मधु वाक्य)

सुन मालती मेना की बात । अपणो सत आपणे हाथ ।
सत मेना की तोहे सुनाऊं । थोरी सी बात बोहोत गुन गाऊं ॥

नगर वसे बरनापुरी लोरक महाजन जात ।
कहे मधु सुनो मालती सत मेना की बात ॥

नगर बसे एक बरना पुरी । लोक महाजन जात अनसुरी ।
नगर लोक बरनूं कित लइहूं । थोरी सी मेना की कहिहूं ॥
महाजन जात भला तिहां बसे । मोटा मंदिर चित यूं लसे ।
साहा लोरक महाजन नाम । मान जेसा राजा उनमान ॥
उनके ग्रह में कहूं त्रिया सोही । तास रूप बरनूं नहिं कोही ।
पृथी देषी कोउ ऐसी नाहीं । देवपुरी बोहोत ऐसी नहीं कोई ॥
त्रिया रूप अनोपम रंभा नारी । जोबन रूप काम उनहारी ।
येक समे सब महाजन मिले । सायर रतन भरन कूं चले ॥
लोरक साह त्रिया सो कही । सब महाजन परदेस कूं चलहीं ।
हम पन कहो तो चला साथे । द्रव्य घनेरो लावां हाथे ॥
सायर से हीरा झलकंता । चे मोती जाचे झलकंता ।
सबहि महाजन चले जाजे । हम पन करा मलानो आजे ॥

पर दीपा महाजन चले हम पन चालनहार ।
तुम हम कूं सिप देवो इनको कोन विचार ॥

लोरक गाये महल में आय सिंगासन ठाम ।
तिहां बैठी सिनगार कर सो मैना वाको नाम ॥

साह जी येह मंदिर सालियाह । याही नंबंध पाच डोलिये ।
भर्यो भंडार अनंत अपार । घर मैंदा हूटो सुरार ॥
करो विलास महाराज कि चिंता । इन मंदिर कूं रखो न चिंता ।
याली येम आपनहिं होई । छोटो मोटो और न कोई ॥
तासूं घर्ना येक विलंब न कीजे । मेरे वचन येह सुनि लीजे ।
बैठो मंदिर करो विलास । परदेस गया मेरा घर आस ॥
हम तुम प्रान येक हैं दोउ । तामें अंतर करत न होइ ।
तुम सूं प्रीत हमारी देहा । ऐसो नेह न बंधो केहा ॥
प्रीत पुरानि न होय अरथो तन लोरक साह ।
जिहां लग तुम घर आवसो तिहां लग मोहें उदास ॥

(लोरक वाक्य)

मेना यह मंदिर करो विलास । तिहां तुम बैठी करो दिलांस ।
मास दिवस हम आगे आवे । येह वात मन ऐसी आवे ॥

सुन मेना हम आवहीं मास येक ये वास ।
मंदिर में मौजा करो सो वांधो मोटी आस ॥

मन में चिंता और मति करो । हर को नाम हिये उच्चरो ।
येह वचन करि साह जब चल्यो । येक सहस्र महाजन मिल्यो ॥
लोरक साह जो परदेस कूं गयो । मेना मन उदास ते भयो ।
काजर रो राता जो सरीर । नैना धार न षंडे नीर ॥
गीत नाद सब ही बिसार्यो । दिन दिन जोबन देह तन जार्यो ।
पर पुरुष कोउ नैन नहिं चीन्ही । मेरो तना लोरक कूं दीन्ही ॥
मन मों अडग उन येतनी कीन्ही । येह देह लोरक कूं दीन्ही ।
मेरा है लोरक भरतारे । दूजो देषुं नहीं संसारे ॥

येह तन जारूं इमि करूं रूप रेप सब कार ।
पुरुष न देषूं नैन सूं लोरक बिन संसार ॥
नैना न देषूं नाथ लोरक बिन दूजो कोई ।
हियरा भीतर धाय झूर झूर पंजर करूं ॥

यह तन राषूं येम साधन सत्त न छंडहूं ।
नैना न देपूं कोये प्रीत पुरुष सो बांधिहूं ॥

अैसे सत सूं मेना रहाई । पर पुरुष कोउ दृष्टि न देपाई ।
इन नैना ना दीजूं कोय । येह विध सत्त हूं राषूं सोय ॥
बैठी मंदिर माहं अकेलि । साथ नहीं कोउ सखी सहेलि ।
मेना कोउ सूं बात न कही । येह विधि सत सूं बैठी रही ॥

सजि साथे पेजे नहीं कर नहिं माया मोह ।
येह विधि से बैठी रहे नैना न देपे कोय ॥

नगर को राजा बड़ो नरेस । गंगा पार पुरब के देस ।
दल पायक कित लहूं विचार । वाको जाने सब संसार ॥
उनके पांच कुवर बलवीर । करे राज गंगा के तीर ।
धरम राज ते करे सधीर । पाप कपट कबहूं न सरीर ॥
च्यार कुमर राजनीति चाले । येक कुमर पाप पग घाले ।
कान मरजादा कहूं की नाहिं । चढ़े अहेड़ेन आज्ञा देई ॥
मेना मंदिर बैठी रही । कुमर नजर तिहां देपी सही ।
रूप सरूप देषि उजियारी । काम चरित्र देपी संसारी ॥
कुमर के मन मेना जो बसी । अवर न देपूं त्रिया अैसी ।
अैसो मीत न देपूं कोई । इन त्रिया सूं मेलो होई ॥
कोई साथी ने अैसी कही । या त्रिया कोउ दृष्टि न देपी ।
याको कंथ चल्यो परदेस । सत हीये हइ धर्‌यो नरेस ॥
जो कुमर अैसी चित होइ । दूती आनि बुलावो सोइ ।
दूती येह काम चित धरही । जेसे जल मों पावक जरही ॥
तब कूमर साथी सूं कही । दूती कोण नगर मों रही ।
अैसी दूती बोहोत अपारे । रतना मालन सो नहिं संसारे ॥
सुनत कुमर नगर को दूत । कपट रूप नारद को पूत ।
रतना मालन लई हंकारि । सत से मेना देहु डोलाइ ॥
दूति वचन जो तेरो प्रऊं । तोहि मालन सिरोपाव पेहराऊं ।
मालन पान दूती को लीन्हो । कपट रूप सब आभूषन कीन्हो ॥
जोहन मोहन लीन्हो संभारी । कामन टुमन परो सिनगारी ।
जासे मोहे वेग संभारी । मेना सत हरावने धारी ॥

कपट रूप चली मालणी गइ मेना के बार।
जेहि सत रापे साइयां ताकूं कौन डोलावनहार॥
कपट रूप कुटनी चली गइ मेना के बार।
जेहि विधि रापे सत्तकूं सो कौन डोलावन हार॥
जेहि रापे करतार तेहि सिर वाल न वंकही।
जो सिर जाये तो जाये साहधन सत्त न छंडही॥

मालन जाय मंदिर मो पैठी। मेना सती सिंघासन वैठी।
चंपक फूल चवसर हारे। दीन्ही भेट अर कीनि जुहारे॥

(मेना वाक्य)

हंस कर पूछे मेना नारी। ते कहा गवन कियो पिया प्यारी।
हूं तोहे पूंछू मालन रतना। अनचिंती कित बोलै वैना॥

(दूती वाक्य)

तेरे पिता मोहि धाय जो दीन्ही। मैं बालपणे तोहि चूची दीन्ही।
हूं धाय अब तेरी मैना। पोहाप हार आइ तोहि देना॥

मेना जिय मो गहभरी भाग जरे तन मांह।
स्यास रस मो तन ऊपजे सो मेटन आवै ताहि॥
मालन बचन सुनाये मेना सांची कर गही।
सत्त छुड़ावन तेहे दूती कुटणी मालनी॥

मेना बात सांच कर मानी। मालन के बोले मेना पतियानी॥
तबही नायन बेग बुलाई। कुंकम केसर उगटणो नाई॥
अति रस कूटणी अंग न माई। अब मो पै मेना कही न जाई।
मैलो चीर तेरो दुष मेना। सीस सिंदुर काजर नहिं नैना॥

बदन जोत तेरी धौहरी क्यों डरपत हो आप।
कुंकम मांग तेरी सीहरी सिरो हे छत्र तेरो बाप॥

(मेना वाक्य)

हैईडा काटो साठ सुख रोहे नैन असेस।
अब बैनि तोहे कहा कहूं दूति लछन तेरा भेस॥

मेरो पिया है सायर पार। ले गयो सब सिनगार उतार।
काकहं मालन करूं पुकार। मोहि परिहर गयो कंथ पीहार॥

× × × ×

वैरी करे पिया सोइ कीन्हो। बारी वेस मोहि दुष दीन्हो।
काजर रोरा कोनि पसारूं। पीया कारन हूँ जो वन गारूं॥

दुप परिहे दिन जैहै मीत क वैरी होय।
वनका कहि जे दीहड़ा आस करे नहिं कोय॥
जासूं कीजे नेह तासूं अवसि निवाहिये।
तासूं किस्यों सनेह टूटे काचा सूत ज्यूं॥
तासूं किस्यो सुरंग ज्याके दिल मो ओर ही।
तिनसूं कबहुंक भंग ओछी प्रीत न कीजिये॥

दूत वचन अति गेहे भारी। कपट रूप रोहे अधिकारी।
तेरो दुष देपत मरिहूं मैना। सायर गंग वहे मोहिं नैना॥
येह रित असाढ़ पसारा। सब कोई घर है आवत वारा।
ढिग रहे सो आवन नेहारा। कबहूं कंथ तेरो देपु न बारा॥
जो घर रहे सो करे बिलास। नार न छूंडे पिउ की आस।
दुष पावे अकेली नार। जिनको कंथ नहीं घर वार॥

तेरो दुप देखत हूं मरत बोल वचन दे मोहिं।
जैसो भंवर सो मिले सो आन मिलाऊं तोहि॥
येह मन औसी चाहे सपने सत्त न चूकहूं।
जो सिर जाये तो जाये पन साचन सत्त न छूंडही॥

(मेना वाक्य)

पुरुष परायो जोय अपने चित मों क्यों धरूं।
ज्यारूं जाकी देह येह दिन औसे ही भरूं॥
पर पूरुष सो नेम औसी तो मन मों रपूं।
यो सत छाडूं केम कानी काया का रमी॥

(दूति वाक्य)

वह तो जोबन जाय मालन मेना सूं कहे।
मनुष जन्म को लाड़ कहो टेक बंध कैसे रहे॥

यह रति जोवन लाड़लो अहेला गमाये काह ।
मालन मेना सूं कहे रसियो मौजा मांड ॥

दूत वचन मालन कहाई । मेना धाये रही सुध च्याई ।
तीपे नेन सरूपे येना । बोले सत्त महासति मेना ॥

(मेना वाक्य)

लाज काज तोहि मेरी आवे । असे बोल केसे पति पावे ।
फाटे तास नार को हियो । यक कूं छोड़ दूजे कूं कियो ॥
येक येक कर जिये जे दोउ । जुग दूसरे कित माने वेहु ।
असी वोकूं कहा सुनावे । यह मेरे मन येक न भावे ॥

मेरो भवर रस मालनि रूप बूझे सब कोय ।
अतिसम पुरष कउ सो भवर कि सरभर न होय ॥

(दूति वाक्य)

नार अकेली सेज रहे सावन बरसे मेह ।
पानी होय करजो रहूं साधन चमके बीजरी ॥
सावन चमके बीज सषि हरषे लेहिं हिंडोलना ।
सब कोई षेले तीज साधन सूती पिउ विना ॥

सावन मेना आन तुलानो । घर घर सषी हिंडोरा तानो ।
कंथ सुहागन झूले वारा । गावे गीत उठे झनकारा ॥
हरी भोम कुसुंभ रितनारी । नाह सरीसी कहे षुमारी ।
येह रित तोहे रैण दुहेली । काहे झुर झुर मरत अकेली ॥

जोवन जातो जानिये गये बार पछताय ।
आन भवंर तोकूं मिले लहे न जुग को लाभ ॥
ज्यासूं कीजे नेह तासूं दोइ जुग थिर रहे ।
वासूं किस्यो सनेह टूटे काचा सूत ज्यूं ॥

(मेना वाक्य)

सुन मालन सावन तेहि भावे । जिनको पीउ परदेस थे आवे ।
भोग भुगत संगीत उतारे । मो लेषे संसार उजारे ॥

रित मानूं लोरक घर आवे। नहिं तो मेना प्रान गमावे।
सुन मालन सब आगमै हारूं। यह तन लेइ अगन मे जारू॥
तू पापनी पाप सुनावे। इन बातन केसे पति पावे।
ये तो बात तास कूं कीजे। ज्याके जिव मों मान के लीजे॥

मधुर मौज घन गरजहीं झीनी परे फुहार।
प्रेम हिंडोरा झूलहीं सो गावे मंगलचार॥

(दूती वाक्य)

सरस कसूमल पेहरना सषी कियो सिनगार।
सुष सूं गावत नीसरीं सो तीज बड़ो तेवहार॥

येह रित मेना जान न दीजे। मान न किये सरस रस पीजे।
इन रित नारी सेज सिधारे। पिया सूं प्रीत करत नहीं हारे॥

(मेना वाक्य)

सुन हो रतना मालन धाई। तेरे बात मेरे मन नहिं भाई।
सावन को रस जब ही आवे। लोरक साह परदेस थे आवे।

(दूती वाक्य)

भादव गहिर गंभीर नैना में बोरत रहे।
क्यों करि पावस तीर साधन साही बाहरी॥
बरसे मेघ घन घोर मेना इण रित येकली।
बोले चात्रिक मोर रैण पीउ बिन दोहली॥
सुख सहेज जिनकी कहें ताको कंथ घर होय।
बाहरी हूवो बालहो सो बयेबी मूरष सोय॥
भादव गहिरो धम धम रैण अंधेरी होय।
सेहेज अकेली सुंदरी येह दुख लागे मोहि॥
भादव रित सुहावणी किन सूं कीजे आल।
कंठ कोकिल बिलंभी रहे ज्यूं गल मोती माल॥

भादो मेना मेह झंकोरे। मोर कोयल करे चिकोरे।
दादुर पपैया कंहुकत मोरा। सूनी सेहेज हिया फूटो तोरा॥

रैण अंधेरी बीज चमके है ये समरिये पीउ ।
रस चाले न जुग रीत को क्यूं तरसावे जीउ ॥

सरदा सुता भावे चादर भागो । गेह फूटे हिया पुरष अभागो ।
सषी सहूं मन अैसी आवे । आनों ओर परायो लावे ॥
अंध कूप निस रैण दुहेली । क्यूं झुर मरत सेहेज अकेली ।
यह जोबन अकाज के गमावे । गये बाहर पाछे पछतावै ॥

येह जोवन अहेला गयो सरस न उपजे तोहिं ।
अब भुरंस तोहि मिलावहुं सो बोल वचन दे मोहिं ॥
जरके जोबन जायसे सो पिउ बिना ये मन होय ।
येह जोवन यूं जायसे फिरि बात न बूझे कोय ॥
येह व्रत अकाज तास बिसासे ना रहिय ।
फूल फूल और स्वाद प्रीत रीत किन देषही ॥

सुन भादौ सब उठे सहाई । अब हूं ओर वे सुध पाऊ ।
तो काहा कुवा मारे त षाई । अर तिन सूं बोल सुनावो जाई ॥
जो मरिये तो हाथ न आवे । तहां लग कोऊ अपढ़ कहावे ।
डेहेकी जाय फुनि बिध थाथी । तिन जोबन पर कोन परतीति ॥
सुष तो वहे जनम को आपु । ताकू कोन कहे के पापु ।
तेरो जोबन दिरग जुवानी । कुच उचके काचू थिरकानी ॥

(मेना वाक्य)

काजर केसी कोठरी धाय पाप जस लेह ।
दरसन लोरक साह को उत्तर आवही देह ॥
सरद ससी निवान सरहे धन विरहे कामनी ।
ज्यूं दुरजन को बान मदन सीर चूके नहीं ॥

(दूती वाक्य)

सुन मेना यो चल्यो कुवारा । सरद जान अैसो संसारा ।
बाजे संष किनि गत होई । पीउ भोग दिन रहे नहिं कोई ॥

नैना दोय भरी तोहे देषूं। दुष तेरो अति चिंता पेषुं।
सब कोई बोले प्रेम समारे। तेरो पीड न देषुं बारा॥
सारा धन जोवन होत न षायो। गये वार पाछे पछतायो।
इन रित तुरनि नार अकेलि। सुन हो वात मैं कहूं सहेलि॥

सुरत कही तोहि ऊपरे ते मोहि करी निदान।
जह लगि जोवन बिहरसि सो कह्यो हमारो मान॥

(मेना वाक्य)

प्रेम पियारा सोय जिन चोहोरी मो कर गह्यो।
अवर न दूजो कोय मालन सूं मेना कह्यो॥

सुन हो पाय सरद रित आई। तेरी बात मोहिं नहि भाई।
कुआर मास कैसे अनुसारे। मो लेषे संसार उजारे॥
भोग भुगत तो तास रित मानूं। जेह मालन अपनो करि जानूं।
कलंक फुन जे आप लगावे। लोरक कहं मुप कहा दिषावे॥
करवत चंद्र सीस जो लोरा। तोरी अंग डग नहीं मोरा।
कै या देह सराक भर डारूं। कै या देह अगन मों जारूं॥

जोवन लोरक साह विन ज्यार करूं तन छार।
प्रीत जाये इन बात सूं होय सरग सुषकार॥
कह्यो हमारो कंथ मालन बोले पावनी।
कोई कहो निचिंत मनछा राषो आपणी॥
जारयूं किस्यो सनेह पीड विना प्रेम न लहै।
येह पर जारूं देह मालन सूं मेना कह्यो॥

(दूती वाक्य)

दीजे हाथ उठाय ष्याजे पीजे विलसिये।
गई जे मूढ़ चढ़ाय साहधन कृपण संग चमुई॥

जोवन भोगत सब संसारू। प्रीतम पेल वहुत विचारू।
कासे कर लज्जा मोहि रहिये। प्रेम प्रीत मेना यूं कहिसे॥

यह जोवन तन धूर पिय विन प्रेमल कसो।
ज्यूं नदी भरपूर प्रीतम मेरे मन वसे॥

रेण अंधेरी बीज चमके है ये समरिंगे पीउ ।
रस चाखे न जुग रीत को क्यूं तरसावे जीउ ॥

सरदा सुता भावे बादर भागो । येह फूटे हिया पुरष अभागो ।
सपी सहूं मन असी आवे । आनों और परायो लावे ॥
अंध कूप निस रेण दुहेली । क्यूं भुर मरत सेहेज अकेली ।
यह जोबन अकाज के गमावे । गये बाहर पाछे पछतावे ॥

येह जोबन अहेला गयो मरस न उपजे तोहिं ।
अब भुरंम तोहि मिलावहु सो बोल बचन दे मोहिं ॥
जरके जोबन जायसे सो पिउ विना ये मन होय ।
येह जोबन यूं जायसे फिरि बात न बूझे कोय ॥
येह व्रत अकाज तास बिसासे ना रहिय ।
फूल फूल और स्वाद प्रीत रीत किन देपही ॥

सुन भादों सब उठे सहाई । अब हूं और वे सुध पाऊ ।
तो काहा कुवा मारे त पाई । अर तिन सूं बोल सुनावो जाई ॥
जो मरिये तो हाथ न आवे । तहां लग कोऊ अपढ़ कहावे ।
डेहेकी जाय फुनि विध थाथी । तिन जोवन पर कोन परतीति ॥
सुष तो वहे जनम को आपु । ताकूं कोन कहे के पापु ।
तेरो जोबन दिरग जुवानी । कुच उचके काचू थिरकानी ॥

(मेना वाक्य)

काजर केसी कोठरी धाय पाप जस लेह ।
दरसन लोरक साह को उत्तर आवही देह ॥
सरद ससी निवान सरहे धन विरहे कामनी ।
ज्यूं दुरजन को बान मदन सीर चूके नहीं ॥

(दूती वाक्य)

सुन मेना यो चल्यो कुवारा । सरद जान असो संसारा ।
बाजे संष किनि गत होई । पीउ भोग दिन रहे नहिं कोई ॥

नैना दोय भरी तोहे देपूं । दुष तेरो अति चिंता पेपुं ।
सब कोई बोले प्रेम समारे । तेरो पीउ न देपुं बारा ॥
सारा धन जोवन होत न षायो । गये बार पाछे पछतायो ।
इन रित तुरनि नार अकेलि । सुन हो बात मैं कहूं सहेलि ॥

सुरत कही तोहि ऊपरे ते मोहि करी निदान ।
जह लगि जोवन विहरसि सो कह्यो हमारो मान ॥

(मेना वाक्य)

प्रेम पियारा सोय जिन चोहोरी मो कर गह्यो ।
अवर न दूजो कोय मालन सूं मेना कह्यो ॥

सुन हो पाय सरद रित आई । तेरी वात मोहिं नहिं भाई ।
कुआर मास कैसे अलुसारे । मो लेषे संसार उजारे ॥
भोग भुगत तो तास रित मानूं । जेह मालन अपनो करि जानूं ।
कलंक फुन जे आप लगावे । लोरक कहं मुप कहा दिपावे ॥
करवत चंद्र सीस जो लोरा । तोरी अंग डग नहीं मोरा ।
कै या देह सराक भर डारूं । कै या देह अगन मों जारूं ॥

जोवन लोरक साह बिन ज्यार करूं तन छार ।
प्रीत जाये इन बात सूं होय सरग सुषकार ॥
कह्यो हमारो कंथ मालन बोले पावनी ।
कोई कहो निचिंत मनछा राषो आपणी ॥
जाण्यूं किस्यो सनेह पीउ विना प्रेम न लहै ।
येह पर जारूं देह मालन सूं मेना कह्यो ॥

(दूती वाक्य)

दीजे हाथ उठाय घ्याजे पीजे विलसिये ।
गई जे मूढ़ चढाय साहधन कृपण संग चमुई ॥

जोवन भोगत सब संसारू । प्रीतम पेल वहुत विचारू ।
कासे कर लज्जा मोहि रहिये । प्रेम प्रीत मेना यूं कहिसे ॥

यह जोवन तन धूर पिय विन प्रेमल कसो ।
ज्यूं नदी भरपूर प्रीतम मेरे मन वसे ॥

भंवरा रस गुंजत रहै धूप आरती होय।
सरद निसा सुख लेन कूं सो आस करे सब कोय॥

कुआर मास बरनी सुख पाई। गयो बरसात सरद रित आई।
घर घर गावत मंगल न्यार। तेरो कंथ नहीं घर बार॥

(दूती वाक्य)

सरद सुता मानुं बादर भागे। कर जोरि बचन कहूं तोहि आगे।
कातिग मास यह परभ दीवारी। बार रैन भई सरद सिहारी॥
पेलहिं परब छतीसू जाति। तू तो भई मानहु की माति।
छाड गयो तिहि कोन सनेहि। ताको कंथ लायेगी देही॥

जोबन रीत भोजंग मणि कहा बात विहां लाग।
सरद सरस विहां जातहि देषो कोन अभाग॥
जोबन तो जिय बास जो जिये तो कंचन किसो।
सोइ घट की कहा आस सोइ जान माटी भई॥

(मेना वाक्य)

कहा करूं कातिग परभ दीवारी। मो लेखे संसार उजारी।
दिन परब येह मानूं नहिं कोई। देह सरीर मालन जब होई॥
जियरा मेरो सायर पारे। बिना जिये रे माटी भुये डारी।
माटी भोगवै माटी पाये। माटी ऊपर जुग सोहाये॥
माटी लागे सो आप भी डारी। किनकूं कातिग परभ दीवारी।
सो वन फूल जुग माटी फूली। माटी देषि के माटी भूली॥
माटी ऊपर दिस्टि बंध मेले। प्रेम हंस माटी में षेले।
माटी बिरला जाने कोइ। हंस भी पेल फुनि माटी होइ॥
रित मानूं लोरक घर आवे। नहिं तर मेना प्रान गमावे।
इन जुग में पिउ लोरक मेरे। दूज्यो देखूं नहीं विचारे॥

काया बिडारे काय जुग जुग जातो जाणो सभे।
चरित्र षेलावे मोय झूठी आन तू भोखे॥

(दूती वाक्य)

अगहन अंत घन होय दिन घट रजनी बढ़े।
प्रीत करे सब कोय टूटो नेह बोरू सघे॥

(मेना वाक्य)

यह डर जो सत छुटे परायो । ताको मांस कुकुर नहिं पायो ।
वीरा नु ताड़े जो वरही भगावे । फिर लोरक कुं मुष कहा देपावे ॥
जो मालन सिर अपना हारूं । कोन माष सूं जीव विदारूं ।
अैसी कायर बुद्धि न दीजे । अैसे कुकरम कवहुं न कीजे ॥

पाप बचन येह धाय सुन मानस जनम न होय ।
जैसो होय इन बात सूं सो सरग जाय पति पोय ॥
साहव विना अेमल किसो सुंदरि किसो सनेह ।
येह वाते मन तलतले सो जारूं जिम वे नेह ॥

(दूती वाक्य)

मेना मास पौष रितु आई । झुर झुर कंपे तुसार जनाई ।
सौहोड़ सुरंग सो छाड़ न जाई । अदीक मदन तेरो साहव आई ॥

नवल नेह तन कामिनी विलसे सव संसार ।
आवे तोहे रसियो मिले सो रापो बोल हमार ॥
पोप अकेला रहत सक्ष को मेना केसे रहो ।
विहरै सीत तुसार मदन दुष्ट तू क्यूं सहे ॥

(मेना वाक्य)

सुण हो रतना मालन धाइ । ज्या कूं मोल जो मोल विकाई ।
पोष मास मोकूं सुष केसो । मेरो कंथ गयो परदेसो ॥
भोग भुगत के नियरे न जाउं । सीत घाम सूं नाहिं डराउं ।
पोप मास कहा करिहे मेरो । दूती लछन में देपउं तेरो ॥

(दूती वाक्य)

सूनी सेहेज सनेह दोय जन बिन केसे होय ।
प्रीत पुरानि सो होय नवा नेह देपुं नेन सूं ॥

साहाधन माहा तुरंगम वाजे । सुर नर देव मुनि जन राजे ।
माहा तुसार सेहेज न अकारा । तेरो कंथ न देपूं वारा ।

विरह पसारो सेज दुप मेना को यह संताप ।
पांच भूत तिरपत नहीं येह छांड ओर केसो पाप ॥

साहाधन चल्यो बसंत विरहन विरह्यौ गन्यो ।
पर नारि विलंभी कंथ सूं तो जीवना सूं मरनो भलो ॥

(दूती वाक्य)

चैत रित जो आन तुलायो । फूल सुगंध सबही आयो ।
मेना मूरष क्यूं समझाई । कामनी फूल सेहेज रस आई ॥
इन समे जो सेहेज सिधारे । पिउ सूं प्रीत करत नहिं हारे ।
चली जात हे बसत तुसारे । तुम सूं बचन सुनावत हारे ॥
कबहुं बात तुम सुनो हमारी । आन देहुं तोहि छैल पियारी ।
कहो सुनो यह बात जो माने । आन देहुं तोहि पुरुष सयान ॥

चैत बसंत प्रेम रस मेना मान यह भोग ।
प्रथी जाति जान के सो कह्यो करत हे लोक ॥

(मेना वाक्य)

मेना मालन धर अरगाई । बहुत बार पत राषी तोहि ।
दूती दूत बचन सब तेरो । जो नेक पाऊं प्रीतम मेरो ॥
जनम न चित्त डोलायो काहू । पर पिंजरे सिर जाय पराउ ।
आपते उत्तर अजित न नारी । नित कितो तोहि देत हूं गारी ॥
लोक कुटम की काणि न होति । मालन धाय नहीं तू दूती ।
चैत मास जे कंथ सनेहा । झुरझुर मरे पीउ बिन देहा ॥

रित अनरित रस अनरस सो सुझ वचन सुनाय ।
रित सब रस जब माहि तब लोरक घर आय ॥

(दूती वाक्य)

आवा दीजे धाम साहाधन जोबन पाउणो ।
मान बिहूणो जाय पाछे करे पछतावणो ॥
बैसाष बन गहरो भयो लग लग कूपल जाय ।
येह रित तरुणी येकली मूरष क्यूं समझाय ॥
कूपल लहरा जाय नार अकेली पिउ विना ।
इण रित क्यूं सुहावे जेती पियु विना सुंदरी ॥
मन झीनो तन दूबलो अलप वेस सुप लेह ।
बोल सुणो येह वचन दोहो काहे कूं होत गंवार ॥

तेरो कह्यो जो भेटहूँ सत राष्यो करतार ।
राषी प्रीत लोरक साह री सो दूती रही झखमार ॥
पाप पुन्न दुइ बीज जो बोये सो पावजे ।
साधन जैसा कीजिये तैसा आगे पावजे ॥
करनी करे सो क्यों डरे करे करि क्यों पछताय ।
बोवे बीज बबूल के सो अंब कहां से पाय ॥

मैना मालन डरी बुलाई । धरि झोटा कूटनी हराई ।
मूंड सीस ओर दुरा कीना । काला पीला टीका दीना ॥
गधे पर मालन कूं चढाई । हाटो हाट सब नग्र फेराई ।
जैसा करे सो तैसा पावे । ईणी बात न भलपने आवे ॥

सत मैना को थिर रह्यो बात रही संसार ।
दूती, मारि निकार दई सत राष्यो करतार ॥

ऐसो मन जो राषे कोई । ताकी बात चहूं जुग मो होई ।
भली बात भली बुध पावे । बुरी बात सब कुटम लजावे ॥

ऐसी करे न कोय मधु सुना यह सारो कही ।
मैना सत राषियो सो जुग जुग मों बातें रही ॥

[४३४ अ]

प्र० ४, द्वि० १, तृ० १, च० १ :

प्रीत करी सुष लहन कूं सब सुख गयो हिंराइ ।
जैसे पन्नग छछुंदरी पकरि पकरि पछताय ॥
अहि ने ग्रही छछूदरी मन में उपजी दोय ।
ग्रास करों तो गल फंसे तजौं तौ अंधक होइ ।
[प्र० ४ कथा तृ० १ का पाठ कुछ भिन्न है]

[४३५ आ]

तृ० १, च० १ :

अहमद तजे अंगारज्यूं बोछे को संग साथ ।
सीरे ते कारो करे तातो दीजे हाथ ॥
(यही ऊपर तृ० १, च० १ में [१५५ अ] मे है)

मालति तू आपने जीय भावे। एह मेरे मन एक न आवे।
तू तो योही लोक सुनावे। इन बातन कैसे पति पावे॥

(मालती वाक्य)

मधु ते कही सोही मन मानी। ज्ञान विचार दोस सब ठानी।
बड़े वड़े सब बात विचारे। कुल बिवहार आपणा धारे॥

नरस्य आभरण रूपं रूपस्य आभरणं गुण।
गुणस्य आभरण ज्ञान ज्ञानस्य आभरण सभा॥
येहे जीव संसार ग्रहे मधुर किंन भक्षितां।
मधुरेव बंधवि कल्याणं मधुरे साधये धीये॥

(मधु वाक्य)

के स्त्री विना कंठ से के रूप गुण पूजंते।
के भली लजा हीनस्य मान हीनस्य भोजनं॥
अला सित्य कार्येषु उपजंती सने सने।
मधु बिंदु प्रसादेन प्रजलेति राजसंदिरो॥
* अलप बात मधु बुधु कि यह जीके काल।
मुष के स्वान मंजीरहे नृप की छारी भाल॥
(तृ० १ में * चिह्नित छंद नहीं है)

[४३७ अ]

तृ० १, च० १ :

(मालती वाक्य)

कोटि सयानप लहलबुधि कर देषो सब कोइ।
अणहोणी होणी नहीं होणी होय सो होय॥
होनी थी सोई भई अनहोनी नहिं एक।
अनहोनी के कारणे पचि पचि मरे अनेक॥
सुवटो एक सुलष्षणो सोहतो परवत ठास।
सब पंछी थे येकलो जेहि पत रापे राम॥

(मधु वाक्य)

मालति कूं मधु वूझै अैसी । सुवटो की पत राषी कैसी ।
पंछी सकल जूथ क्यूं छूटो । वनमो रहे कौन थे रूठो ॥

(मालती वाक्य)

कोयल रूठी कंथ सूं छाड़ चली घर बार ।
सुवटो तेसू संग कियो सो मन मों आणे गार ॥

(मधु वाक्य)

पंछि कोप कैसे कियो केहि गुण भई पुकार ।
सुवटो कौन गुनो कियो सो मोहि कहो विचार ॥

(मालती वाक्य)

पंछी उलटे कोप कर सुवटा ऊपर डार ।
सुवटे राम पुकारियो तव पत राषी करतार ॥

कोयल कंथ बिग्रह कियो मन मों क्रोध अनाय ।
तुम मेहरी हम पुरुष नहिं मन भावे तिहां जाय ॥

करी रीस कोयल से भारी । देस छाड़ि तुम जावो निग्रारी ।
बिग्रह वाढे न काहू सरिये । फूटो काल तव विग्रह करिये ॥
विग्रह रंक राव ते छीजे । विग्रह हाणि ग्रंथि की कीजे ।
बिग्रह जात जीये अपारे । बिग्रह बड़ो बड़ो संसारे ॥

कोयल मन मों सोच करि हिरदे कियो विचार ।
पिउ तजि के जो पति करूं सो करूं कौन भरतार ॥

नैना झरे औ मेले स्वासा । मन मों क्रोध अनंत उदासा ।
बेर बेर कोयल पछतावे । अव तो मोहे कौन मनावे ॥
अब हूं कौन सरोवर जाऊं । जल देषे मैं अति डरपाऊं ।
बाग में अब मैं कैसे रहिहूं । पुरुष बिना झाड़ में डरिहूं ॥

कोयल ताथे निसरी देषे व्रछ वनराय ।
सुवटो देष्यो बनपति दौर लगी उन पाय ॥
सुवटो एक जंगल मो रहे ताको हरिहर नाम ।
हूँ अबला तुझ आसरे तू राषे कै राम ॥

(सुवटा वाक्य)

तू आई केहि कारने मोसूं कहो बनाय ।
हूं मंगल को सूवटो राणूं कौन सुभाय ॥

(कोयल वाक्य)

मेरे कंथ रिसाई मोही । अब मैं सरन रहूंगी तोही ।
सुवटा मोहि करो वरवासो । मैं जंगल मों फिरूं उदासो ॥

(सुवटा वाक्य)

तू काली कुद्ररूपणी हूं सुवटो बनराय ।
तुझ सूं प्रीत कैसे मिले अर कैसे प्रेम बढ़ाय ॥

(कोयल वाक्य)

सरण सरण जो आवगे ताई देहि निवान ।
सीस देहि इण बात पर सो क्यूं दीजे जाण ॥
कंथ क्रोध ऐसे कियो तापर उपजी रीस ।
हूं अबला तुझ आसरे तू राखे के जगदीस ॥

सुवटा बात कोयल की मानी । दई दगासीस करी पटरानी ।
केलि करे मन मो कछु नाहीं । अब कोयल बिछुरे जिय जाई ॥

(सुवटो वाक्य)

जाकूं तके मारबो सो पर तन राचे अंग ।
तिन सूं ही राचो रहे तिनसे रंग न भंग ॥
कोयल कंथ मंदिर गयो जैकृपाल जेहि नाम ।
सुरत करे सोधत फिरे सो बूझत ठामहि ठाम ॥

जै कृपाल फिरे नगर मंझारी । सुध न पावे कोयल नारी ।
पावे नहीं कहूं परदेसा । जाय पाहोचो सुवटा के देसा ॥
सुवटो बैठो नग्रह मंझारी । करे केलि तिहां कोयल नारी ।
गावे गीत औ करे विलासो । जैकृपाल तिहां देष्यो तमासो ॥
कोयल कंथ तिहां चलि आयो । देखि त्रिया जिय रोस भरि आयो ।
अबहूं बोलूं तो मोहि मारे । कंथ परपंच तो सुवटो हारे ॥
मन मों रेस करे अति सांसो । सुवटा देषहि करत तमासो ।
सब पंछी दल लेहुं हुंकारी । तेरी पंष उड़ाऊं चारी ॥

नै कृपाल मन रीस करि उड़ियो पंष पसार ।
अंतर गत में आवरे सो कोउ न बूझै सार ॥

कोयल कंथ उड्यो ततकाले । सब पंछिन सूं करी पुकार ।
मेरी मेहरी सुवटे वर वाई । अब हूं कासी करवट लू जाई ॥
सब पंछी मिलि बोले बानी । तुम यह बुधि क्यूं करो अयानी ।
मेहरी तोहि मिलावां आजे । कासी तुम जावो कुल काजे ॥

सुवटे सुमरे राम कूं पंछी करी पुकार ।
यह पंछी मोहि मारिहैं अब 'तुम रापो करतार ॥
उनही सरि पंछी भई सोपे कोप चढ़ाय ।
अब के रापो सांवरे तुम विन कोन सहाय ॥
येह करुणा करता सुणी मने मो उपजी लाज ।
अब के सुवटो रापिहू ऐसी भई अवाज ॥

(जैकृपाल वाक्य)

सब पंछी सूं मैं कहूँ कौन देहि येह दाद ।
कै मोहि कासी जाण दो कै सुवटा ल्यायो बांध ॥
सब पंछी सु परबत चले मेघ वटा उलटाय ।
सुवटो ल्यायो बांध के सो बोलत मारहि मार ॥
बग सारस पंछी मिले कोयल काग अपार ।
हंस मोर चात्रिक सबे सो पंछी पंच हजार ॥
पंछी उलटे पुकार सुनि ल्यायो कोयल नारि ।
सुवटो पकरो पेच करि मोहकरा दो हो मार ॥
पंछी कोप कहा करे करता करे सो होय ।
आउ कथा आगे भई सो चित दे सुणियो सोइ ॥
हिरदे बुद्धि विचार के मनसों सुमरे राम ।
सुवटे मन सुमरन कियो तब पत रापी राम ॥

पारधि येक नगर सो रहे । ताको कुटंम सब भूपन मरे ।
उदर कारज जिहां जिय कूं मारे । पाप करता कवहू न हारे ॥

परी भूप जब पारधी लीन्हो वन जीव जाल ।
करम लिप्यो सो न मिटे सब पंछी को काल ॥

भरी भाखरी रैर कै लीन्हो बाण सुपंग ।
उदर कारज बन फिरे सो चले तिहि प्रसंग ॥

येक दिवस फंद जाय के रोप्यो । उन पंछिन पर करता कोप्यो ।
हजार च्यार को जूथ चलि आयो । देपि पारधी अति सुप पायो ॥
करता आज फंद मोकूं दीजे । पूरन कृपा अनुग्रह कीजे ।
हिरदे सोच करि यह बिचारे । पंछी चले पंच हजारे ॥
यूं करता जिव फंद मे आवे । के मूये के जीवते सारे ।
के मेरे घर होत बधाई । आवते होती ते नवनिधि पाई ॥

केई मारे केई पकरिये केई मरोडि गात ।
केई जाल लपेटिये निसंक हाय बांधी गाठ ॥
व्याध चलि ग्रेह आइ अर सब पंछी साको कियो ।
जिन उन चितयो तेह सुवटो सुप मंदिर रख्यो ॥
समरे मृग कप जीउ आदये यटी जात ।
हिरदा मधे समरिये तव पति रापे करतार ॥
पंडव, होता पांच कौरव सुभट घणा ।
करुन भिरे जिन साथ याल न वंका तेहि तणा ॥

सुवटो सुमर यूं सुष पायो । पंछी सकल दाम नहीं आयो ।
अैसे कर सुवटा पत रापी । मालति कथा मधू सूं भाषी ॥

और सोच अब जनि करो कही जैत सुनि लेह ।
पूरव नेह निभाइए यहै जानि चित देह ॥
नैना सूं फुनि गिर बहे असतुत वचन तुप कीच ।
मन कोढ़न कूं चालियो लो उरकू रह्यो कुच बीच ॥

[४४६ अ]

तृ० १ :

एते कहत नीर भरि आयो । कन्या जनम कौन सुष पायो ॥
नृपती कनक माल सूं बोले । रोय रोय पलक ना खोले ।
रन में नाहिं कहूं मे हार्यो । कन्या को सुष कीनो कारो ॥
अब कहा जग में सुष देखराउं । लाय विभूति दिसांतर जाउं ।
राय बहुत चिंता मन लाइ । ए मोहि कन्या देइ बढ़ाइ ॥

(कनक माल वाक्य)

तुम काहे चिंता करो एमकबांधी राइ।
जो जाके कर्म्म में लय्यौ सो कबहूं ना मीटाइ॥

(चंद्रसेन वाक्य)

सुन रानी मैं तोहि सुनाऊं। मधुमालती दोउ मराऊं।
इन तो मोहि कलंक लगायो। कन्या जनम कौन फल पायो॥

(तुल० ४४६ अ १)

[४४७ अ]

तृ० १ :

कनकमाल चिंता करे भूरे, मालती आज।
पुत्री हम ते बीछुरे जग जीवत केहि काज॥

[४४८ अ]

च० १ :

तजो देस यहि ठौर न रहिये। याहि ठौर रहि नीर नहि पिये।
जाय बेगि तुम ऐसी कहिये। वचन सुनत मन धीर न रहिये॥

(तुल० ४४८)

[४४८ आ]

तृ० १, च० १ :

चलि सपि राम सरोवर जाई। मधुमालति कूं वात सुनाई।
चंद्रसेन नृप रोस भराई। कहियो पायक वेगि चलाई॥

[४५७ अ]

तृ० १, च० १ :

नैन तपत तुव दरस कूं श्रवण तपत तुव वैन।
करह तपत कुच गहन कूं अधर तपत रस लेण॥

[४६०. १ अं]

द्वि० १, तृ० १ :

अपने कुंज गई ले सपी। मालन कुंवरी आवत लपी।
उत ते चंद कुंवर ते आयो। बोली मालन सहज सुनाये॥

[४६० ख]

द्वि० १ :

राय देखि चकि तापाईं ध्यायो । चंद कुंवर की सुधि न पायो ।

[४६१ ग]

तृ० १ :

रानी मंगला सों इन बूझी । मालन के मन ऐसी सूझी ।

द्वि० १ :

कुंवर मालन आगें लगाई । इन चरित जाने सब पाई ॥

[४६४ घ]

तृ० १, च० १ :

नैन पदारथ नैन रस नैनै नैन मिलंत ।
अनजान्यो सु प्रीतड़ी पेखत प्रीत करंत ॥
हियरा राखूं दुःख कर मन राखूं समझाय ।
नैन रसीले ना रहें मिलैं अगाऊ जाय ॥

[४६५ ङा]

तृ० १ :

नैना दोउ मिलाउ दोऊ । अरस परस ना चूके कोउ ।
सोच कियो कछु बात न करही । अब इहां कौन बसीठ करही ॥

च० १ :

दोउ दैठे मन ऐसी चाहे । प्रीत प्रान मन माह जनाहे ।
देपो धूं करता की करनी । निरपत वदन गिरे दोउ धरनी ॥

[४६९ इ]

तृ० १, च० १ :

ज्यासूं जाको नेह त्या विन पड़े वसीठिया ।
आप आप में राचही जैसे रंग संजीठिया ॥
येतनो काजर मैं दियो पट घूँघट की ओट ।
जित देखूं जित गिर पड़े सो नैन बान की चोट ॥

रूपरेष मन प्रीत जनावें। चंद कुंवर सूं बोल सुनावे।
बिरह बान लागत ही मोहि। सांचो नेह जनावत सोही॥

बिरह बान तन बेधहीं कौन करे बसीठ।
नेह बंध्यो नैना मिल्या आपने आप ही डीठ॥

(केवल च० १ में)

[ज्यासूं जाको नेह कू जा विच पड़े बसीठ।
आप आप रंग राचही जैसे रंग मजीठ॥]
नैना बांधी प्रीतडी नैन मिलावे सनेह।
नैन ही रंग रांचही सो नैन मिलावो देह॥

(केवल च० १ मे)

[नैन पदारथ नैन धन नैना नैन मिलंत।
अनजान्या सूं प्रीतडी सोय हेला न करंत॥]
रूप रेष तन येह चंद कुवर तन चित्तयो।
प्रीत पहेली नेह बंधी प्रीत सरीर वहे॥

चंद कुवर गहि उर सूं लीनी। दे बगसीस अलिंगन कीन्ही।
प्रीतम दोनूं नेह जनावे। रूपरेषा बोहोत सुष पावे॥

नैन बार सिर सांधि कै मार चल्यौ मन लाय।
धावन दे बिरहे सपी छिन सिर मार्‌यो जाय॥

सुन हो बात मोरी मृगनैनी। नैन कमल तुम रूप लोभानी।
अब मैं तुम सूं अरज सुनाऊं। चलो सुप सेज बहु भांति रिझाऊं॥
गही भुजा अंक मानु परसी। लज्जा छुटिगा काम जु सरसी।
तन मन प्रान येक भये दोउ। कहिये कौन बात सूं सोउ॥

(च० १ मे इस प्रक्षेप के आरंभ मे भी ४६५ है और अत मे जैसा होना चाहिए है ही, जिससे यह प्रकट है कि यह अश बीच मे बाद में रक्खा गया है।)

मन मिलवे की रीत कंद्रप कोट न पाइये।
प्रथम समागम जीत डर भागो तन दोउ जन॥
रंग राच्यो वेह पान काथो सुपारी तन रच्यो।
ज्यूं चोली के पास पंजर मन मिलवा करे॥

मनमथ उपजे अंग ओषद वैद न जानही।
जिउ जुग मिले अनंत छुटे आपने सहेल मो ॥
कोल बचन परमान के बोले बोल सुभाव।
यह मरवो यह मोगरो येह सुगंधी जाय ॥

[४६६ अ]

तृ० १ च० १ :

नैना माती सैन बुलावे। उतर्ते चंद कुंवर तिहां आवे।
करै केलि तिहां बाग में दोउ। तीजो भेद न जाणै कोउ ॥
जोबन रूप दोइ मैमंता। अति प्रवीन रंग रूप सुरंता।
हीचें हंसे और रें बिलास। जब बिछुरे तब मन उदास ॥

[४६९ अ]

तृ० १, च० १ :

आसन एक दोऊ जु रहे आयो सिंध समाय।
चंद कुंवर चित दिष्टि करि सुषते लियो कित जाय ॥
चंद कुंवर मन चेतियो आयुध लियो संभारि।
करक बान कर वर लियो सिंह स्वान ज्यूं मार ॥

[४७१ अ]

तृ० १, च० १ :

आसन त्रिया जो दृढ़ रही कर लीयो वर बान।
चंद कुंवर मन में निरषियो ये सिंघ स्वान समान ॥
चित में धरी न और हिसत यह करवा दई।
सिंह मार दियो डर त्रिया आसन सूं रही ॥

(तुल० छंद ४७०-४७१)

[४७२ अ]

द्वि० १ :

उधम ज साहस प्रबल अधिक धीर नर चित्त।
ताके बल की मत कहो यम की करक संकित्त ॥

[४७३ आ]

च० १ :

बाल बुद्धि हीमत बस जाणे येह विबेक।
देव डरै दाणौ डरे येह पटंतर देष ॥

[४७३ इ]

तृ० १, च० १ :

सुनै न देषै नैन सूं बिन देषे विप षाय।
आये बिन मुष भीर थे सो जैसी बात बनाय॥

[४७७ अ]

च १ :

पूरव जनम कि प्रीत येह करता बिजोग ही देष।
कौन बियोग मैं कियो कौन करम के लेप॥

[४७७ आ]

तृ० १, च० १ :

बिधिके अंक न चूकहीं सुष दुख लिप्यो सरीर।
मनकी मनही जानहीं सो अपने जिये की पीर॥
बिप्र सूलि रे बाटमों कछु कोरि सरोवर पार।
गऊ बिछोहो मैं कियो सो कोन भयो जंजाल॥
किन सूं पीर सुनाइये किन सूं करूं पुकार।
अब संकर तुम रापियो अवर नहीं संसार॥
संकर सेवा मैं कीनी ओर नहीं कछु कार।
समरथ संकट भाजहीं बात कहूं सत सार॥

[४७८ अ]

तृ० १, च० १ :

गौरी संकर सूं कहे इनकी सुनो पुकार।
अंत रेष रच्छा करो मधू कुंवर की सार॥

[४८० अ]

तृ० १, च० १ :

आयुध येक न तो पै होइ। बिन आयुध कैसे कै लरिही।
नृप के दूत बहुत इहां आये। मधु तुम मनमें क्यूं न डराये॥

आयुध एक न मोहिं गहि गिलोल कर ले धरूं।
कहा सुनाऊं तोहि सारा को संग्रह करूं॥
ताको जीव डराय जाके बिन पस्यो नहीं।
केतियक कहूं बनाय असे गिलोल सुन मालती॥

[४८२ ग]

हि० १ :

[illegible] न पत्र तूं मालती [illegible] करै सु होइ ।
कटक [illegible] मन एक सो के, मधुकर कहियो मोहि ॥

[४८३ अ]

तृ० १, च० १ :

लीन्हो [illegible] [illegible] [illegible] लागी है मिलान ।
ऐक बिलोकि [illegible] [illegible] मैं भो जाई पात ही पात ॥

[४८३ आ]

च० १ :

मानो तरवर सूखो भयो मंगर अच्छ यह होय ।
कहै मधु सुनो मालती येह पराक्रम जोय ॥

[४८४ अ]

तृ० १, च० १ :

देय तमासो मालती येह कहा अचरज होय ।
पत्र पत्र पर उड़ गई अच्छ जु सूको होय ॥
मन सच पायो मालती नेक विरद यह बाल ।
पायक पठाये नृपति कोइ होत जंजाल ॥

[४८७ अ]

तृ० १ :

लरिका येक कहा करे सो पायक के जोर ।
राजा चित माने नहीं उहां लरे कोउ ओर ॥

[४८७ आ]

तृ० १, च १ :

तुरी सहस येक सज करो गैवर पाखर डार ।
बनिया तुमसो कहा लरे लखेगहि डारे मार ॥
गैवर तुरी बनाय के राजा दियो बहु मान ।
चले छत्रि सब साजि के सो प्रथम कूक मंडाण ॥

[४९० अ]

तृ० १, च १ :

जैसे नर अति कूमही अब लो देषि डराय ।
मालति जिय बिसमौ करै हांक सुनत अरि जाय ॥

[४९२ अ]

तृ० १, च० १ :

कहे जैत सुन हो मधु मालति वन बिस्तार ।
अली संभर यहे पूरब जनम कुल कुटंब संभार ॥

(तुल० छंद ४९२)

[४९२ आ]

च० १ :

प्रथम मालती बन बिस्तारौ । पाछे आनि भंवर टंकारो ।
असे बिना कारज नहिं होइ । तेरो दोस न मानै कोई ॥

(तुल० ४९२.३, ४ तथा ४९३. १. २)

[४९२ इ]

तृ० १, च० १ :

असे बिन कारज सब होय नहीं कुल कार ।
सरित समर न कोउ तरे कछु अब सेष हजार ॥

[४९३ अ]

तृ० १, च० १ :

अली अनंत संभारिये तोरी सब दल खाये ।
तेरो दोष कोउ ना कहे बिन मारे सर जाये ॥

[४९७ अ]

तृ० १, च० १ :

बेगि बुलायो आनि कर सहस्र येक के दोय ।
सब कूं मारै षोज कर सो पटक पछारों तोहि ॥
सुनत बचन गुन यहे मधु चला र आगे गयो ।
ज्यूं भादों को मेह कर गिलोल ठाढो भयो ॥

[५०३ अ]

तृ० १, च० १ :

कोउ मुए कोउ मारिए कोउ परे बेकरार।
मधू कुंवर हो एकलो सावंत एक हजार॥

[५०३ आ]

तृ० १ :

चंद्रसेन नृप ने सुन पाई। इतने बहुत कुमक पठाई।
सिगरे सूर सिमट कर आए। मधु को देखत बहुत रिसवाये॥
उठे मधू बहु तरी सभारी। कर गिलोल लीनी संभारी।
मारे मधू सकल दल भागे। फूटे अरब परब तिहां लागे॥

केइ मारे केइ मरे केइ परे रन बीच।
गज फूटे वोरा परे मचे रकत रन कीच॥

सो भागे सो चले पराइ। को इक मारे बिना सूत आइ॥
एक एक बिन सीस धड़ डोले। को इक नीर नीर बोले॥

[५०४ अ]

तृ० १ :

घायल नृप सूं करे पुकारा। मधु को वे सबही दल मारे।
सब ही मुए गिलोल न लागे। हम तो नृपति षेत तजि भागे॥

[५०४ आ]

द्वि० १ :

कटक कुटक किये येक छिन सूर बीर के षेत।
मधु मारे हारे सबै रही नहीं तन चेत॥

[५०४ इ]

च० १ :

नृपति गये घायल कने कौन लरे नर आए।
ताको भेद जो पाइये तैसी कुमष पठाये॥

[५०७ अ]

च० १ :

लरिका येक कैसे लरै और बनिया की जात।
परचक्री आयो सबी ओर नहीं कछु बात॥

[५०७ आ]

तृ० १, च० १ :

सुनतहिं वेग बुलाइये छत्री दल भूपाल ।
सजे सैन सब उलटे राम सरोवर पाल ॥

[५१२. १ अ]

तृ० १ :

ऐसे कर कर इनकूं मारे । इस विध काज आपनो सारे ।

च० १ :

ऐसे कर इनकूं समझाऊं । मन मेरे मे मते उपाऊं ॥

[५१२ अ]

तृ० १ :

सिव प्रताप मे कर सूं नहिं हारूं । पति मधुकर पे जब यह कारूं ।

च० १ :

विन जूझे सगरो दल मार्यो । येह विधि कारज अपनो सारो ॥

[५१३ अ]

तृ० १, च० १ :

जैतमाल मालवि कूं बूझे । भार अठारे वोहे कहा सूझे ।
फल औ पत्र भये है केते । याकी बात कहो तुम सोथे ॥

[५१३ आ]

च० १ :

आपे हो पोहोप दोहोपत्ता च्यार चत्रवारो अष्टकुलि ।
पोहोपत्ता । वेला ते षट भार निवासो देव निर्मिता ॥

[५१३ इ]

तृ० १, च० १ :

च्यार भार वन फल की वाड़े । आठ भार फल फूल से ठाड़े ।
वेली भार षट ते साहीं । येहि निधि भार अठारे ताईं ॥

[५१४ अ]

तृ० १, च० १ :

पोहोप सुगंधहि महमहे बोहोत बाग विस्तार ।
भोर भार गुंजार के आवे भंवर अपार ॥

अति सुधार दीसे गई तेग पवन निमतार ।
पवन वेग सम नृप के सो धाई करतार ॥

[२१८ ग]

च० १ :

धाई सेन चली तेग के नाक पचारी होय ।
चली चढे अति वीर करि कैसे बरनों सोय ॥

[२१६ आ]

तृ० १, च० १ :

पकर झोंकरे ब्यार हूं भमर पहुचे आन ।
करो कोप तन तोरही सो लेन लागे प्रान ॥

[२२२ अ]

तृ० १, च० १ :

कारे जैसे काग से नर तुरंग सब येह ।
भंवर विरंचे सेन पर सो तोरन लागे देह ॥

[२२८ अ]

तृ० १, च० १ :

आयुध डारि सबै गिरे बिन सारं सब संग ।
छुर्यो सबै अधे भये सो भंवर डसे यह अंग ॥

[५३१ अ]

तृ० १ च० १ :

घड़ी पैर के तुम चडे मोपे आयो क्यौ न ।
कहा वनिय सुत वावरे ज्यू आटा में लूंन ॥
दियो दमामा देग से आनो वखतर टोप ।
चढी सेन नृप चंद की घटाटोप मन कोप ॥

[२१६ अ]

तृ० १ :

नृप देखे जो भमरन पाये । तुचा मांस कछु रहै न पाये ।
नृप इष्टा ये बहुत तब मान्यो । आहि देष सत्य करि मान्यो ॥

कछु सांची झूठी कछू नैन निरषि भरमाय ।
राजा मन चिंता करे इस भमरा कहा षाय ॥

कहे नृप सुनौ सकल दल छिन इक इहां बिलमाय।
दूत पठाउ हेरबा मधु केतेक दल आय ॥
राय वैठ उहां बात कही दये दूत मोकलाय।
मधू दल वेह ठीक कर वेग सुध देयो आय ॥

[५३६ आ]

च० १ :

नृप दल आये ठाढ़ो भयो सुनही सबद पुकार।
नर जो आये हायल भये परसे पंच हजार ॥

[५३८ अ]

द्वि० १ :

अनेक दूषणं यस्य कदापि ग्राह्यते स्वयं।
आभूपणं न कुर्याच हार पान पृथक् पृथक् ॥

[५३८ आ]

च० १ :

अरे अयान अलप बुधि ओर गुन्यो त्रिया रूप।
नगर उजेणीं माझ रहि समझि चलो प्रति भूप ॥

[५३८ इ]

तृ० १ :

अरे अयानी अलप बुधि तोहि रान डर नाहिं।
नृप कन्या संग राप कर वैठे बारी माहिं ॥
तुम तो मधु मुरष भये नृप भय कियो न अंग।
संक्या ज कछु मन मा धरी लीयं मालती संग ॥
ते कछु संक नहीं मन कीनी। वनिया कुंवर मालती दीनी।
होय अज्ञान तैं ज्ञान भुलायो। नृप को कटल मूड पर आयो ॥

[५३९ अ]

तृ० १, च० १ :

कहा कहूं बुध तोहि कूं बंदी छोर कहाय।
नृप दल आय घेरो भयो ढिग बारी के आय ॥

[५४१ अ]

प्र० ४, द्वि० १, तृ० १, च० १ :

ऊठवा साध भण्‌ ज्यों पुव्वा । सींहा पास चढै गहि दुव्वा ।
चींटी पंख लगी सच पाई । तोकुं यह बुद्धि कित आई ॥

(द्वि० १ में उद्‌धृत प्रथम अर्द्धाली के स्थान पर है :
स्वान सदा सवाद जु पावे । माला कंठ मंजारी नावैं ।)

[५४२ अ]

द्वि० १ :

विष भार सहस्त्रेपु गर्वनायति पन्नगः ।
वृश्चिको विन्दु मात्रेण ऊर्ध्वं वहति कटकः ॥
छोने घूने कुराज ये इनको एक सुभाउ ।
जिहं जिहं मारो संचरैं कोउ विनासे ठाउं ॥

[५४५ अ]

तृ० १, च० १ :

नृप कोपे जिय रोस करि कै तुम जाणे ओर ।
झूझ किये जीते नहीं वेग छंड यह ठौर ॥
मधु समावो येहो वेग सूं आज नृप है दूर ।
तो तन पटकि पछाडहूं सो पंजर करिहूं चूर ॥

[५४७ अ]

द्वि० १, च० १ :

अलप बुद्धि नर होय अयानो । तासो रोस न करै सियानो ।
कूकुर कोटि गयंदम भौंके । इन बातन कछु सरै न सीझै ॥

[५५० अ]

तृ० १, च० १ :

छोटे बड़े न जानिये करे सियानप सोय ।
दीनो दूत बिदा करि होनी होय सो होय ॥

[५५१ अ]

तृ० १, च० १ :

आयो इत ठाढ़ो भयो नृप कुं बात सुनाय ।
जैसी विध निरषी सबै सो कही बनाय बनाय ॥

[५५२ अ]

तृ० १, च० १ :

राम सरोवर पाल थे बोले गारि अपार।
सेन सबै चहुं ओर से बोलत मारहि मार ॥
सोइ करो सुहावणा बाजत येह रण जीत।
हांकहि हाक प्रचारहीं मधु सो बहे न चित्त ॥

[५६२ अ]

प्र० ४, द्वि० १, तृ० १, च० १ :

जबरजंग गोला बर जैये। मदमाते मतवारे जैये।
गज गीवाय गरजै घन मानो। सुनत रोल चिहुं दिसि भगानो ॥

[५६५ अ]

तृ० १, च० १ :

सषी हमारे कंथ कूं अचरज बड़ो बिबेक।
एक ताकण लाष कूं लाख न कण एक ॥
बिलख बदन भइ मालती मधू न देषै पास।
जीय धीरज धारे नहीं चितवत भई उदास ॥

[५६६ अ]

तृ० १, च० १ :

पांडव नारी द्रौपदी कीचक हरण के काज।
भीमसेन देवल सरग सो हूं कहूं सुन आन ॥

[५६६ आ]

च० १ :

ध्यान लगाये जो रहे अतोष मन देक।
जुग भ्रमत सब कूं कियो बच्यो न काऊ एक ॥

[५७० अ]

तृ०, १ च० १ :

गोतम नार सिला भई इंद्र भये मंझार।
ससि सराप माथे भयो सुन ले वेरा परकार ॥

(तुल० छंद ५७०)

तब बीती भीतन भई दास दिखावै धाइ।
रान अलापै प्यान के संकर ध्यान लुकाय ॥

(मृगा० छंद ५०१)

काम अंस सपु प्रगटै ताको लगे न कोय।
धीरज धर जिन राव दृढ़ जैसे बहुलक होय ॥

[५०४ अ]

च० १ :

प्रद्युम्न (काम) अंस अवतारी। याकी कला सब हूं गे न्यारी।

[५८४ अ]

च० १ :

मृग कपोत संकट उबार्यो। उन मुख सूं जय राम पुकार्यो।
व्याधहि हारै विसकर पायो। सरनी जाय सिचानु लगायो ॥

[५८६ अ]

प्र० ४, द्वि० १, तृ० १ च० १ :

बड़े उदूखी हमन नहा है। पंथ प्रवाह मिला सीमता है।
जाड़े पात्र वृच्छ ने धर। अंगुली मानुं दहे द्रुग कीजर ॥

(द्वि० १ का पाठ किंचित् भिन्न है)

[५९०, १ अ]

द्वि० १ :

नर बाजी कुंजर असत न हारे। गज को कोर करत इक बारे।
शंकर शक्ति कुमक पठाई। अधिक ऊपर केहरी आई ॥

[५९२ अ]

तृ० १, च० १ :

केसरी एक महाबली गिर समान भारंड।
दल लरजो नृप चंद को भयो सोइ षंड षंड ॥
चीड़ी चुगै ज्यु ईलरी चंच भरी गटकाय।
जैसे दोय भारंड वहे कुंजर कूं ले जाय ॥
चंद्रसेन चिंता भई कौन आचरज येह।
भारंड सिंह गिलोल यह सो आन तुलाने तेह ॥

[५९५ अ]

तृ० १, च० १ :

देव चरित्र जाणे नहीं सब भागे नर बाम ।
चंदसेन मन सोच कर सो राजा छाड़ी ग्राम ॥

(तुल० छंद ५९५)

[५९६ अ]

तृ० १ :

अब कछु मोकूं भलो बतायो । प्रान जात है मोहि छुटायो ।
मे तो राज काज सत चूक्यो । विन बूझे रन महिं ढुक्यो ॥

में तो कछु बूझो नहीं में जान्यो रन होइ ।
लरिका को कहा मारिबो सुनो सयाने लोइ ॥
लरिका तो देवत भयो हम ना जान्यो मरम ।
जो ताकी थी ओर पर सो परी हमारे करम ॥

अब तुम कहो सोइ में करिहूं । आज्ञा तोरि नाहि परिहरहूं ।
तुम कछु मोकूं बुद्धि बतावो । काचो मतो कवहुं जनि भावो ॥

[५९६ आ]

तृ० १, च० १ :

अब कहा राजा हमकूं बूझौ । सादो कटक तो रन महिं झूझो ।
कुमत करी भीम पछतानो । कौरव ग्रह गयो विष षानो ॥
तैसी कुमत तुमको आई । तब चेते जब मूंड मां खाई ।
तब कहे राय कैसे विष पायो । सो समयौ मोहिं नाहि बतायो ॥

(मंत्री वाक्य)

सुन राजा मंत्री हम कहे । आदि पांडव हथिनापुर रहे ।
कारव पांडव विग्रह लागी । राजा मोह की उपजी आगी ॥

(केवल तृ० १ में)

[पांडव तो पांचे जने कौरव हते अपार ।
वे पांडव को माने नहीं नित उपजावे रार ॥

उनमां भीमसेन बलकारी । ताके त्रास डरे गंधारी ।
कौरव सबही मंत्र विचारे । भीमसेन को कौन विधि मारे ॥]
देष्यो भीम महा विख्यात । तापर कौरव रच्यो उतपात ।

तब पांडव मां भीम अति जोधा । कौउ नाम धरै ताको क्रोधा ॥
कह्यो मंत्र अब कैसी कीजे । सोई कह्यो भीम अब छीजे ।
सुकनि कहै सुनो मोहि बात । याहूं कीजै विष को घात ॥
विष को भोजन करो सब साजे । याहू नेवति जिमावो आजे ।
बहोत हेत करि पेटा लेवो । ता पाछे तुम मेवला देवो ॥
कौरव तो ऐसी मन ठानी । भीमसेन सौं भेंटे आनि ।

(केवल तृ० १ में)

[दइ भेट बहु हेत बधायो । भीम मां कपट जान्यों न पायो ।
कौरव कहै भीम सुन लीजे । हम पे कबहूं दया करीजे ।]
हम तुम भाई बंधु कुटंबी । कहा रापो तुम छोटी लंबी ॥
हम तुम काका बाबा के भाई । तामें तुम राख्यो हू जाई ।
एक ठोर मिलिजे सो आनी । कीजे प्रीत अधिक पहिचानि ॥

(भीम वाक्य)

अरे भाई तुम बंधु विरोधी । हम तो बात जानत हैं सूधी ।
तुम आगे लाप के महल बनाये । परपंच करी तुम तामो लायो ॥

(केवल तृ० १ मे)

[हमको महल मांझ बैठाये । तुम कपटी सब बाहर आये ।]
दरवाजे सों दीनी आगि । कही नहीं निकसन को लागि ॥

(केवल तृ० १ मे)

[हम तब ही पूछे सहदेव । उन कहियो जो ताको भेव ।]
सुनो पीर जो पूछो मोहिं । मारग में बतराऊं तोहि ॥
ये जो मोटी सिला मढाई । ताके नीचे मारग आई ।
एहि सिला ऊपर करि डारो । नीकस्यो वेग जीव उगारो ॥

(केवल तृ० १ मे)

[जब तो वे हम षंभ उपारो । अगिन जरत ते जीव उबारो ।]
अगिन हमारे पीछो कियो । जब हम कोल वचन तिहां दियो ॥

(केवल तृ० १ मे)

[एक दिना तोही भल उपाउ । सब कीचक तोंहि माहि जराउ ।]
ता मारग होइ बाहीर आए । टोडा राक्षस हम ते धाये ॥

राक्स कहे जान ना देहूं । इतने मां इक मानस लेहूं ।
जब में सबकी बिदा कराई । सिर अपने सब मृत ठहराई ॥
टोडे मुष पसार्‍यो बड़ो । ताके मुष में हूं कूदि पर्‍यो ।
टोड्यो जन सूं कियो विचारे । यो तो पड्यो पेट मंझारे ॥
अब जल पीए वोड़ येही मारूं । येह विध कारज अपनो सारूं ।
राकस पानी पीवन लागे । ताको पेट फाड़ हम भागे ॥
निकस तिहां थी बाहर आयो । भाई के कहुं षोज न पायो ।
ढूंढ़त फिरत परवत लौं आयौ । हिडंबा तिहां हिंडोलो लायो ॥
झूले तिहां दिवस अरु रात । इन मोसूं एक बोली बात ।
झूलो एक देहि मोहि जावो । नहिं तो में कछु करूं उपाव ॥
तिहां हिंडोलो ऐसो दियो । मानो प्रवेस सुरग कूं कियो ।
हिडंबा कहे थो बहुत्ती बार । में तुमकूं करिहु भरतार ॥
झूला तब में थंभ लीयो । चावो बैठी मतो मे कीयो ।
हमरे बंधु षात भुलाये । तुम तो कछू जान न पाये ॥
भाता तुमरो च्यारूं बीर । उनकौ लैगे पिता कबीर ।
पूजा करे भवानी मात । तिहां चढ़ावै मेरो तात ॥
सुनत बात मोहि धोषो होइ । में तो चल्यो नगर मा सोइ ।

(केवल तृ० १ में)

[उहां ते बात सबै सुन पाई । अति चिंता मेरे मन आई ॥
तब में ऐसो करियो बिचार । जाय बैठो देवल मंझार ।]
पूजा को पाथर मैं टारूं । इउहा जाइ आपो बिसतारूं ॥
पूजा पकवान ले आवे कोय । तेतो भूषा भोजन होय ।
पाछे पूजा राइ कराइ । हमरे बीर मात कूं लाइ ॥
जब देवल पै कीने ठाढ़े । माता कलाप करे अति गाढ़े ।
इहां नहीं को भीमडो बीर । तो मारे बांधि दानव कबीर ॥
सुनत झूझ मन मों अति लागी । पर्‍यो कूद देवल के आगी ।
पडतो सोर भयो अति भारी । मानूं गज गिरवर तें डारी ॥
सारी सेन भागि जब गई । कबीर दानव सूं भाथी भई ।
राकस मारि छुड़ाए बीरा । तब माता को भयो मन धीरा ॥
में तो नारि हिडबा व्याही । अरे भाई तुम हो दुपदाई ।
हम तुम बीच हेत ना होई । तुमरी बात न माने कोई ॥

(कैनल नं० १ से)

[गुन झूठे महा आगाजे । न दियो कछु बिस्वास काजे ।
हम तुमारो बिस्वास न करा । और मान नाहीं चित धरा ॥]

[५६३ छ]

दो० १ :

सुनो राय दुर्योधना तुम सौं छिप ना होइ ।
कपटी फंद बिनास को दाग न माने कोइ ॥

तुमारे डर हम बन पंथ लीनो । पुनि हम भेद और ही लीनो ।
संग द्रोपदी पांचे भाई । दुखी बहुत अपने मन माहीं ॥
बहुतक भूपो व्यापित होइ । [illegible] नाइ बहुत दिन [illegible] ।
तब हम भेद एक ठौ कीनो । बैराट देस को मारग लीनो ॥
कोउ भयो विप्र कोउ भयो नाइ । कोइ भयो ग्वाल कोइ रहे सुराइ ।
आयुध सबै बिरछ पर धारे । एइ बिधि सौं नव नगर सिधारे ॥
बैराट राय तिहां बडो नरेसा । उपमा कौन कहूं तिहां देसा ।
बैराट राइ सों भेटे जाइ । संग द्रोपदी पांचे भाइ ॥

सेवक होइ उनके रहे अपनो बरन छिपाइ ।
टेहल फरमाइ रावली सो हम लीनी उठाइ ॥

वाको सालो कीचक आहि । परम दुष्ट पापी अन्याई ।
देषी द्रोपादे सुंदर नारी । उन वामौं कीनी ठगचारी ॥
आनि द्रोपदी बस मां कीनो । रुदन करम तब होत मलीनो ।
सबही मिल ताको समझावै । भेद वात उन माहिं सुनावै ॥
जब में वात तात सो बोली । फिर के वो जब करे ठठोली ।
तुम वाको धीरज दे आवो । निज के ए असथान वतावो ॥

सुनी वात जब द्रोपदी मनमां लाई धीर ।
जा दिन दूनो रूप कर नौतन पेहरो चीर ॥

राजा निज मंदिर को आए । कर असनान सोइ पाए ।
कीचक ताके पासे आयो । देष द्रोपदी बहुत सुप पायो ॥
आस पास जब जाय निहारी । पकरी जाइ द्रोपदी नारी ।
आनि द्रोपदी पै कर डार्‌यौ । हम मुसकाइ अरु बदन निहार्‌यौ ॥

कहे द्रोपदी सुनो महिमंता । ताकौ नाहिं लाज अरु चिंता ।
तो कामी को लाज न आवे । मेरी कहा परतीत बटावे ॥
जो तोरे मन ऐसी होइ । मेरो बचन माने नर लोइ ।
बाहर नगर जो देवल आहि । आज रैनि उहि बैठे जाइ ॥
होइ रैन जब ही मैं आऊं । सब निस प्रीतम तोहि रिझाऊं ।
बात मान कीचक सो कीनो । देवल माहिं ,आश्रम लिनो ॥
तेल फुलेल अरु पान मिठाई । बहुतक फूल की सेज बिछाई ।
पिन भीतर पिन बाहर आवे । मन चिंता कब नाशी पावे ॥
इहां द्रोपदी भीम सुनायो । भीम सुनत श्रंगार बनायो ॥

सिर सिसफूल बेंदी दई नीथनी अधर अनूप ।
कर्नफूल गले माल है चढ्यो चौगुनो रूप ॥
छुरी चमकि अपार कर कंकन पौंचरी दई ।
नेउर को झनकार ले सुप चली सो कामनी ॥
गज मराल मोहे सकल ऐसी चलत है चाल ।
बने भई जब कामनी सबल भीत भइ बाल ॥

इह विध चली सो देवल आइ । कीचक देप महा सुप पाइ ।
मगन भयो कर सो कर लायो । भीमसेन जब अंग दिपायौ ॥
पटक पछार हाड सब तोरे । भीमसेन मैदा कौ मोरे ।
ज्यौ कुंभार माटी लत लावै । भीमसेन इम त्रास दिपावें ॥

कीचक मार पछारकर दियो भूमि में डार ।
वाके उर ऊपर चढे सू पाछे कियौ विचार ॥

कीचक पान मिठाई लायो । सो तो भीमसेन सब पायो ।
येह विपरीत भीम उहां कीनी । फिर के सुध नगर की लीनी ॥
कहे भीम अब केसी कीजे । माकू कहूं ठिकानो दीजे ।
सिंघ बाघ ले कोइ पावो । मो सिर अगिन भार रहावो ॥

अगिन भार मो सिर रहे कष्ट अकारथ जाय ।
हानि होय इम धर्म की वाचा को पतियाय ॥

इह विध धर्म हान की होइ । वाचा नहीं पतीजे कोइ ।
अगि न हम सो भलपन कीनो । लापाग्रह जारल जिव दीनो ॥

भीमसेन मन समझ के कीनो गूढ़ विचार ।
एक बात और करूं जाते चले हुसार ॥

जब देवल को थंभ उपाड्यो । कीचक की छाती पर धार्यो ।
कीचक ने मार्यो सुभ साजा । दोहरा एक लख्यो दरवाजा ॥

मैं मार्यो मैं नागियो कीचक पटक पछार ।
जो देहरा सुद्ध प्रमौ करै सो ताको भोर ही काल ॥

इतनी चर्चा नगर में आयो । अपने मंदिर बैठ सुनायो ।
भोर भये राजा कहा कीनो । पूजन देव काज चित दीनो ॥
राजा देव मंदिर मा आयो । कीचक तहां मृतक सो पायो ।
राजा कहे सुनो रे भाई । यह अचरज किन कीनो आई ॥

राजा मन चिंता करे कीचक मुयो निहार ।
ऐसा जोध्दो किन हत्यौ मैं नाही पाय पार ॥

ऐसे सोच राजा को होइ । हाहा करै नगर नो लोइ ।
जब राजा इत उत नीहारे । दिष्ट कहूं दोहरा पि पारे ॥

राजा दोहा बांचि मन मंत्री लियो बुलाय ।
मंत्री सो राजा कहे सो याको अर्थ बताय ॥

मंत्री मन मां सोच बिचारे । जो मैं पढ़ूं तो राजा मोहि मारे ।
एतो माकूं अचरज लागे । अब कहा करूं अक्ल न लागे ॥
मंत्री बात दई जो टारी । ए राजा अब कहा निहारी ।
अब तो याकी माटी छीजे । वेगहि राय दाग इह दीजे ॥
थंभे तरे सौ कौन निकारे । ये राजा मन माहि बिचारे ।
बडे बड़े जोधा पचि हारे । को बलवंत सो ताहि निकारे ॥
जब कहे भीम मेरी मत कीजे । ये देवल मां चना भरीजे ।
जाके ऊपर जल छिरकावे । फूले चना निकस एह आवे ॥
भीम कहे सो ही करवायो । राजा अपने मंदिर आयो ।
रात्रि समे भीम कहा कीनो । वा देवल को मारग लीनो ॥
सब ही चना पाय के डारे । पकर टांग कीचक निकारे ।
भोर भयो राजा कूं सुध पाई । कीचक की तब खबर मंगाई ॥
मानस एक देप के आयो । उन राजा कूं सब सुनायो ।
राजा कहे दाग तेहि दीजे । अब छिन भर ढील ना कीजे ॥

वाको कौन उठावन हारो। अब याको सब सोच विचारो।
भीमसेन बोले सिर नाईं। मोकुं हे आज्ञा दीजे राई॥
सुनत राय जब आग्या दीनी। कीचक मोट भीम सिर लीनी।
तब कीचक वाहि संग सिधारे। निकसे दूर नगर से न्यारे॥
सब ले काठ बहू ले आए। कीचक को वहां दाग दिवाये।
अग्नि प्रजाल दाग तिहां दीनो। सब कीचक तीमे ए कीनो॥
पंच काठ देके सब चाले। गही गही बाथ भीम सब डाले।
तीन में एक रहन सो दीनो। जीभ तान के गूंगो कीनो॥
तब हम सबे राय पे आये। राजा कछु मनमां पछताये।
बोल राजा ओर कहा याइ। जब मैं उन से बात जनाइ॥

ऐ मास यो गहे पूछयो याको राय।
जेथी उहां वाढी विथा यो कहे है समुझाय॥

जब राजा पूछौ उहां लागी। बिन जिभ्या कहा कहै अभागी॥
हाथ फिराय मोहि बहरावौ। राजा सुन के अचिरज लावो॥

राजा कछु समझै नहीं उनही कहे निज वैन।
मो तन कर बतराय के करी नैन की सैन॥

जब राजा मोकूं पूछौ आहि। याकी तो कछु जानी नाहिं।
ये तो सत कहत है बैना। तुम नासमझे याकी सैना॥
जब हम दाग कीचक कौ दीनो। सब बांधव मिल परहेज कीनो।
बारह मोहि इनको मन आयो। कुद परे सब प्रान गमायो॥

इत थांभु तो इत परे इत थाभूं इत जाय।
या विधि सौ सबही मुये राषौ एक समुझाय॥

सुन कौरव तुम अैसे भाई। तुम प्रताप हमको दुपदाई।
अब कह्यौ तुमसो कौन पतियावे। सो तो अपनो जीव गमावै॥

[२६१ ई]

तृ० १, च० १ :

(कौरव वाक्य)

अरे भीम बिनती सुन लीजे। मेरी वात चित्त मो दीजै।
हमारे मन माहि नही कछु दगो। तुम सूं दूजो नहिं कोइ सगो॥

(केवल तृ० १ में)

[एक कहे पिंजर में लेहुं। यामें होइ सो ताकूं देहुं।
पिंजर तब निकट चलि आयो। इन आपस में मंगल गायो॥]
पिंजर काढ़ि बाहिर सो लीनो। दोनूं मिल के बाटो कीनो।
पोलि पिंजर देखे जबही। मृतक रूप निकसे तबही॥

(केवल तृ० १ में)

[भलो बुरो कर्म में पठइ दियो करतार।
कर्म रेष नाहिं न टरे सो मेरो ये भरतार॥]

ये जोधा रन बहु बलधारी। सोच करे बासुक की वारी।
नारायेन मोहि काज पठायो। मृतक होय मेरे ग्रह आयो॥
अब तो याकुं मरे जीवाऊ। जबही आन पान लित लाऊ।
है अमृत हमरे घर माहिं। पिता वचन कैसे मैं पाउं॥
तब अपने मन बुद्धि उपाई। काढ कंचुकी गेंद बनाई।
अमृत कुंद पास चलि आई। तहा चौकी बहु नाग रहाई॥
पेलति गेंद दई तिहां डारी। परी जाइ वहे कुंड मझारी।
परत गेंद नाग सब धाए। कटकटाइ वहि ऊपर आइ॥
सकल नाग मन माहिं विचारी। यह कन्या बासुक की प्यारी।
कन्या रोय रोय पछितावे। सकल नाग याकूं समुझावे॥
अब मैं पेल आपनो पाउं। मैं मेरे मंदिर कूं जाऊं।
गेंद निचोइ नाग दइ डारी। लेइ उठाइ हरष भयो नारी॥
चली बेग भीम पै आई। अमृत नेक भीम मुष नाई।
कहे भीम निंद्रा मोहि आई। करो ग्रहे बहु भौजन पाई॥
कन्या कहे सुनो मम बानी। तुम तो आये अमृत पानी।
मैं तुमको अमृत प्यायो। ताते जीव पेट मां आयो।
पूछे भीम कहो तुम गामा। अरु तुम कहो आपनो नामा॥

मै पुत्री बासुक की यह षंड पाताल।
अमृत से जीवित भये कृपा करी गोपाल॥

कहै भीम सुन नाग कुमारी। अमृत मोहि बतावो प्यारी।
अमृत कुंड उन ताहि बतायो। ये तो भीमसेन मन भायो॥

नाग सकल सब मारिके अमृत पीयो अघाय ।
ऐसो हो सो भीम थे सो अब कहा कहूं बनाय ॥

सकल नाग तिहां भागे जाइ । बैठे तिहां बासुकि राइ ।
महाबली ऐसो कोइ आयो । हमें मारि अमृत सब पायौ ॥
जब बासुकि ऐसी सुन पाइ । जाइ गरुड सूं कहे सुनाइ ।
सुनतही गरुड उठे ततकाल । एही बात अचिरज करपाल ॥
महारुद्र यक मतो उपायो । तिहां गोरी कुं तुरत बुलायौ ;
गौरी अब कछु ऐसी कीजै । अहित भीमसेन को लीजे ॥
तुम गाय होय के उठ भागो । मैं सिंघ होय के पाछे लागौं ।
गौरी गऊ भीम पें आई ; सिंघ होइ सिव तास पर आई ॥
गऊ देषि भीम रिस पायो । गदा उठाइ सिंह पैं धायो ।
भीम पेट सिव पंजा छीनो । पेट फार सब अमृत लीनो ॥
भीमसेन जब गदा उठाई । सिव कहे भीम छाड़ दे भाई ।
कपट सरूप दूर उन कीनो । सिव गौरी होइ दरसन दीनो ॥
भीमसेन तब दरसन पायो । तब छिन हथिनापुर को धायो ।
बधु लरय मेरे उर लाई । कुंता भेद बहुत सुष पाई ।

[५६६ उ]

तृ० १ :

मंत्री बिना बात करे न कोइ । तो ताके सिर ऐसी होई ।
एतो हमकूं पूछग लागे । राजा मतो चुक गयो आगे ॥
जो तुम करो बात बिन बूझे । तो सब दल तुमारे झूझै ।
तुम अहंकार कटक का आया । दल झुझाय बहुरो पछताया ॥

[६०२ अ]

द्वि० १ :

एक रंग पीत कुसुंभ रंग नदी तीर द्रुम डारे ।
हेत नीत सुभ लीषिये को दृढ़ होए संसार ॥

[६०५ अ]

तृ० २, च० १ :

राजा मन ऐसी धरै केही सुनो नहिं कोय ।
मंत्री मतो न जानहीं सुनो नृप कैसी होय ॥

[६१० अ]

० १ :

अपने अपने लोभ मों सब कोई रह्यो लोभाये।
चारि पुत्र परदेस मों सात समुद्र जाय ॥

(राजा वाक्य]

कैसे सात समुद्र गयो कैसे गरब किवाये।
वैसे मन अति लोभ कर कैसे समुद्र बुढाय ॥

राजा मंत्री कूं बूझी औसी। लोभी साह भई सो कैसी।
कैसे कर उन पुत्र बिरोधे। कैसे कर उन सायर सोधे ॥
कोण सें देस कोण अस्थाने। कोण नग्र ओ कोण से गामे।
कोण सो धरम कोण सनान। कोण जात कोण वाको नाम ॥

(मंत्री वाक्य)

नगरी येक देस गुजरात। चंपावति नगरी विष्यात।
तामें सब बनिया को काम। माणक साह बणिया को नाम ॥
दरब अपार कमी कछु नाहिं। लोभ रहे वाके मन मांहिं।
लोभ करंता कबहुं न हार। नाहीं गिणे पुत्र परियार ॥

लोभ करत हारे नहीं लोभ करत है आप।
लोभे बंस बढ़ नहीं सो लोभे लागे पाप ॥

माणक साह घर पुत्र जो च्यार। त्रिया आप बढ़तो परवार।
जैन धरम सब ज्ञान बिचारे। लोभ करंता कबहुं न हारे ॥

(तुल० इससे चार ऊपर की पंक्ति)

भाइ बंध मिल सब समझाये। च्यारि पुत्र का लगन कराये।
ज्यात सबी मिल ब्याह न कूंआरी। संदया धरे सेठ मन माईं ॥
ज्या दिन से अब ब्याह मंडाणो। सो सब दाम कागद में लिषाणो।
कौड़ी पैसा और रुपैया। लेषा राष जो मेरे भैया ॥
सगा सजन सब पाहुंणा आये। साहा जो आदर भाव बेठाये।
वाना बेस और मंडप कियो। चीकसा मर्दन दूलहा कूं दियो ॥

म० वार्ता १२ (११००-६४)

दे चौकन्या सिरोपाव पहिराये । च्यारिहु दुलहे चौक मो आये ।
होतन लगो कुटुंब को भाग । माणक साह जलै मन गात ॥
मन कि काहू से कहन को नाहीं । अब कहो कैसी बणेगी भाई ।
परनाया सुत भयो कोइ नाठो । अब मेरो जनि नाम लेवायो ॥
सुनो साहु जी ये पुत्र तुमारे । हम सौं तुमारे काजा सारे ।
करौ लाग कछु होन देवहारे । सगली जो तुम ऊपर प्यारे ॥
च्यारि पुत्र परनाइ घर आवौ । सगरी नात कूं निवति जिमावौ ।
पहिर वस्त्र अरु सरूप आये । सगा सजन सब टीका ल्याये ॥
रोक रुपैया और अशर्फी । सरसा नाफक सब कोइ सेली ॥
टीका लेत भयो चढ़ी बरात । चलि निकस्यो बणिया के साथ ।
रथ बंगला और बेल न आती । सुखपाल दुलहा लियो हो बैसानी ॥
दूल्हे रूप ऐसे नहीं कोई । जाणो दूज के चंद्रमा होई ।
हरषत बदन सुख सहज सरीर । ऐसे बने है ये च्यारो बीर ॥
हासत खेलत सब दिन जाये । अपने साथ बिन पल न सुहाये ।
मजल मजल पर किया मुकाम । जाय पोहोचे सजनहु के गाम ॥
दिया मुकाम बगीच्या माह । खबर बेगि समधी को जाय ।
घोड़े पैठि बिनायकी आई । इत दुलहा ने करी सजाई ॥
च्यारु कुंवर सज्ये चढ़ि जागे । मानूं लहर इन्दी की आई ।
अनुकूल चलाहे बरात । साथ चल्यो बनिता को साथ ॥
चले बेग मंडप माहि आए । समक सास हरष वधाये ।
छीयो तोरन मंडप पैठा । पाणी ग्रहण हर्नी वाले पेठा ॥

सगा सजन हरषत भया खुसी भयो सब साथ ।
माणक साहा मन सोच कि अब कैसी बनेगी नाथ ॥
च्यारि पुत्र परना सही भली भई करतार ।
माया पोई गांठ की लेखा मन मंझार ॥

परन पट्ट कर चोरी सो आये । भोत सामग्री दायजो लाये ।
कीनो सकल आचार विचार । जैसो अपनो कुल वेवहार ॥
भाई बंध कुटुंब हू कुलाई । सब मिलि बरात विदा हो कराई ।
कीनी जुहार और सब सिधारे । माणक साहा को सब परवार ॥
सगा सोई कि विदा कराई । माणक साह मन लेषा पाई ।
च्यारि पुत्र कि बेउरा बुलाया । माणक साहा लेषा समझाया ॥

सुनो पुत्र कैसी अब कीजे। करो कमाई करजो दीजे।
हजार च्यार सादी मो उठाये। जावो परदेस तुम ल्यावो कमाये॥
च्यारि बहू जो रही मंदिर मायं। च्यारी पुत्र परदेस जो जायं।
माणक साय काहे उदास। गये पुत्र मन बंधी आस॥

पुत्र गये परदेस मो माणक मन आनंद।
लोभ धर्‌यो अति द्रव्य को सो मिटि गयो दुष दंद॥
मन मों सोच कछू नहीं नहीं पुत्र की आस।
सब दिन फिरतो लोभ में सो मन बड़ो उदास॥

समधी बहुड़ी लेन कुं आये। दुष्ट सेठ ने नाहीं पोहोचाये।
च्यारि बहू मिलि पीहर जाये। दरब मेरो अब कोण कमाये॥
च्यारि पुत्र परदेस थे आये। सबही कर ब्याह को चुकावे।
जब इनकूं हूं पीहर पोहोचाऊं। जब मेरे सिर को करज चुकाऊं॥
येतनो सुन मेहमान जो जाये। साहा जी रह्या महू कमाये।
आप सेठ ओर घर घराणी। च्यारी बहू वे रह अजाणी॥
षावें पीवें करें बिलास। मन सों कछु न राषे उदास।
सत संगत अपनो धर्म पाले। बड़ी च्यात्र सूं बुध मो चाले॥
नित प्रति हरि सुमरन करे। हरि को नाम हिरदे उच्चरे।
रंभा रूप अनोपम नारी। गोपन रूप कास उनहारी॥
च्यारी सरस कमी कोउ नाहीं। कलम हात सरसुती बनाई।
सक्ती रूप मानो गत अैसी। सीतल बोले मानूं गत तैसी॥
सासू ससरा भरम घर लाजे। अब याके सब नेगी महराजे॥
पुत्र गये दिन मोत लोभाने। आये नहीं सो कोन प्रमाने।
न देष्या देस जो कासद जाये। कोन षबर कहे पुत्र की आये॥
त्रिया सद मातो धिरग जुवाने। या कलजुग को मौन प्रमाने।
कैसे करूं कैसे समझाऊं। त्रिया जात कैसे विलमाऊं॥
माणकसाह मन कर्‌यो विचारे। वेग बुलाई घर की नारे।
कहो त्रिया अब कैसी करा। कैसो सोच हिये मन धरा॥

कहा बिस्वास है नार को ओछी बुद्धि कहाय।
येक जो बिगड़े देव से सो लइ बिगड़े वे च्यार॥

नार भरोसो जनि करो नार नवेली नेह ।
बिगरे तो कुल षोवहीं सुधरे संपत लेह ॥

सासू ने च्यारि बहू कूं बुलाई । सिष दीनी ओर पास बेठाई ।
सुनो बहू बात वचन मोहिं पालो । कुसंगत सूं धरम सों चालो ॥
साहा जी सेठाणी कूं समझाई । मे तो चार मंदिर हू के माहिं ।
पावे पीवे सुष संपत पाले । सत तूं कतहुं के मारग चाले ॥
दोय दासी नित रह हो हुजूरे । च्यारि वचन माने भरपूरे ।
च्यारि बहू की सेवा कीजो । दासी मेरो वचन सुन लीजो ॥

परपंच करी पेहेली बिच्यारी कूं समझाये ।
सासू की साथे गई सो मेली मंदिर माये ॥
दूजो मंदिर रहेण कूं सज घर अंद बीच ।
चौपडी च्यारूं दिसा महल च्यांदणी वीच ॥

च्यारि बहू कूं भीतर मेली । सेठाणी घर रही अकेली ।
भरे भंडार कमी कछु नाहीं । भीतर रहे कोउ सुप न देषाहीं ॥
भीतर मेलि ताला हो देवाया । मायक साहा हिरदे सुष पाया ।
भलो भयो हो मिलो हो संताप । बैठ रहेगी मंदिर हूं आप ॥
षाणे पीणे की कमी कछु नाहीं । बैठ रहेंगी ये मंदिर माहीं ।
कूप निवाण चौपडी जो माहीं । बाग वगीचा वणे सब ताहीं ॥

न बिश्वासे वंस वृद्धि शत्रु मित्र कदाचनं ।
मात से सन चिन्तानां पिता लोभं सुषं धनं ॥

वंस बिरोध कोउ हेत न करही । मित्र ऊपर मित्र जाय मरही ।
माता बिना कोउ भूप न जाने । पिता सो लालच लेस कूं जाने ॥
सुनो चातुर अप बुद्धि बिचारो । पुत्र बिना सूनो परिवारो ।
दीपक बिना मंदिर रहे सूनो । बिना मंत्री सब राज अलूनो ।
सूनो नग्र जहां जल नाहीं । झूठी वृच्छ बवूल की छाहीं ॥

येते की संगत करे बिन मार्यो मर जाये ।
जो जेसी संगत करे ते तैसे फल पाये ॥

बैठी मंदिर सों च्यारि उदास । दोय दासी हे उनके पास ।
कहे कयो सोचे दोउ करहीं । हर को नाम हिरदे सों उचरहीं ॥

करे असनान नेम धर्म पाले । सुसंगत सत मारग चाले ।
ऐसे सत्त च्यारूं को रहिये । सुध कुल की उनकूं कहा कहिये ।
ऐसे करत बहू दिन बीते । च्यारूं रहिये येक दे चिंते ।
येक कहे तो वे तीनो मानें । औ दूजाई चित मों नहिं आनें ॥
पूजे देव करें सब ध्याने । बंधो नेम सो येक ठिकाने ।
सोहे सेज जपे हर नाम । रात दिवस भजन सूं काम ॥
घड़ी येक मंदिर मों सुष पायो । पति बियोग हिरदे मों आयो ।
सुनो सषी आपनो बिच्यार । ध्रग जीवो अपनो हो संसार ॥
कौन दिवस हो जनम दियो नाथे । लिपे लेप अब कोन कि साथे ।
च्यारूं जनम दिवस येक पायो । येकी लेषण करम लिपायो ॥

किन से मुंह भर बोलिये किनसे करिये रोस ।
करम लिलाड़ी आपणी सो देव न दीजे दोस ॥
च्यार सषी सुज सेज मों रोवै नैन असेस ।
अब करता कैसी कीवि सो आपनि बारी वेस ॥
बालापण मों नीपजी पिता दीवि परनाये ।
सजन विना सुन हो सषी जोवन अहेला जाये ॥

दुचो दिवस हर सुमरन कीनो । फुनि महल चादणी चित दीनो ।
च्यारी मिलि बैठी येक ठामे । हर का सुमिरण सूं नित कामे ॥

च्यारी च्योबारां चढ़ी रोवै नैन असेष ।
संकर तुम किरपा करो सो उमिया नाथ हमेस ॥
च्यारी निल चरना पड़ा सदा तुमारी दास ।
सुष संपत देष्यो नहीं सो मन मों मोटी आस ॥

झुरे नैन जो मोती झर लागी । संकर ध्यान सूं सकती जागी ।
जागे सिव जब सकति यूं कहिये । चलो स्वामी जुग को सत लहिये ॥
सिव पारबति उठि के जा ध्याये । कैलास छाड़ करि जग महं आये ।
जुग महं सत रापे कोइ अपणो । झूठो जग दिन च्यार को सपनो ॥
च्यारूं रोवे घडी हू न सोहावे । आंसू पड़े छाति भरि आवे ।
ऐसे करत दिवस ब [illegible] । सिव पारवति तिहां निकसे आये ॥
सकती रूप सकल हू की राणी । उन च्यारूं की सनहू की जाणी ।
रंभा रूप सोहंनी नार । जोबन रूप काम उणहार ॥

रुती रूप दवाग्न जुगो भैसी । जोबन रूप नै काली वैसी ।
रोवत आंसू धरनि पर डारे । सकति देष ऊंच्यो नीहारे ॥
व्याकुल बरषन लागर कारन । बिना धर्म शो पानी परेत ।
देखो सकति त्रिया दुख दोसै । रोवति देषी रंभा रूप रोसै ॥
देषि त्रिया च्यारि रुदना ही चाई । सकती सिव कूं वचन सुनाई ।
सुन हो स्वामी वचन चित दीजे । इनहूं को दुष दूर करीजे ॥
सुन सकती तुम भये अंधारो । इनहूं भवन मत मान हमारो ।
अपने काम कारण जन रोवे । फेर बात माने ना जोवे ॥
जुग मों ऐसी सदा मिल होय । पारवती पाछे नहि जोय ।
चलो कबिलास अब बिलम न कीजे । मेरे वचन श्रवन सुनि लीजे ॥
सुनो इन को दुष दूर जो कीजे । पूरन कृपा अनुग्रह कीजे ।
येह च्यारी हैं आज्ञाकारी । इनकु दुष बहुत है भारी ॥
तुम इनको दुष दूर मिटावो । तब स्वामी कबिलास मों जावो ॥
ऐसो हठ पारवती ने कीनो । उनहू को दुष दूर करि दीनो ।

से [हि] जे सुष पायो सही सिव जी मिलिया आये ।
संकर सिर ऊपर भये सो दुष दालिद जाये ॥

सो वं उंधे सिव वचन सुनायो । पल मात्र मो प्याल दिपायो ।
लिखकर सिव सकति नहो दीना । सिवका बचन कंठ करि लीना ॥
नाव काट किम भव जल तारे । देष तमासा या जुग मंझारे ।
पै उपदेस गये कबिलास । च्यारुं मन को भयो हुलास ॥
पड़ी साम तब देषे जाई । अगर चंदन को लकड़ पड्यों ताहीं ।
ऊपर बैठि सिव सबद सुनायो । अगर चंदन पर दीप दिपायों ॥
रतनाकर सागर भरपूर । वसे नग्र हां चकनाचूर ।
पडी जहाज कछु गिणत न आवे । मोती सूंगा की कौन चलावे ॥
देवी देव वसे कबिलास । भरयो नग्र जाणे बैकुंठ वास ।
देषि त्रिया दुष भागो हो सवहीं । ऐसो नग्र है देषो न कवहीं ॥
देषि नग्र भई पुसियाल । रंभा रूप अनोपम चाल ।
च्यारी गहे नग्रहे संझारे । देष्यों भाव नग्रह मों सारे ॥
च्यारि त्रिया कूं देषी सहुनारे । की आरती ओर हरष अपारे ।
कुमकुम केसर उबट नहाई । माथे तिलक करी हो वदाई ॥

सारो दिन दरसन कूं लजाये । सहाज समें उनकूं पोहोचावे ।
असे करत दिवस दिन जाये । भोत पुसरे त्रिया मनहि के भाये ॥
नित उठि सेठ चौषंडी मो जाये । करे दुवारी गउ कि हो आय ।
छोडे गऊ गुवाल ले जाये । माणक साह पुसी मन भाये ॥
मैं निज देषूं चंदन की ठान । चित चौकानो मन कीनो ज्ञान ।
या चंदन कूं कोन उठावे । याको भेद अब कोन बतावे ॥

भेद छेद किनसे लहूं किनसे पूंछूं जाये ।
अब मन धीर बिच्यार के रहूं रैण या माये ॥

रह्यो रैण मन माय विचारी । सांझ समें वे आवे नारी ।
सिव सिव करके बचन उच्यारे । गयो अग्र समुद्र के पारे ॥
टापू माय उतारे जाई । पडी जहाज कछु गिणती नाई ।
हीरा जुवाहर पदारथ पाये । भर जीवा सब दरस भराये ॥
पड्यो है दरब कमी कछु नाई । भाग लिष्यो सो सबहू कूं पाई ।
देस देस के महाजन आये । होय लेषा कहा जहाज भराये ॥
वैठे ग्रहे सहुकार स धीर । पड्यो है दरब समुद्र के तीर ।
आपणी आपणी हद जो बणाई । मरजीवा वाहा धीर धरि जाई ॥

लाल पदारथ रतन बहु मरजीवा धरि जाये ।
अगर चंदन सूं निकति मूरष देषे जाय ॥
च्यारि गई हे नग्र मो कुल अपने अस्थान ।
मूरष रह्यो येकलो वा टापू के माये ॥

च्यारि आपने गही मुकाम । मूरष रह्यो उने मेदान ।
निकलि करि जब बाहेर आयो । रतन पदारथ भोत वाहा पायो ॥
लिया पदारथ हीरा औ लाल । बांध्या गांठ हुवो पुसिहाल ।
मोती मूंगा मोलका लायो । मन छाहती सो सब कछु पायो ॥
माल लियो अगार मो पैठो । मन हरष वा ढूंढ्यो वैठो ।
अब मन हरष भयो पुसिहाल । जनम जनम लग हूवो निहाल ॥
येतने सांझ पड़ी च्यारूं आई । मन आनंद इच्छा पाई ।
वैठ अगर पर सिव बचन सुनायो । पल मों वेगि मुकाल पर आयो ॥
कियो बसेरो मुकाम पर आई । निकस्यो गुवात वेगि घर जाई ।
मन आनंद कछु कहत न आवें । माता भोजन वेगि बनावें ॥

दियो भोजन सुष भयो रस धीरा । फेर जाइ गउ छाडे अहीरा ।
येक दिवस गउ चारन जाये । दूजे दिवस रह्यो घरहु के माये ॥

जिण घर माया पाउणी जिन सूं सब कुछ होय ।
नेन नजर उठी रहे येह पटंतर जोय ॥

घर में बैठो कमी हो कछु नाहीं । करम लिष्यो सो नव निधि पाई ।
बंधी गऊ सो सठे दुष पावे । दाम न षरचे गऊ भूष मारे ॥
अैसे करत दिवस येक आये । दूजे दिन सेठ वाके घर आये ।
क्यूं रे मस्त हुवो मद मातो । गऊ चरावन क्यूं नहि जातो ॥
अब मेरे मन माने सो करिहूं । अब मेरो मैं उहिम करिहूं ।
तेरो कह्यो अब मैं नहीं करिहूं । मन माने सो ही चित धरिहूं ॥
रह्यो अचकाये बोल्यो अब अैसो । जावो सेठ आपने घर बैसो ।
खुसी पड़े ताकूं देष गुवाली । मैं मेरो दीयो बचन जो पाली ॥
गयो सहुकार रोस भरि ताई । मन मो क्रोध कछु कही न जाई ।
अब मैं याका लछन पाऊं । तो याकूं हूं सीष लगाऊं ॥

कियो पसारो गुवाल ने माणक मनि भरमाये ।
रपे षजीन बीच से मूरष यो ले जाये ॥

साहूकार कमी कछु नाहीं । माणक साहा मन भ्रम भुलाई ।
सीतल बैन बोल मन दीजे । सुन मूरख अैसो काम न कीजे ॥
आव दुकान बचन चित दीजे । तेरी मेरी पाथी कीजे ।
लेवो दरब कमी कछु नाई । अब तू मेरी देष कमाई ॥

दगाबाज सब से बुरो कान लाग मत लेह ।
पहिले थाग बताय के सो पीछे गोता देय ॥

अैसे कर कर पेठे लियो । ले पेठे ओर घर माहे लियो ।
या हब्बको ते देहको पाठो । करड़ सरड़ कर बांध्यो काठो ॥
ले चाबुक और त्रास बताई । कह रे माया काहू से पाई ।
उलटी बोल न त्रास बताई । मेरे घर को ते दरब उडाई ॥
बचन सुनत तब मुष सूं बोल्यो । अरे भैया मोकूं राय ने दीयो ।
येह चंदन तेरे सुष आगे । या मोहे बैठन को लागे ॥

या सो बैठ पर दीप मो गयो । करता कस लिष्यो सो दियो ।
मोरी ठास कमी कछु नाईं । हीरा माणिक वाही के माहीं ॥
सुनत वचन जिव लालच पाये । थेला लेकर वाको भरायो ।
अरे भैया भली बात कही ही । सुनत वचन वाको छोड्यो तबही ॥
साहा जी आयके वासो कीनो । साज पड़ी त्रिया ने चित दीनो ।
सिव के वचन असे मन पाये । उडि चंदन परी दीप मो जाये ॥

माणक साहा मन लोभ भो गयो समुद्र पार ।
त्रिया च्यारि सुष मंदिर गई या मन हरप अपार ॥
लोभ पाप को मूल है बोवे जग संसार ।
धरम कीज अब पुन्न है गुरुगम ज्ञान बिचार ॥
करनी करे सो क्यूं डरे कर कर क्यूं पसताय ।
बोवे बीज बबूल का सो अंब कहां सूं षाय ।

च्यारि मंदिर गई वे नारे । साहा जी रह्यो टापू मंझारे ।
भर थेला भीतर हो दीना । ता पाछे साहाजी बैठन कीना ॥
हीरा मोति जवाहर नग सारा । भर्यो दरब आनंद अपारा ।
चुपको बैठ्यो रह्यो वा माहीं । सांझ पड़ी त्रिया चल्ल कर जाहीं ॥

भर्यो बीज अब पाप को लालच बुरी बलाय ।
बैठे ऊपर मंत्र कह्यो सो अब उड्यो नहिं जाय ॥

उड़े नहीं जब कलपि वे नारे । सिव को बचन कियो उच्चारे ।
अब सबी चिंता भई मन भारी । आप हाणि अरु कुल हू कूं गारी ॥
भीतर माणक साहा यूं बोले । सुनो बहू मेरो बचन अमोले ।
बचन सुने मन लज्जा पाई । लाज करी सो आ गुन आई ॥
सिव सकती तीनि बार संभारी । अहो देवि पत राष हमारी ।
सुनत वचन घड़ी ढील न कीनी । ततकाल सकती पवर जो लीनी ॥
उड्यो अगर सकती वचन सुनाये । ततकाल पड्यो समुद्र के मांये ।
साया सहित डुबे तेही बारी । च्यारू सकतिन लीनि उबारी ॥
गई मंदिर सो सोत सुप पाई । सकती गई कविलास के माहीं ।
दिना दोय में वे च्यारूं आये । नारी निरष सोत सुष पाये ॥

पाप पुन्न दोय बीज है बोवे जुग संसार ।
पापी बूड़े मध्य में सो धरमी पेले पार ॥

[६१२ ड]

द्वि० १, तृ० १, च० १ :

ये देवन को भाव बात बनाय केतिक कहूं ।
मानस को न सराह देव अंस बिन कोउ नहीं ॥
ना ऋषी कुरुते काव्यं ना रुद्रो हेम कारिकं ।
ना देवांश भवे शूरा ना विष्णुः पृथ्वीपतिः ॥

ऋषी बिना कोउ काव्य न करही । लक्ष्मी अंस रुद्र तिहां धरही ।
क्रसन अंस सोइ राजा जानू । देव अंस पड़े नहिं सूरा मानू ॥

(द्वि० १, तृ० १ में अंतिम दोनों चरणों की शब्दावली कुछ भिन्न है)

[६१४ अ]

तृ० १, च० १ :

सुन मंत्री में इतनो लहूं । विधना की बात कहां लूं कहूं ।
सकल कर्म दइ लिषे प्रमान । तामें कौन मिटावे आन ॥
जो मधु नीक करी कहु आले । तो सब दल को कीयो पैंकाले ।
ऐसे वचन राय समुझावे । तब तारन नृप को शिर नावैं ॥

[६१५. १ अ]

तृ० १, च० १ :

उन दल को सुमार बतायो । दूजो पाहरू देख्यो आयो ।

[६१५ अ]

च० १ :

कहा सुमार कछु कहूं अनेरी । दीसे से सब काली धोरी ॥

[६१८ अ]

तृ० १, च० १ :

सिंह ठाढो गरजे घणो दल घेर्यो सब आज ।
सूला पाले बिलाबड़ी ज्यूं परहा घेरे बाज ॥

[६२५ अ]

तृ० १, च० १ :

पुत्रं प्राप्त करी भवां दुपतरी सुबुध रार्थ पुरीं ।
पापस्तापहरी प्रबोच सचरी चक्रादि सो सुंदरी ॥

आनंदप्रद हरी यं धर्मधाम नगरी या पग चित्राधरी ।
चंचल शुभ मति विद्याधरी नेजस्वरी शंकरी ॥

[६२८ ग्र]

प्र० ४, द्वि० १, तृ० १, च० १ :

कुंदन पुर भीमक सुता देवी रुकमिणि बाल ।
हरी हरत हारे असुर सेन सहित शिशुपाल ॥
सुर असुर पन्नग मिले सिंधु सुता के हेत ।
दधि बिलोय हरि लै गए तेरह रत्न समेत ॥

[६२८ ग्रा]

द्वि० १ :

बांभन गयो बलि टागे दधि बांध्यौ भव रास ।
धेन चुराई गोप संग ग्रैसे रूप मधु काम ॥

[६२८ इ]

तृ० १, च० १ :

ऊषा बाणासुर घरे प्रदुमन कृष्ण कुमार ।
सपने मिले संयोग से वाकी यह घर बार ॥
देव अंस मानुष मधू ईश्वर के अवतार ।
याके सरभर कौन है भूले मत संसार ॥

[६२८ ई]

प्र० ४, द्वि० १, तृ० १, च० १ :

ऊषा धीय बाणासुर घरे । लै राखी सत खंड धौलहरे ।
जतन किए अति देवन के डर । पै जाकी ताकी ताके घर ॥

[६२९ ग्र]

प्र० ४, द्वि० १, तृ० १, च० १ :

बग मैं हंस दुर्यो नहिं कबहूं । जाणैं नहीं पटंतर तबहूं ।
सुता जाणि हुय बिभ्रम दौरे । देखे दूध छाछ दोउ धौरे ॥

हंस स्वेतः वकः स्वेतः को भेदो वक हंसयो ।
क्षीर नीर परीक्षाया हंसो हंसो वको वकः ॥
हंस स्वेत बक स्वेत है तक्र स्वेत पय स्वेत ।
परै साम लै जाणियै सिंघ स्याल इक पेत ॥

वायस ग्रह पिक ग्रंड दुराऐ। बाढ़े तौ लुं भेद न पाए।
फुनि न्यारे न्यारे उड़ि चरें। अपनी अपनी ज्यात न दुरै॥

[६३१ अ]

प्र० ३, ४, द्वि० १, तृ० १, च० १ :

लोकाचार न कीजिइ तो लुं कुन पतिग्राइ।
लोक लाज ते सब करे कहा रंक कहा राव॥
मरबे तें कोउ न डरे जौ मूये जस होय।
अपजस जीतव जनम लगि बुरे कहें सब कोय॥

(तारन वाक्य)

तेरो कछु दूषण नही विध के खेल अक।
गाए सो फेरि न गाइए अब अप नीर न मत्थ॥
जल बाधे पंडवन बधे प्रबल गगन सुष दुद्ध।
जेसो जेसो करम बढे तेसी तेसी बुद्ध॥
बल पौरिष बोहत निरवहिये। लषे क्रम सोई फल वहिये।
मथे उदधि हरि तपमो लहे। हरेक कंठ हलाहल रहे॥

(राजा वाक्य)

सुनि तारन तें भली बताई। जो कछु लषे होत सो पाई।
जब अब हासी बुरी अब लागे। अनते ज कहुं मुंह आगे॥

(तारन वाक्य)

तैं सुप ते बनिया कहे अब बनिया क्युं होय।
अब बनिया ऐसे भइ बनी बनाई दोय॥
दोय बनरी एक बनरा बन्या। ता में एक ब्राह्मण की कन्या।
राजपूत द्विज बनिक विसेषी। त्रिकुट मिले तहां कहां कुल पेषी॥
देवन कोऊ भेद न पावै। तू तिहां बनिया बार बतावे।
बल पोरिष आ कारन बुझै। इतनी भई तोर काहा सूझै॥
कंकर पत्थर परषिए मन मानक नी जात।
हलत चलत गज परषिए यूं सूरन की बात॥

[द्वि० १ में अधिक :

दुष की नाटिका कहे देत बिन बैन।
प्रीत दुराई ना दुरै सुमन कि जारी मैन॥]

[तृ० १, च० १ में अधिक :

भूली गत बूझै सबी आठो पहर दिन रात ।
ऐसी सुघड़ी चित्रराइके गत अनवेगी बात ॥]
नटवर नर सूझै नहीं पंग पाग के भेत ।
मेघ अंक कि कारनें तुन मान जनदेव ॥

[६३३ ख]

प्र० १, २, ३, ४, द्वि० १, तृ० १, च० १ :

जो तुं जास साप लै मरी (परे) । अनवेगो अति चालें करे ।
तेरे तो तन पाग (पागें) बीनी । काहन सुजग सु रही न पेती ॥

(वेगा अनवेगा प्रसंग)

मंत्री कारन नृप कहै तुम जाणो सब भाव ।
वेगो अनवेगो कहो सो मोही भेद बताव ॥
तारन कारन नृप कहै चित दे सुनियो राव ।
जो बूझो तो सब कहुं होय पंनग किम भाव ॥

(प्र० १, २, में उपर्युक्त अंतिम)

पंथी एक उरगना सोई । उतरो आन बजार में सोई ।
मोची को घर ढूंढत आयो । बोड़ा को उरहा भूलायो ॥
मोची कहै अर्थ नीकै जाबो । डेरे जाइ उलास उपावो ।
चढ़े लकारे सारिग आदो (?) । उरहा वर में सेलु जोई (?) ॥
जेही भीत में उरहा डार्यो । जहां बेठो साप सीत सो मारो ।
भोर भयो तबही चढि आयो । बास भोर वाही बणावो ॥
पकडि सुदि चरण सुं दाबी । चपक मानुं चीपइ बांबी ।
बोकरि बेन सुर नाख्यो । चपटो भयो चाप सो पसरो ॥

[च० १ में अधिक :

ओड़ा डार्यो काट के चमर कुंड के भाय ।
फुलग मार्यो सीत को आन परे ते साय ॥

तृ० १, च० १ मे अधिक :

प्रात भइ पंथी चलाय के ओरगना मन भाव ।
मोची आन जगाइयो सो ओड़ा देव बनाय ॥

कछु जाग्यो कछु नींद में हडबड उठियो आप ।
ओड़ा बासन मों रह्यो कर सूं पकरो सांप ॥
तन तुसार से ठरहर्यो कैसे करे प्रकास ।
अपने पराक्रम जो करे सुषहि न बिगसे तास ॥
मोची निद्रा खुल रही कछु येक उघरे नैन ।
अंधकूप तिस प्रात की सो घरा पाछली रैन ॥
कंकर भाजे घोटके चमर लपेटे जाय ।
पंथी घोरो ल्याय के ओरा दियो लगाय ॥]

चमर करी वाके करि दीनो । वानपता बंध कै लीन्हौ ।
चलो पंथ कछु फहम न राग्यौ । वांबी के पन्नग देषौ ॥

[द्वि० १ में अधिक :

तहां एक सर्प बांबी सो निकर्यो । बांधे सर्प सो झगरन पकर्यो ।
वाद बिबाद करन वह लागे । सुनी बात उरगानो जागे ॥]

(बांबी के सरप वाइक)

फिट रे सरप लाज तोहि नाही । पंडर सु मुष परसत नाही ।
डसत नही सो कारणि कोन । सूरप मुंदि रहो मुप मोन ॥
जो तुं काम पर्यो नहीं कारे । तो तुं सबल तबल भारे ।
फुनि वे लीछन सबे बीसारे । बेगो पर जबै बांवी वारे ॥
मीलै न कोउ भेद बतावै । वांबी कूं तातो जल नावै ।
सगरो माल घोद घर ल्यावै । तब तेरे वल नहर आवै ॥
ए सभ बात सुनी उरगानै । को बोल चित्त त्रिहु कानै ।
वेग अनवेग दोउ सांपन । बाद बीवाद होत है आपन ॥

[तृ० १, च० १ में अधिक :

मन संसो पंथी पर्यो चिहूं हिसि देषे धाय ।
दोपद चोपद और नहीं वन मां कौन वताय ॥]

जव चेतन यों पन्नग एक डरो । चूको कूद पर्यो वजि घोरो ।
हाए हाए पाए तैं वंच्यौ । करता आप संपूरन संच्यौ ॥

हूब ब्योपरी घोरो उलझी । जीस्वारथ चार बीच्यारही ।
काढी खडग धाय के मारुं । कैसी कार बंध काढि के डारुं ॥

(वेशा साप वाइक)

अब सूत्रो वेश्यो भन्यो फूली सती छोरे सोय ।
सुनि पंथी पंनग कहै चार (चारो) हते न कोइ ॥

(उरगना वाइक)

अहि नाहर गज सरप को वैन चित्त न धराए ।
जगन पतीजे तास कूं मूए देषि डराइ ॥
पंनग तणै पटंतरै जग नाहर मम कंथ ।
वेस्वा पदहम नागरी पोहवी पूरष समर्थ ॥
वद (वेद) विहाय मंत्र तस सतगुर के उपदेस ।
अही सरप मरजाद बलि सब अवनी सिर सेस ॥

जे सत्य हेत आहि सिर अवनी । सथो सीधु ताहिं तेता कवनी ।
नारायण ताके सोइ आसन । जो कोउ लहै कहै सोई चासन ॥
तैं तो सोसूं इह भलपन कीनो । मूये को अपजस नही लीनो ।
अब हुं मरत मरत जस लेहुं । तो कुं बहुत द्रव्यौ मैं देउं ॥
एह वांबी तेरे मुह आगै । तामै सरप अहो निल जागै ।
कनक रजत तास पर बैठो । क्रिपण काल रूप होय पैठो ॥
पाथर लो घर में धन ल्याए । कीहुं दीयो न आपन षाए ।
धीय न पूत बेहन न भाई । मर कर जोनि सर्प की आई ॥

[तृ० १, च० १ में अधिक :

माया संगत्रि (ति) मन धरे बिलसी कबहुं न ऊस ।
तासे जिव तन मो रह्यो सरप भयो ते सूम ॥
सुन पंछी पन्नग कहे पानी तातो डार ।
कनक कराही इन तले सो निकले मोहोर अपार ॥

पंथी एक जो बुध्य सुन लीजे । बांवी कूं तातो जल दीजै ।
साप मरै अर भीतर भीजै । तब तू द्रव्या काढि कै लीजे ॥

जा धन पर पंनग रहै मुगता कुंजर हत्थ ।
मृगमद नाभि कुरंग के सो जीवत न आवे हत्थ ॥

(यह छंद प्र० ३ में नहीं है)

राम नाम रसना रटति देह प्रान अरथ्थ ।
पंथी सूं उपगार करि छोडे प्राण समत्थ ॥

[तृ० १, च० १ में अधिक :

ओरगने मन चिंतियो कौन करेही उपाव
अचरज बात जरे नहीं नृप सुन ले जाय ॥]

पंनग पता के बंधे जो न्यारे । उरगना सब बात विचारे ।
इन तो मोकूं भरम भुलायो । सुपनातर सो सोहि फसायो ॥
बड़ी कराही कहां तैं लाऊं । दस पपाल पानी ओटाऊं ।
इतनो सामो जब करि पाउं । तब सो जल बांबी बूं नाऊं ॥

सती नाहर केहर करज पंनग लये गरत्व ।
सूर सुरन मृगमद ए जीवत न आवै हत्थ ॥

[तृ० १, च० १ में अधिक :

केसरि केस भुअंग मणि सरन सिंह को लेह ।
सती प्रीत त्थूं को लहै सो येह जान चित देह ॥

केसरि केस कौन छुपै भाई । मनि पंनग को लियो न जाई ।
सती परोवर अगन समाना । निरषे जाको जाये षेयाना ॥
जंगल मों बांबी पोदाऊं । हेम चुराय मैं कहां छिपाऊं ।
नृप सुने तो लेन न पाऊं । अब में सूधो नृप पे जाऊं ॥]
एह आरंभ मो पै नही होई । राजा विना न खोदे कोई ।
ए सब वात नृपत सुनाउं । मेरे भाग लषो सोइ पाऊं ॥

(बांबी का सरप वाइक)

उरगना की बातै पंनग नै सगरी सुनी ।
बांबी नृप क जान सन्मुष होय बोलो फुनी ॥

[तृ० १ में अधिक :

से किह कारन योनियों बात करत भयो पाप ।
बांबी मां सूं निकर कर बाहिर आयो सांप ॥

च० १ में अधिक :

दूध मलाइ के ठांइयें जु दन्त्री तुगी हराय ।
नर्क लोक कूं संचरे सो जिसा काल कूं जाय ॥
पर घर सूली देख ले अपने मन रावे मनि ।
सुनो हमारी बात चुगली तुम कहि हो जनि ॥

तृ० १, च० १ मे अधिक :

उरगाने ऐसी चित धरिहै । बांबी सर्प कहा उच्चरिहै ।
सुन पथी मैं मन की कहूं । बचन एक तोही मैं लहूं ॥
तुम्हि भावे तो करूं उपगारे । दूध अहार भरूं भंडारे ।
कहे सर्प सांची है सोइ । पन अब सभाव कहां लौ होइ ॥

रत्न पुराणि मर्माणि जे वदंत नराधम ।
ते नरा भाय संदेहो वल्मीको विसिको अहि ॥

(अन्य प्रतियों मे यह छंद बाद में आया है

च० १ मे अधिक :

सुन पन्नग जब बोले बानि । ये तौ भई मलियापुर को कानि ।
तब पंथी तू नाग कहाइ । हो परतीत मेरे जिव होई ॥

तृ० १ च० १ में अधिक :

(उरगाना वाक्य)

कैसो नगर कैसी होइ बीती । सोही प्रसंग कहो मुझ सेती ।
सुनि प्रसंग जिय मों सुष मानूं । ता पाछे विचार जिय ठानूं ॥

(बांबी के सर्प वाक्य)

कहे पन्नग पंथी सुन लीजे । जो बूझे तो बचन सुन लीजे ।
मलियापुर मां भई है जेही । बात सुनो तो कहूं सनेही ॥
नगर मलियापुर हरदत्त राय । सूतो पेलियो सेज बिछाय ।
तिहां नागन एक गर्भ सूं रहे । भई प्रसन्न बालक संग्रहै ॥

भागो येक षातो जब जान्यो । सूतो राय सुष माहिं समानो ।
पीवे पवन बड़े अति देहे । षीन रोग बदे राजा की देहे ॥
अति घने देश के बैद बुलाये । निकाल रोग काहू ना पाये ।
अति दुष भयो बहुत ही राय । येक दिवस आहेड़े जाय ॥
प्रान सुषना उपजे अंग । रहे रैन बन तेही प्रसंग ।
निस निद्रा वस भयो है राय । बांबी सर्प निकस्यो तिहां टाय ॥

डोलो बड तले राजा पौढ्यो आप ।
बांबी सर्प जब बोलियो सुबद सुनो उन साप ॥
उतते बोलो बांबि को उदर सर्प सुनु कान ।
नृप भंपेउ निवेरसे सुष मां बैठो आन ॥
आस पास वातां करें होने लगी निदान ।
येही बात चित धार के सो मंत्री दीनो कान ॥

राजा सूतो नींद संभारी । पाछे मंत्री बहु दुष सारी ।
सर्प बांबी से बोलन आयो । नृप उदर से वे उठि धायो ॥
सुनतहि बचन उदर ते निकस्यो । आस पास पर बिग्रह परयो ।
नाहीं सर्प तू मूरष नानी । राजा कूं दुष देहे अग्यानी ॥
जे कोइ बैद मिले रे भाइ । चूनो घोल पिलावै राइ ।
मृत होइ अरु ठाहर छांडे । पुनि बिग्रह तू का सूं मांडे ॥
घरसी बहोत तहां सुष पावे । इन बातें जिय काय गमावै ।
उदर गंध बैठक कहा करही । सबल सुष जीव परिहरही ॥

(उदर सर्प वाक्य)

उदर सर्प कोप जो करही । कनक कराही तले दे रही ।
तातो तेल कर डारे कोही । सगरो माल ले जावे सोही ॥
धन बल तोहि बोल ना आवे । मिलै न कोऊ बैद बतावे ।
कृपन सुबरन देष भुलानो । सो कूं बोल वचन कियो सयानो ॥
मंत्री दोउ बात चित दीनो । प्रात भई तब गवन ग्रह कीनो ।
राजा तलफ मरे तिहां बारी । चूनो मंगाइ सुष में डारी ॥
तलफि सर्प मूवो तेहि ठाई । राय रोग सब दूर नसाई ।
सौ सब भाव कियो परधान । चित मां आन्यो वोही ग्यान ॥

तातो तेल उन डार्‌यो जबही। माल धन सब ले गयो तबही।
बरस साठि पैंसठि कै अंति । पंडित हैय महा गुनवंत ॥२७॥
सुनि कैं न्रिप ग्रैंसैं पयरै । जौ मालती पढिवे की करै ।
तौ ज पढायां कछुक सोय । भीतरि जाय बुझिहौं लोय ॥२८॥

दोहौ

काली कलम कपाल की विधना लिखी सुभाय ।
मधु मालती मिलाप कौ लागौ हुंन वपान ॥२६॥

चौपई

गयो राय अंतेवरि जहां । कनक माल रानी ही तहां ।
राणी प्रति पुछै यह भेव । पंडित येक महा दिजदेव ॥३०॥

दोहो

राणी पहली मालती कहै बयन तव राय ।
मेरे मन भी पढन की सो नित्य मिली ज आय ॥३१॥

चौपई

मन मैं सांसौ भयौ भुवाल । देखि तबहि मालती बिसाल ।
कन्या वर प्रापत कुं भई । वेगि वपाय करनौ अब दई ॥३२॥
छिनक वार चिंता इम करी । फिरि मन मांहै अवरै धरी ।
पढिवे कारनि लागी रहै । तौलुं वर ढुढ निप कहै ॥३३॥
चंद्रसेनि पुनि रांनी कहै । पंडित ढिग मंत्री सुत रहै ।
ताकौ कीजे कौन वपाय । रहत संदेह मांहि मन आय ॥३४॥
मंत्री पुत्र नाम जब कह्यो । सुनि मालती जीय सुष लह्यौ ।
जाके संनि मिलिवे की तीस । मनसा कौ दाता जगदीस ॥३५॥
रानी कहै पढैंवो तहां । पट परेष बंधियौ जहाँ ।
मालती कहै होह कीउ जाम । मेरै येक विद्या सुं काम ॥३६॥
यौं ज वचन न्रिपि सुनि कै पायौ । तब ही पंडित वेगि बुलायौ ।
पट परेच आडी तहां भई । पढिवै कौं पाटी लिषि दई ॥३७॥

जो जो अछिर पंडित देय। सो मालती सबै लिपि लेय।
नांवा बांचे आराम गढी। मानौ चद्र मांझि ही पढी ॥३८॥
मंत्री सुत कछु अधिको पढौ। तब मालती चौप चित चढो।
निमष येक में लेय सिलाय। दोऊ दसन वरने जाय ॥३९॥
पट परेच कैं वोहित रहैं। वचन ववेक परसपर कहैं।
मधु मालती दोऊ परबीन। दोऊ अधिक कोऊ नहि हीन ॥४०॥
येक दिना गुर बन कुं गयौ। मन सैं गुफ मालती थयौ।
जब परेच डिग भरी कै नैं [न]। निरष्यौ मधु जैसो ही सैन ॥४१॥

सो [र] ठौ

भई विरह बर नारि मधु सुरति निरष्यौ जहां।
कीजै कौन उपाय मन मैं यौ सोचन लगी ॥४२॥

चौपई

मालती तबै परेच ज फारी। कर गहि दई फुल की मारी।
लागत मधु ऊचौ सौ देष्यौ। मालती बदन चंद सौ पेष्यौ ॥४३॥

सोरठौ

चितवन चाख्यो (चारयो) नैन मानौ लाये बानवरि।
प्रगाट्यै (प्रगट्यौ) मदन जलाय प्रीत हेत मधु मालती ॥४४॥

चौपई

मधु तौ सकुचि तबै यौ करी। नीचा दिसटि धरनि मैं धरी।
तब मालती अैसै जस भारौ। मधु ऊपरि फिरि फूल ज डारौ ॥४५॥
मालती निकटि पठैवन सोय। तौं परबीन सदन त्रिधि होय ॥

सोरठौ

तू ज रह्यै (रह्यौ) सुप मोरि हुं निरषु तुव बदन कुं।
कुंन सयानप तोहि बोली अैसे मालती ॥४६॥

चौपई

मालती वाच :

मधुर महाफल देखि रसोई। खायें बिन ना रहै ज कोई।
फल न छोडि ज देषि र नैना। कहत सकल हैं अैसैं बैना ॥४७॥

मधु वाच :

चंद्रायन फल सुंदर होय। षादे कुं ईछे ना कोय।
बिन बुझै जो चपै जोई। ताहि समान ना सुरिष कोई ॥४८॥

मालती वाच :

भरे सरोवर मै रहै प्यासो। फले ब्रिछ जित रहै निरासो।
कैसे कै ताही कु कहिये। पुनि ताकौ वतर क्यै (क्यौ) लहिये ॥४९॥

मधु वाच :

फल की भुप न जल की प्यासे। मैंन रंग तैं रहै वुदासैं।
मेरे वयन जोय चित दीजे। भागै ताकी पीठि न कीजे ॥५०॥
मधु मालती सी बौहतैं टारै। मालती यह मनसा नही डारै।
मधु तव (?) येक अपरव बात। पटतर दई मालती गात ॥५१॥

दोहौ

बाढै सकलि सनेह म्रग सिंवलि जैसी भई।
मधु जंपै गति नेह समझि देपि जीय मालती ॥५२॥

चौपई

मालती मधु कौं सबद सुनावै। म्रग सिंवनि की बात बतावै।
कैसैं भई सोय हम कहिजे। लै बिचार जाकौ कछु एहिजैं ॥५३॥
मधु जंपै हु कितेक जाऊं। जौ बुझै तौं तनक सुनाऊं।
येक म्रिग अति कांम कौ मातौ। म्रिगिनि मांझ रहै रस मांतौ ॥५४॥
चरैं हरयै तिण निस दिन सारौ। अति रसमंत भयो जीय गारौ।
नौ दस म्रिगिनि मांहि हजारौ। जामै बल चौह सायर कारौ ॥५५॥
दूजै बनि येक सिंवनि रहई। बिरह विथा वौहते तन सहई।
येक दौस सिवनि म्रग देष्यौ। अति मैमंत जुपरमधि पेष्यौ ॥५६॥
तबही सिंवनि लागी जरना। प्रगट्यै काम महादुष भरना।
मन मैं आई प्रीतम करिये। हिरन कनै जाय रहि रहिये ॥५७॥
म्रग केहरी की चाल ज पाई। वेगि ठिकानो चले पुलाई।
तब ही सिंवनि नीयरैं आई। थिर हो म्रिग भाजौ मति जाई ॥५८॥
तेरे जीय की रछया करिहुं। मनसा वाचा तैं चित धरिहुं।
याके पवन सूर हैं साषी। अैसे सति सति कहि भाषी ॥५९॥
जौ अपनौ चित ठाहर राषै। बाल कहां यौं सिंवनि भाषै।
तोकौं अपनी पीर सुनाऊं। जौ हुं तेरी आज्ञा पाऊं ॥६०॥
मेरे तन कुं विरह सतावै। ज्यावै जौ तव पीर बुझावै।
हुं तुम कौ यह जाचन आई। ह्वै प्रीतम मुझ करौ सहाई। ६१॥

सिंवनि प्रति बोल्यै म्रग कारो। तुम तैं नही हमारो चारौ।
मोहि तुम्हरौ साच न आवै। कपट रूप तोहि को पतियावै ॥६२॥
तू अपनै मारगि किन जाई। मोकु छलन हतन क्यैं धाई।
कुंवर विना न सिंव सिधारै। म्रग कुं कहा विसासै मारै ॥६३॥
पूरिब वैर जाहि जेहि होई। ताके वचन न मानै कोई।
से ज सुनी है येक कहांनी। तातैं ना मानै तुम बानी ॥६४॥
सिंवनि म्रग कु पुछै असैं। कौन कहानी कहियौ कैसैं।
हिंरन कहै सुनि जीव हतारी। बात कहत ही जिन मोहि मारी ॥६५॥
येक ठौर घूघन बौहतेरे। रहैं रैन दिन सुष के घेरे।
तिन मैं अलिमरदन बड राजा। करैं सकल घूघन के काजा ॥६६॥
येक दिना सब कागनि ठानी। मारौ घूवनि करौ पुलानी।
तिन मधि येक काग बुधिवंता। कहै सबद सबस्यैं विरदंता ॥६७॥
काचौ मंत्र न कबहुं कीजे। हुं ज कहौं तिण ही विधि कीजे।
मीठे वच[न] कहौ वन जायर। कहौ सबै हम तुमरे चाकर ॥६८॥
वै तुम कौं कीजे गे जबही। जारैंगे बनकुं मिलि सबही।
औ विधि काज भलौ किन कीजे। गुड़ तैं मरै सो विष का दीजे ॥६९॥
मेघ बरन कागन कौ राजा। मन मैं मानि लयौ यह काजा।
सब मिलि चले छलन कुं तबही। जहां अलिमरदन घूघू रहही ॥७०॥
गोसैं वैसि बसीठ पठायौ। कहियो मेघ बरन कीहां आयौ।
गयौ बसीठ संदेस सुनायौ। राजा सुनत बहुत सुख पायौ ॥७१॥
अलिमरदन मंत्री ज पठायौ। कागनि आदर के बौह लायौ।
मेघ बरन आयो वन जबही। दोऊ मिले अंक भरि तबही ॥७२॥
कुसर कुसर कहि पुछैं दोऊ। कागनि मतौ न जानै कोऊ।
कागन कह्यौ तौ घूहर कोनौ। सो माग्यै जोई ले दीनौ ॥७३॥
घुहर अंधे द्यौस न सूझौ। रैनि बदै ना पंछी दूजौ।
येक दिना घूवनि मिलि आई। बैठे गुफा मांहि सब जाई ॥७४॥
तब कागनि मिलि अगनि लगाई। भसम कीये यै विधि सब आई।
भयौ कागलो घूघन केरौ। राज सकल ग्रह्यन करि डेरौ ॥७५॥
करता कीयौ बैर जिन जीवन। जिनमै रस कौ बनै ज पीवन।
यातैं मोहि प्रतीत न आवै। असैं सिंवनि म्रग सुनावै ॥७६॥

सिवनि अगपति बोली बानी। तैं ते हुं ज काग करि जानी।
अैसी बुध तोहि अग बौरे। जैसैं दुध छाढि दे धौरे ॥७७॥
काग सिव द्यौ सरसरि होई। वतिम मधिम मानै लोई।
लूटे हुंहि चोर जेति घरही। सो फुनि साध देपि की करई ॥७८॥

दोहौ

बर छुडै सुष सुरि चलै हाहा करै विघाय।
सुनि हो अग दुख मोचना ताकु सिव न पाय ॥७९॥

चौपई

सुनि करि बचन अगहि सुप पायौ। तजी आस सिवनि ढिग आयौ।
सिवनि अग लायौ वरि रसिया। तू मेरे प्रान नेह मन बसिया ॥८०॥
तोकौं मैं दीनी यह देही। करि सुप पूरन प्रान सनेही।
मो तन सुरत नेह सुप कारी। अगनि भली क लाहुं(नाहर)नारी ॥८१॥
याकौं मोहि परेपौ दीजे। मेरो बचन मानि सुप कीजे।
सुनि सुनि वचन हिरन मन फूली। सिघनि राचि हिरनि कौ भूली ॥८२॥
अति वभंग देही अति मानौ। सींवनि केरे तन स्यौं रानौ।
बढ्यौ पेम कछु कहत न आवै। रैनि दिना सुप वभरि गंवावै ॥८३॥
सुप मैं रहत भये दिन केते। ह्वै मैं कोऊ येक न चेते।
तौलुं सींव सेल तैं आयौ। सिवनि जाकौ आहट पायौ ॥८४॥
तब सिवनि वनि (?) र म्रिग राष्यौ। आवत सिंघ तबै यौं भाष्यौ।
तुम कारनि मैं वर भल धरिये। आवो वेगि काज सब सरिये ॥८५॥
निरषित वै मोटौ अग कारौ। दौरि सिंवि अग छिन मैं मार्‍यौ।
प्रीति भरे के बाध्यौ मरे। ताको दोस कवन सिर धरै ॥८६॥

मालती वाच :

सुनि हो मधु तु कहत विसार्‍यो। अैसे नाहिन वह अग मार्‍यौ।
मोस्यैं अैसे झुठ न कहिजे। मोरे सुप तै सति सुनि लीजे ॥८७॥
जा दिन सीह सेल तैं आयौ। सिवनि तै अग दूरी दुरायौ।
पहर येक जहां सुरतन कीनौ। फुनि जब पीवन कौ चित दीनौ ॥८८॥
नदी तीर चलि आये दोऊ। वहां सिघ बैठो कौ सोऊ।
देपि सिंघ जब सिवनि रोई। केहि विधि रापौ अग अब सोई ॥८९॥

तब यह मन में निहचौ कीयो। म्रग मरिया तौ म्रग मो जीयौ।
म्रग पहला तन कुं देहु। ऐसे प्रीति साच करि लेहु ॥९०॥

दोहौ

अंतर जिन पारौ दई अब मरिबे की रीति।
म्रग कौ तौ सोभा भई मैं तनि बंधी प्रीति ॥९१॥

चौपई

अतनां में म्रग थिर हौ कैंना। निरषि र सिंघ क्रोध भये नैंना।
तब सिंघनि मन में यह आई। परी दौरि म्रग सींगनि जाई ॥९२॥
फूटे सींग दोउ वर आगे। पांन निकसि सिंघनि के भागे।
सिंघनि करी ज कोचु न कीही। ऐसौ सूर मनिष जा धरही ॥९३॥
पाछै आय सिंघ म्रग मारयौ। ऐसौं बनी दहुंन तन दारयौ।
विधि के अहिर लिखे ज जोय। तातें कछु अंतर ना होय ॥९४॥
म्रग की मौत सिंघनी साकौ। चित दे कह्यौ समयौ ताकौ।
सिंघ गयौ बन कु फिरि छंडि। मालती कथा कहीयौ मंडि ॥९५॥

सोरठौ

मधु मरिवौ येक वार और वडे के कंधि चढि।
सवद रहै संसारि म्रग पहलां सिंघनि मुई ॥९६॥

मधुवाच :

चौपई

सिंघनि यह के कारन कीनौ। यासैं सुख जीवन का लीनौ।
त्रीया की बुद्धि ववेक न चीन्हौ। म्रग मराय आप तन दीनौ ॥९७॥
मधु समयौ सुंनि जीव दुख पाई। मालति के मनि येक न आई।
मालती वहै वात फिरि मंडे। जैसैं धोरी देय न छंडे ॥९८॥
मालती फिरि ऐसै करि कहई। तैं कछु ना मधु मो जीय लहई।
विरह अगनि मोरै तन लगई। फुनि येते वुपरि तन जरई ॥९९॥
मो मनि मधु तू निस दिन वसई। छिन छिन कांम कालतन डसई।
तू तौऊ मोतन ना चितई। कैसै कैयां देह न रहई ॥१००॥

चौपई

मधु जपै मालती अयानी। सिषयां बुद्धि न होय सयानी।
जितौ क प्रेम दूरि मुष दरसैं। तितौ क चैन नही तन परसैं ॥१०१॥

चंद चकोर कुमद किन देपै । पुनि रवि और कमल किन पेषै ।
वम नत निरपै वौह सुप देही । परसे जात सकल गुंन तेही ॥१०२॥

दोहौ

लोचन केरी प्रीतड़ी जो करि जांनत कोय ।
जो रंग नैंना ऊपजैं सो सुष सेभ्र न होय ॥१०३॥

मालती वाच :

भनैं मालती रे मधु मांनी । कैसी तैं अपनैं जीय ठांनी ।
और पुरिष ते त्रीय निरुपावे । त्रीय बोलै नही वै ललचांवे ॥१०४॥
देपौ सुरवर कौ व्यौहारा । मन मैं सोधि करौ विचारा ।
मेरी कही तोहि नही भावै । हुं कछु कहुं तो तू कछु गावै ॥१०५॥
मधु जंपे मालती सुंनि लीजे । सत छोडे दिन कितेक जीजे ।
तु अयान ह्वै वातैं कहई । सुनन हारे सुनि के कहई ॥१०६॥
हम तुम गरु येकही पढंई । दूजैं तू मो त्रिय करि धरई ।
यह जीय समझि विकट मति बुझै । बुरौ करम यह सव दिन सुझै ॥१०७॥

मालती वाच :

मधु तू झूठ वौहत ही काढौ । हंम तुम कुलि अंतर वौह वाढौ ।
येक ग्रंथ तैं वुपजैं दोऊ । तास्यैं दोस धरै ना कोऊ ॥१०८॥
त्रपति न पावक काठहि जरें । त्रपति न सायर सलिता भरें ।
त्रपति न काल प्रांन कुं लेतही । त्रपति न नारी रस हेत ही ॥१०९॥
सुनि मंत्री सुत मंनहि विचारै । त्रीय स्यैं वचन कहत नर हारै ।
तजिये कंनक स्रवन जैंहि टूटै । तजिये पंथ चोर जैंहि लूटै ॥११०॥
तजिये प्रीति जहां दुप पइये । विन स्वारथि पर धरि ना जइये ।
रवि घर गये चंद भयौ मंदा । वावन वप बलि के घरि छंदा ॥१११॥
संकर जटा सुरसुरी आई । रही समाय तहीं ही जाई ।
यंद्र भयौ लवु दिषि ग्रह जाई । अैसे वडे भये लघुताई ॥११२॥

दोहौ

चंद यंद्र अर सुरसुरी तंन बावन बलि भूप ।
विन स्वारथि पर घर गये सव भये लघुक ॥११३॥

चौपई

मधु यौं सीस मनै मनि गायौ। ता दिन पछै पंढन न आयौ।
मालती कै मनि वप ज्यौं दाहा। मधु देषन कौ मिटियौ लाहा ॥११४॥
आपन हो पढिवे तैं रही। निस दिन मधु कौं जोवत चही।
मधुं षेलन कुं सरवर जाय। जहां बौहत सुष वपजत आय ॥११५॥
भरैं जहां जल सुंदर नारी। मधु के चरित्र देषि सब हारी।
प्रगट्ये मैंन त्रीया सबहिंन कै। ढरके कुंभ सीस तैं जिनकै ॥११६॥
मधु यौ चरित्र देषि कैं लज्यै। जा डर डरि कैं वन कुं भज्यै।
सो डर जहां तहां ह्वै आगै। छुटौ अबहि कौंन प्रति भागैं ॥११७॥
चमकि तुरी चढि कै ग्रह आयौ। वै ठाहर कौ षेल मिटायौ।
मधु कौं मालती चेरी देषत। घर वन मांहै पेषत डोलत ॥११८॥
येक दिना सरवर गति षारी। दई षबरि मालति पैं वारी।
राम सरोवरि मधु निति जाई। करै केलि वौहतै सुष पाई ॥११९॥
मधु दिन दोय डरपि नां आयौ। जा पाछैं सरवर फिरि धायौ।
तब मालती मन मांहि वपाई। षेलन मिसि त्रीय साठि बुलाई ॥१२०॥
राम सरोवर चलि कै आई। जहां षबरि मधु कीन बताई।
मालती आय सरोवर झंषी। चितवत बिकल भये सब पंखी ॥२११॥
सषी सकल ढिग मौज बिलाकैं। चंद कनै ज्यौं बडगन झलकैं।
महा अमित छबि कहत न आवै। वपमा कौं रति कछु न पावै ॥१२२॥

सोरठौ

ससि सब कला समेत रबिकै ढिग फीकौ सदा।
मालती बदन निहारि तेज रहत दिनकर भयौ ॥१२३॥

चौपई

छिन मैं सांझ भई तेहि काला। फूलन लागे कुंमद रसाला।
पंछी जाय उडै ना कोई। निरषत रहे मालती सोई ॥१२४॥
तब येक भंवर बोलियौ बानी। मालती मोहि संदेह गमानी।
तेरे वदन तेज अलि बंधे। अरुन बंस कवलनि पट वंधे ॥१२५॥
सुनत बचन मालती रिसानी। म्रगी कौज दई किन बानी।
काहें काठ धाम सजि रहये। अलि कवलनि बंधन कत सहये ॥१२६॥

म्रगो वाच :

सोरठौ

परें प्रेम की पासि कटे न जौ कोटिक करौ ।
नैन मन अरपै लाल प्रीति रीति यह मालती ॥१२७॥
प्रेम प्रीति के काज पंछी हुं बंधन सहैं ।
नातर अहरी बाज गये गयनि फिरि को गहै ॥१२८॥
स्रवनन रांचैं राग म्रग वत ही थकित भयौ ।
सर सनमुष वर लागि प्रेम न मुकै मालती ॥१२९॥

चौपई

म्रंगी प्रेम बढाय बतायौ । मानौ बिरह बान वर लायौ ।
तब ही मधु मनसा मैं आयौ । तन चटपटी जानु कछु पायौ ॥१३०॥

सोरठौ

विरह व्यापि कै नारि पैंड चारि पर ही गई ।
वन चकई करै विलाप सबद सुनें यह मालती ॥१३१॥

चौपई

चकई पीव पीव कहि कहि जंपै । लेय उसास हाय कहि कंपै ।
मालति के सुनि अति रिस आई । चकई क्यैं चांनक सी लाई ॥१३२॥
कठिन प्रान तेरे सुनि चकी । पति वियोग कहि क्यैं सहि सकी ।
चरन पंष नहीं थिर थकी । ढिग ही रहत जाम चहुं वकी ॥१३३॥
कहै मालती सुनि जलचरनी । मो पर परी राम की सरनी ।
तुव विच पट यह नाहिन कटै । तौ मेरे सराप कौन तैं कटै ॥१३४॥
चकई जौ हुं तोहि मिलाऊं । रहियौ तो तुमपै का पाऊं ।
मो विच कौ यह पट जौ कटै । तौ तेरौ स्रा.प काम अब फटै ॥१३५॥
मधु कौं मालती सरवर हेरै । जैसैं दामनि घन सैं घेरै ।
कोईक वार लग रहि वरि आई । चकई कारनि बधिक बुलाई ॥१३६॥
चकवा चकई पकरि मंगाया । घालि पांजरै साल बंध[ा]या ।
मालती अरध निसा मैं आई । चकवा चकही टेरि जगाई ॥१३७॥
मैं तो तुव पीय आनि मिलाई । विरह वियोग कना सुष पाई ।
चकई यौं जंपै सुनि सजनी । तुं पुछे सो ना यह रजनी ॥१३८॥

जौ ऐसैं मिलिये मध पावैं । तौ पंछी पीहल पींजरै गावैं ।
झूठै ही मन क्यौं ममकाइयौ । चातुरि के कुंमे रस दइयै ॥१३९॥

मालती वाच :

सुन विप्रोत कुच कूरां सियाणां । कौन मलिन गंगा छिन हाणौ ।
पीव क्यौं मिलि रस मध निस पागौ । चातुरि कुचैं मोहि लगागौ ॥१४०॥
सरस निरस कौ यौं गति जानैं । तु कंवरी अजानी कत जानैं ।
प्रथम समागम नूतन न सुमी । चातुरि चुंग कहां मैं सूझी ॥१४१॥

सोरठौ

सुरिज नाद्र चोटि कवरी कबहौं दरस लौ ।
नंद जानि पिनलाय सो कुमंद कहा करन है ॥१४२॥

चौपई

हुं पंछी थोरी बुधि मेरी । पढे गुने की मति है तेरी ।
तु ज कवरि दुरि हीं ढूकी । मलय भुवंगम की गति चूकी ॥१४३॥
मालती सुनियौ बोह सच पाई । तनहि निज सपि बेगि बुलाई ।
जैतमाल ता सपी कौ नामा । मन पहली ज संवारै कामा ॥१४४॥

सोरठौ

प्रेम संपुरन सोय दोय डील बिन ना लहौ ।
तीजो करना होय जेहि यौं सब घट निरमयौ ॥१४५॥

चौपई

दोय के बीचि वसीठ न होई । परम चतुर नर जानौ सोई ।
सपी तैं बात कहत मन डरई । ना जानौ सपी का मन धरई ॥१४६॥
फल दुराथ सषी आप ही पायौ । पै मेरैं कछु हाथि न आयौ ।
जो कछु करता दुतर लहिये । तब तौ आनि सषी प्रति कहिये ॥१४७॥
छुध्या पास सबै मोहि भागी । काम रहत निस दिन तन जागी ।
मधु सूरति मिलवे अभिलाषी । देषौ वदन देत है साषी ॥१४८॥
जैतमाल तू दिन की बारी । मेरै सब सषियन तैं प्यारी ।
तुव तैं दुरै नही कछु मेरै । मेरे प्रान सब रस तेरै ॥१४९॥
दिन कौ सकल लोक ही ध्यावौ । सुनि-मत जो चाहै सोई पावै ।
याकौ भेद कौन कहि मोसुं । पाछै मन की पुछुं तोसुं ॥१५०॥

जैतमाल जंपै सुनि बाई। तैं मो कु काक ही सुनाई।
सब जुग रहै देव के धंधे। देवा सकल दिजन के बंधे ॥१५१॥

सलोक

देवाधीनां जगत्रांणं मंत्राधीना स देवता।
सो मंत्रा ब्राह्मंणाधीनां तसमात ब्राह्मंण देवता ॥१५२॥

चौपई

मालती वाच :

ग्रैसौ मंत्र रहै सुष तेरैं। काज नि आवै कबहुं मेरैं।
मधु मधु कहत एक छिंन बीतै। कोडि तैतीस देव किम जीतैं ॥१५३॥
म्रिग न ज्यैं किसतूरी षाई। मुकत माल ज्यैं गजकंठ नाई (नग्राई)।
ग्रहि मणि कब हौं होय न चीन्हा। तेरे मंत्र इहै गति कीन्हा ॥१५४॥

दोहौ

म्रग मद गज सिर स्वाति सुत ग्रहि मणि क्रप धन राज।
या थैं निरधन ग्रति भले जीयत न ग्रावै काज ॥१५५॥

चौपई

तैं मो पान नहीं कछु ग्रंतर। विधना देह रची द्वै ग्रंतर।
मो मरतै तु निहचै मरिही। तब यौ मंत्र काज कहा करिही ॥१५६॥
जैतमाल फिरि वतर दीनौ। तैं ग्रपजस मेरैं सिर कीनौ।
जीय प्रपंच मधु मोहि दुरायौ। नैक न कबहौ भेद जनायौ ॥१५७॥

सोरठौ

रहैं सदा येक संगि भेद ग्रभेद तासु करौं।
करै न ताकौ काज प्रीति कपट जैंहि मालती ॥१५८॥

चौपई

मालती तबहि चरन लपटानी। मेरी चूक सबै मैं जानी।
ग्रब मोकुं तुम तुरत जिवावो। मधु सुरति जौं नैन दिखावे ॥१५९॥
ग्रै जैतमाल यौ गोरी। ग्रारतिवंत काज बुधि थोरी।
तैं मनसा चातुक लौं वंधी। विहवल भई काम की ग्रंधी ॥१६०॥

दोहौ

सो गति ग्रंध्यां ग्रंध की जो गति कामा ग्रंध।
मानौ ग्रति गज ग्रंधरौ ग्रारति पूरन ग्रंध ॥१६१॥

जैतमाल वाच :

प्रथम स्यांम फुनि लाल फुलैं हि पात गंवाइ के ।
केसु कुसमहि लागि अली लगे कौ कौन गुंन ॥१८७॥

मधु वाच :

केसु पावक जानि कैं मधुकर मरिवा हेत ।
जरन काजि वहिं द्रुसि गयो सति वचन सुंनि जैत ॥१८८॥

जैतमाल वाच :

नप सिख कंट कटाय नीच प्रीति के गुंन तहां ।
कवलनि परस्ये जाय वहा विरंच्यै कौंन गुनि ॥१८६॥

मधुवाच :

दोहौ

तन बंधन कै कारनै गयौ वहां सुनि जैत ।
फिरि वत ते निकसौ नही निवहै वसही हेत ॥१६०॥

जैतमाल वाच :

पीलौ सुष मधुकर यह कंहि गुंनि । द्रुम वेली भटकत सब वनि वनि ।
साची वात मोहि समझावो । कूर कलांवत ज्यैं मति गावो॥१६१॥

मधु वाच :

कूर कलांवत ज्यैं घर भूले । मधुकर ज्यैं पंवन वसि झूलै ।
अचिरज इहै लागत मेरे मनि । तुंम ही भटकत हौ अैसे वनि ॥१६२॥
जैति सकुचि मंन लज्या पाई । मेरी बात सोंहि पर आई ।
मैं मधु साच साच करि बूझी । तेरें जोय कछु औरे सूझी ॥१६३॥
वनिता लता और पंडित नरा । यनकै सहज अनेक और धरा ।
जौलुं नैंक न आस्रम गहई । तौलुं भलै न कोऊ कहई ॥१६४॥

मालती वाच :

हुं तौ नारि नही हौ तैसी । और फिरत हैं घरि घरि जैसी ।
मोकुं सकल बात मधु सूझै । जोय कहुं सोई तू बुझै ॥१६५॥

मधु वाच :

मधु जंपे तू चतुर सयानी । तौ कहियों साकु यह वांनी ।
कौंन मालती कौंन ज मधकर । वतपति कहौ सकल पछिली हर॥१६६॥

वैतमाल वाच :

सुंनि मधु अब पछिली ज सुनांऊ । जो तुम······हुं पाऊं ।
स्रुग माहि करतें सुप दोई । गंध्रप येक अपछरा लोई ॥१६७॥
ते काहु कौं गिनत न डोलैं । मदन अब मैं अलबल बोलैं ।
तिनकें सुप की कहत न आवें । राति द्यौस मरि जौं कोउ गावें॥१६८॥
येक दिना नंदन बनि जाई । रहे बहुत पर तहां लुभाई ।
अतना मैं रिपि सपत ज आये । तिनकुं देपि कछु न लजाए ॥१६६॥
हिलि मिलि रहे येक तंन जैसें । निरपि क्रोध रिपिन भयौ अैसें ।
तुम तौ हम तैं नही लजावौ । होह मालती भवर सिधावौ ॥२००॥
हुं बनकी होतौ तब चेरी । सेवंती की गति भई मेरी ।
परे वहां तैं निहचे तवही । बन मैं रहे आय दोउ तब ही ॥२०१॥

दोहौ

गंध्रप तौ संमरौ भयौ गंध्रपि मालती सोय ।
सपी सेवती जहां भई करता करै सहोय ॥२०२॥

चौपई

अति ही मगन भये बन दोऊ । कबहुं नाहिन बिछुरैं कोऊ ।
कबहुक सैल काजि बनि फिरई । मालती बिन मनसा नहीं धरई ॥२०३॥
मधि रयन संमयौ जहां होई । वहे देव तन प्रगटे सोई ।
अति रस सुरत केलि जहां करई । बासर भये वहे तन धरई ॥२०४॥
कितेक द्यौस अैं बिधि बन रहई । अभि अंतर किणि ही ना लहई ।
निकट ही सेवती पहिचांनें । भमर मालती तास न जांनें ॥२०५॥
ससि(ससिर)बसंत ग्रीपम रुति बीती । बरिपा सरद दोउ दुति जीती ।
कठिन भई हेम दुति भारी । बन रुति तब मालती प्रजारी ॥२०६॥
फिरि कें बनि बन मैं दौं लागी । मालती भसम निपट तब दागी ।
हेम जरी अर पावक जारी । बिधि लुहार केरी गति धारी ॥२०७॥
सेवंती वहां कछु येक बांची । दिन द्वै रही प्रान तन पांची ।
मधुकर जरत मालती निरषी । मैं तब प्रीति भवर की परषी ॥२०८॥
यौंम दूसरे कीनी फेरी । भीनें बचन मालती टेरी ।
मैं निरपी गति एकै तिहारी । तुम तैं प्रीति करे जेहि गारी ॥२०६॥

सोरठौ

जरी मालती जोग मधुकर के भाये नही ।
दिन द्वै कीयौ न सोग लोक लाज या भी तजी ॥२१०॥

दोहौ

जरियौ सरियौ कठिन है मधुकर मालती संग ।
मैं नीकैं सब परिदियौ भेद तुमारौ अंग ॥ २११ ॥

सोरठौ

मुप दीठा की प्रीति ऐसी सौ सब को करे ।
वे कलि कोई मीत जीयत जीय मुये मरैं ॥२१२॥

दोहौ

सेवंती यो भंवर ने कहे बहुत तव बोल ।
सुनि करि भंवर पुलाइयौ गयौ भंवन कहुं कोल ॥ २१३ ॥

चौपई

और तबै भाप नही लागी । मधु चुप कह्यौ जैत की आगी ।
फिरि कै मधु बोल्यौ तैंहि दारा । जैसैं भयौ सति निरधारा ॥२१४॥

मधु वाच :

सेवंती येती बात कहा जांनै । झूठी बात घनी ही ठांनै ।
जैहिं वपु बीतै सो तैंहि बुझै । पर घर कहा परोसनि सुझै ॥२१५॥

सोरठौ

जरती मालती देखि मधुकर तौ पहली मुवो ।
सो प्रतीति अब पेपि मुंवा बिन कोऊ औतरै ॥ २१६ ॥

चौपई

मूवां बिन कोउ जुग न देषै । मूवां बिन औतार न पेषै ।
मूवां बिन परतीति न मानै । मूवां बिन कोउ सति न ठांनै ॥२१७॥

दोहौ

जो मेरैं पाछे भई गति मालती स जोहि ।
जैतमाल सति करि कहौ सब जानत है तोहि ॥ २१८ ॥

जैतमाल वाच :

सति वचन सुनि हो मधु मेरो । ज्यौं सुष पावै, जियरो तेरो ।
जा पाछैं वरिषा रुति आई । जल वरष्यै कछु अमित रिसाई ॥२१६॥*
शोभा फूटि मालती फूली । प्रीति पुरातन मांई सूली ॥२१६॥
मधुकर प्रेम संपूरन दांष्यो । जैतमाल ऐसैं करि आष्यो ।
कितेक द्यौस बीते फूलें करी । मालती वौहरि सीत पावक जरि॥२२०॥
तव मैं भी तंन दीनौ डारी । आप भई इत विप्र कंवारी ।
मालती न्रिप घरि कन्या होई । वंनिक पुत्र भये तुम सोई ॥२२१॥

मधु वाच :

मालती लयौ जनम न्रिप आई । तु व्रिहमन के बड कुल जाई ।
मैं लीनो वनिक घरि जनमां । केहि कारनि कहियौ अव मन मां॥२२२॥

[जैनमाल वाच :]

तेरे मधु मंन मैं या आई । या कारनि मैं देह गंमाई ।
यातौ फिरि कैं अजहुं फूली । मेरी सकल वात ही भूली ॥†
त्रीय नै प्रीति न कीजे कवही । तैं अपना जीय मैं या लहई ।
मालती जनम लयौ न्रिप घरिका । मैं वांनिक घरि ह्वैस्यौं लरिका ॥२२३॥
तुम मन मांही इहै चुपाई । न्रिप वांनिक ना होय सगाई ।
ता तैं तुम इत प्रगटे आई । मालती तैं ऐसे न रिसाई ॥२२४॥
तुम दोऊ हो देवन अंसा । प्रगटौ आय कही हरवंसा ।
अव मालती मिलन की ठानौ । पूरिवली वातैं सति जांनौ ॥२२५॥

दोहो

मधु वाच :

सवै सयानप छाडि कै जैतमाल सुनि वैन ।
पूरिवली पूरिव गई वह वासुर वह रैन ॥ २२६ ॥

चौपई

पूरिवली वातैं अव डारौ । वो तौ लादि गयौ वंनिजारौ ।
तिकि वीतां कोउ विप्र न वूझै । नीकां जैत सयांनप सूझै ॥२२७॥

---

* यह छंद एक ही अर्द्धाली का है और संख्या भी बाद में दुहराई हुई है ।
† यहाँ छंद-संख्या नहीं दी हुई है ।

राजा मीत सुनै ना कोई। तीन लोक में पूछौ सोई।
काहू करी न कोऊ करिहै। निप की प्रीति काज बिगरीहै ॥२२८॥
येक त्रीय जाति और नृपवंसी। यनके प्रीति संपूरन कंसी।
जैसी लता करेली करई। और बकांनि जगत मधि फरई ॥२२६॥
काक सबुचि सुनै ना कोई। जुवा ठौरि सति ना होई।
कारे साप पायें ना रहई। फुनि त्रीया कांम सांति को कहई॥२३०॥

सोरठौ

राजा मीत न होय तुम्हौ जौ कोऊ कहै।
मन गति लहै न कोय दंत न गज के को गहै ॥ २३१ ॥

जैतमाल वाच :

मधु तू दछिन लछिन धारें। मालती तो अनकुल बिचारें।
पुरब प्रीति जानि चित धरई। नातर वनिक मीत क्यौं करिहीं ॥२३२॥
छाडि और भूपन के बालक। तुम बर बरत है पूरिबली तक।
दीपग मैं ज्यौं पतंग सिरावैं। तैस्यैं तुमसौ को सुख पावै ॥२३३॥

[मधु वाच :]

मधु जंपै तुव बडी अयानी। यन बातन मै नाहिन जानी।
राज काज की बात न बूझै। दिज कौं सीप मांगि वै सूझै ॥२३४॥
सीषौ जाय बाप की कीली। पाछै यौं कछु करौह ढीली।
देषी सुनी न कबहौं कीजै। अपनै कुल के क्रमि चित दीजै ॥२३५॥
ज्यौं चकोर पावक भष करई। पंछी और छुवत जरि मरिही।
राज की बातनि होहैं नारी। को पूछै गुंगन की गारी ॥२३६॥

जैतमाल वाच :

मधु मो वचन मांनि निरधारा। अपनी गरज सहौ तोहि गारा।
तुम सनबंध लिष्यौ करतारा। जदि तदि गंगा सोरं पारा ॥२३७॥
नर त्रौह आप सयानप करहो। तौलुं त्रीय स्यैं काम न परही।
नैन कटाछि बान वरि लागैं। ग्यान ध्यान तब तन तैं भागैं ॥२३८॥

दोहौ

तौलुं पुरिष करै सबै तौलुं ही करै सयांन।
तौलु वरि भेदै नही त्रीय नैनन के बांन ॥ २३९ ॥

चौपई

यौं मधु स्यैं बातन भर लाई । सषी पठाय मालती बुलाई ।
औचकि आय दामनि सी कौंधी । निरषत नैंनं भई चकचौंधी ॥२४०॥
तहि परेच भंखत सुष देष्यौ । अब के रूप सकल ही पेष्यौ ।
वपमां दैंन पटंतरि को है । सुर नर नाग सकल मन मोहै ॥२४१॥

दोहौ

द्वादस अभरंन अंग सजि पुंनि सिंगार नवसत ।
आंन लोभ सोभा भई अैसौं मालती गत ॥ २४२ ॥
काट सिंगार वनाइये सो पुनि सोभा होय ।
विन भुषन तंन राजही साची सोभा सोय ॥ २४३ ॥

चौपई

मालती विन भूषन ही सोहै । मैंन देषि जाके तनि मोहै ।
भुवलोक मैं हुई न ह्वैहैं । विधि वनाय सर काकर येहैं ॥२४४॥

दोहौ

मधु भूले जहां देषि के वतर देय न कोय ।
मालती वचन कहा कहै चित दै सुंनिज्यै सोय ॥ २४५ ॥

सोरठौ

अब के जनम स येह निहचै करि मन मैं गढी ।
कै मधुकर रस लेय कै दौ दांऊ मालती ॥ २४६ ॥
ववपति येक समूर प्रीति हेति तंन ह्वै धरे ।
पुहिपिं न वुगं सूर अंतर देई मालती ॥ २४७ ॥
जौ कछु जीय मैं षोट तौ साषी संकर कहै ।
कै तन रहै अवोट कै परसै मधु मालती ॥ २४८ ॥

मधुवाच :

तो तंनि जरलहि देषि मैं देही ऊपरि दई ।
विछुरंन निमष ज पेषि सो येते दिन क्यैं रही ॥ २४९ ॥

चौपई

त्रीय तैं प्रीति करौ जिन कोई । नातर दुष तौ निहचै होई ।
मैं अपनै जीय तोपर दीनौ । तैं प्रपंच मोसुं यह कीनौ ॥२५०॥

मेरो देह छार ह्वै निवटी। तुव मन मैं नव पल्लव प्रगटी।
पुरिष मरत त्रीय पुपरि मरही। पैं त्रीय ऊपरी पुरीष न मरही ॥२५१॥

मालती वाच : सोरठो

पुरिष प्रेम बसि होय त्रीय तौ परगंचै गहो।
देषी सुनी न कोय नागबेलि संडप छुटी ॥ २५२ ॥

[मधु वाचः] चौपई

मधुकर वचन सुने जब अैसौ। उत्तर देय मालती कैसौ।
पुरिष कहै सो सब त्रीय सहियो। पैं त्रीय वानी कठोर ना कहियो॥२५३॥

मालती वाच :

नव षंड सपत दीप मैं भटकी। निस वासुरि कबहौं ना अटकी।
अज पुरिय षोजन हुप पायो। पैं काहु नहीं षोज बतायो ॥२५४॥
ज्यौं निस उडगन चंद विहुनी। फुलवारी चंपक विन सुंनी।
रुति बसंत पिक बिन नही नीकी। बरिषा बिन दांमनि ज्यैं फीकी ॥२५५॥
सेनि सुभट है अरु निप नाही। सरवर जल द्रुम बिन ज्यैं पांही।
मंनि जैसैं कंचन बिन सुनी। अैसी त्रीय है कंत विहुनी ॥२५६॥
मालती करुना करि ज सुनावै। वे अलि मधु की बात न पावैं।
अब हुं निहचै प्रांन गंमाऊं। तुम विवोगि कैसे सुप पाऊं ॥२५७॥

जैतमाल वाच :

अब के मधु तु और ज कहि छुहै। सुंनत मालती अब मरि जैहै॥२५८॥*
सबै सयानप जैहे तेरी। मधु तू मांनि बात सब मेरी।

[मधु वाच :]

मधु जंपै तुव वचन न धरिहौं। फुनि त्रीय सेती प्रीतिनकरिहौं ॥२५९॥
जीयते तजिहौं सति न मेरौ। करिहौं जैत कहां लग केरौ ॥२६०॥†

जैतमाल वाच :

पूरिव नेह ग्रेह चित दीजे। येह वात कौ विरंम न कीजे।
ऊषां अनुरुध भई गति ज्यैं ही। गंध्रव व्याह करौ तुम त्यैं ही ॥१६१॥

---

* इस छंद मे प्रति में एक ही अर्द्धाली है।
† इस छंद मे की प्रति मे एक ही अर्द्धाली है।

मधु वाच :

पूरिबली बीती को जांने । अब तौ नृपति वंनिक की ठांनैं ।
लरक बुधि जौ तीय मैं धरियो । तौ इन वातन ही सुप भरिये ॥२६२॥
सुनि राय छिनक मैं मारे । काहे कों यह बुधि विचारे ।
विगरे मतें वसीठ ज करिहो । साप चतुभरि की गति परिहो ॥२६३॥

मालती वाच :

ऐसे वचन कौन बुधि भापैं । मो कुं ते सु मोन ही रापैं ।
पुरिव प्रीति जौय चित धरिये । तौ मरिबे तैं नाही न डरिये ॥२६४॥
यौं ज परसपर वौहत जगायो । हारि जीति कोऊ न अवायो ।
जा पीछे बोलियौ वानी । पंवन देवता सति वपांनी ॥२६५॥

सोरठौ

मालती सई न नारि मधुकर सौ प्रीतम नही ।
पवन सुनावै टेरि सत्ति सत्ति जानौ सवै ॥ २६६ ॥

दोहौ

पवन कहै मधु मालती कोऊ घटे नही लेप ।
मसि काजल ऊपरि चढी इहै पटंतरि पेपि ॥ २६७ ॥

चौपई

यौं करि पवनि कही सति वांनी । तव मधु रीस मिटी जिय कांनी ।
पुरिव डरि मनको भ्रम भागौ । मालती वदन देपने लागौ ॥२६८॥
मधु मालति तुप मांझि निहारी । पढि तव मंत्र मोहनी डारी ।
जैतमाल तव यंत्र ज कीनौ । मधु तव ऊतर निठि से दीनौ ॥२६९॥
तवही मालती रूप लुभांनो । रुति वसंत पायक पिक मांनौ ।
नर अति आप सयांनप धारे । सगरे जग कौ जीवत वुवारे ॥२७०॥
करता कैहि ठाहर अव गारे । अंति ही आय त्रीया पैं हारे ।
जा पीछैं वंन मधु कों कहौ । त्यैं तों ही मधुचित मैं चहौ ॥२७१॥
कीनौं वौहत मोल विन चाकर । पुनि कीनौं वाजीगर सांकर ।
मालती के मधु रस वस हुवो । तव मालती विचार यह कीयौ ॥२७२॥

दोहौ

परसौं मधु केतनिहि तंन करौं सुरत सुष केलि ।
हैं तन मांहे बिरह सर सो षोवुं अव मेलि ॥ २७३ ॥

चौपाई

मधु तौ सब विधि चतुर विनांमी। मालती मनहि बात सब जांनी।
तब मधु वन प्रति यौ वच रई। विना व्याहि त्रीय भोग न करई ॥२७४॥
त्रीया कवारी भोग करै नर। ता समान पापी नाहिन धर।
जैतमाल सुंनि करि यह वानी। कहै ज व्याह करौं तुम ठांनी ॥२७५॥
लीनौ लगन वेद विधि जबही। करे नेवटा सब विधि तबही।
कंकन कर अंचर गहि वंध्यौ। टुटौ मन फेरि कै संध्यौ ॥२७६॥
रच्ये कलस जहां अंबज केरो। मधु मालती फिरायौ फेरौ।
मंगलचार जैति ऊचरई। दोऊ मनहि मांहि सुष धरई ॥२७७॥

दोहौ

वन्यौ विवाह मधुमालती सुरभी अति सुष होय।
फुनि विसतर बाढै कथा चित दे सुनियो सोय ॥२७८॥

सोरठो

गंध्रप भई विवाह करि कै मधु अर मालती।
विलसन लागे भोग मोद मांनि जीय रैनि दिन ॥२७८॥*

चौपई

रास सरोवर के ढिग भारी। विलसन लागे सुष नर नारी।
जीवन सुफल मालती मान्यौ। सुष मैं यौ तन मन जव सान्यौ ॥२७९॥
गति होती सो सुग मंझारी। भई आंनि सो अब नर नारी।
वै समये की सुष की वातैं। कहि नही आवन मेरैं गातैं ॥२८०॥
सुष मैं बीते दिन दस जांही। विसरि गये सब ही गति ताही।
जा पीछै सरवर कौ माली। आयौ ढुढन कौ फुलवाली ॥२८१॥

दोहौ

माली कुसुम न कारनै गयौ जहां दोऊ मिंत।
ढुरे निरषि मधु मालती माली भयो सचिंत ॥२८२॥

चौपई

माली मन मैं तबै विचारा। कहत हुते ज नंगर मधि सारा।
राज कंवारी गुंन निधि होई। छलि लै गयौ साह सुत सोई ॥२८३॥

---

* प्रति मे संख्या दुहराई हुई है।

जे ये सरवर रहे लुकाई। कहिहै जाय बेगि दुराई।
आतुर तैं माली तव आयौ। जाय तवै न्रिप कुं सिर नायौ ॥२८४॥
कहन लग्यै नर के भुवारा। वतऊ तोहि कंवरि के जारा।
मै दीठे सरवर के मांही। घमडि रही फुलवादि जहां ही॥२८५॥
मंत्रीसुत अर राज कंवारी। दिन दस वीते वन सुषकारी।
करैं केलि कछु संक न धरई। मौपै तै कछु कही न परई ॥२८६॥

दोहौ

जिती जाति संसार मैं तिन मैं माली सोय।
मति धीजौ कोऊ चतुर नर निहचै अति दुष होय ॥२८७॥

चौपई

सुनत राय अति ही ज रिसाई। कनक माल रानी पैं जाई।
करि कैं लाल क्रोध स्यै नैना। बौल्यै औं बिधि के तव वैंना ॥२८८॥
सुनी वात कंन्या जुत केरी। नांक कुंपली षोई मेरी।
मंत्री के सुत स्यैं मिलि जोई। करी केलि सरवर मैं सोई ॥२८९॥
अब धहुंनंन नै मारि वहांही। कीजे धरनि मांहि कर कांही।
कंन्या वदर परौ जिन कोई। सुष चाहै ज तहां दुष होई ॥२९०॥

राजा प्रति राणी वाच:

कंनकमाल बोली तब राई। भली भई ज कंवरी सुधि पाई।
अब हुं कहौं सोय तुम कीजे। मारन कौ तौ नाव न लीजे ॥२९१॥
अब तौ हुनी नाहिन होई। मारि र षोवो अब कौं दोई।
अपजस होय पाप सिर चढ़ई। सो नरनाथ भूलि मति करई ॥२९२॥
दहुंन कौ इत पकरि संगायो। मांनि वचन औसैं ज बुलावो।
न्रिप कौं वचन कहे त्रीय जोई। मांन्यौ नाहिन तासै कोई ॥२९३॥
तवही राय कियौ हंकारौ। मधु मालती दहुंन कौं मारौ।
जाको पुत्र ताहि भी ल्यावो। पगां जंजीर घालि दुष द्यावो ॥२९४॥
न्रिप के वचन येह सुनि रांनी। वोलि लई येक सषी सयानी।
राय सरोवरि हैं दोऊ भौरो। वेगि जाय करि कहौ निहोरो ॥२९५॥
मधु मालती दहौन स्यैं कहियौ। पहली ठौर वेगि तुम तजियौ।
राय दुत पठये तुम मारन। आई वेगि ईहे सुनि कारन ॥२९६॥

गई सपी जित कंवरि कंवारा। कहियौ सकल राय व्यौहारा।
सुनंत मालती अति बिलषांनी। मधु के कंठि दौरि लपटांनी ॥१९७॥
हाय हाय करि वोह विधि रोई। वौहत धकधकी तन में होई।
करता कौन पाप हम कीयो। सुष मेटि र दुष बहुते दियो ॥१९८॥
दीन वचन बोल्यौ मधु जबही। सें ग कर्‍ा सो भई ज अबही।
मांनी नही सीष कोउ मोरी। तो अब वोत दुष पैहे जोरी ॥१९९॥
कहौ अवहि कौन मति कीजे। सिर परि आय परी ना जीय जीजे।
तुम अपने मनि धीरज धरई। हम नृप सेती निहचे लरई ॥२००॥

मालती वाच :

मधु मेरी विनती चित धरिये। नृिप स्यौं जुध कहां लगि कीये।
चहु वोर जुझ तव परिहे। विन आयुध तुम कैसें लरिहै ॥२०१॥

जैतमाल वाच :

मेरी बात कानि मधु दीजे। ओहि ठाहर केहि नीर न पीजे।
चढि तुरंग अब बिलम न कीजे। चलौ जहां सुप तैं जित जीजे ॥२०२॥

मधु वाच :

सोरठो

अब तो कितै न जांह रहि यां इत ही जैत सुनि।
लै गिलोल कर मांहि तुम धीरज मन मैं धरो ॥२०३॥

मालती वाच :

मधु तुम बुरौ आपनौ करिहौ। हा हा करूं म्रित विन मरिहौ।
मैं तौ तुंम नठि नठि करि पायो। ताहु मैं ऊपजी यह भायो ॥२०४॥
तबही मालती विनती करिही। पारबती पति स्यौं कर जुरई।
श्री हर अब के याहि ववारौ। तुम उदार हौ परम उदारौ ॥२०४॥*
ज पाछे मधु मतौ उपायौ। चढ़ि तुरंग भाजन कौं धायौ।
अतना मैं नृिप के दल सब ही। आये मारन मधु कौ तब ही ॥२०५॥
मालती धोरे चढ़न न पाई। मालती लई पकरि निप आई।
मधु तुरंग चढ़ियौ ही देषै। मन मारै विचार यह पेषै ॥
तौ मरिबौ निहचै होई। जावुं तौ अब प्रीति न कोई ॥२०६॥

---

* संख्या प्रति मे दुहरा उठी है।

दोहौ

मंत्री उदरथें जानिकैं हरषे सब नर नारि ।
तारन सम मंत्री भयौ नाहिन जगत संसारि ॥३२०॥

मालती तबै महल मैं पठई । कनक मान रानी जित रहई ॥
नैन मूंदि मुख रही झुकाई । मालती जीय वांहूंत जल जाई ॥२२१॥
कनकमाल सनमुख तब धाई । कर गहि कन्या उदर सैं लाई ।
तू है मेरी प्रान पियारी । जिन दरपें अब होय कंवारी ॥२२२॥
जैतमाल स्यैं कछुक कहियौ । ऐसौ मत करन क्यौं दीयौ ।
जैतमाल जब उत्तर दीनौ । कहा करूं मधु छून रस भीनौ ॥३२३॥
जा पीछें नृप भी उन धायौ । रानी प्रति यौं सबद सुनायौ ।
ढील न करौ मालती व्याहन । फिरि श्रौ जु हैहै अरि चाहन ॥३२४॥
रानी कहै भलो कोउ दीजे । निृप अब नाही विलंब न कीजे ।
जो कोऊ मालती सम होई । ताही कौं परणावौ सोई ॥३२५॥
राजा ऊठि श्राइ इयौ जबही । स्याम पिरोहित बुलायौ तबही ।
जावो सोधौ निृप के बालक । मालती सम जो होय कपालक ॥३२६॥
माल दोय ढूढे निप सबही । श्राप कहे नाम निृप तबही ।
चंद्रसेनि रानी प्रति कहिये । मालती कहै सोई वर बरिये ॥३२॥

कनकमाल उत सैं चली जहां मालती बाल ।
कहन लगी मन मानवौ सो वर बरौं रसाल ॥३२८॥

सुनि मालती बोलई नाहीं । उपजी लाज देह के माहीं ।
सुनि रानी बोली तेहि बारा । कहौं पुत्रि समझि र निरधारा ॥३२६॥
मालती कहै सुनौ वर माई । कैसैं कहौं दोय बिधि श्राई ।
येक लाज उपजैं ही प्रासैं । दूजी श्रौर जीय सैं भासैं ॥३३०॥

राणी वाक्य :

सो तेरे जीय माहि जो मोकूं कहि मालती ।
मेरे तू है प्रान ज्यै उपाय वेगी करौ ॥३३१॥

मालती वाक्य :

मेरै मनि तौ श्रौर न कोई । मधु जीय माहि रहै बसि सोई ।
वा मूरति नैना बिन देषैं । जीवन जनम गिनत ज अलेषैं ॥३६२॥

जौ वर वरौं तौ मधुकौं वरिहौं। नातर दुप दौहते भरि मरिहौं।
और कहा कहि मात सुनाउं। तुमही तें मधु वर कुं पाउं ॥३३३॥
सुनि कैं वचन धीय के रानी। मन माहैं ज कछुक मुसकानी।
रानी कहै मालती वारी। ऐसी बात मनें क्यों धारी ॥३३४॥
वरिनै कोई राज कुंवारौ। सो तुम वड़कों होय उजारौ।
वाणिक वरे कहो कित वारी। जिते जगत मैं राजकंवारी ॥३३५॥

और बात जानूं नहीं सुनि माता निरधार।
ऐहि तौ जनमि भयौ सही मधु वानिक भरतार ॥३३६॥

मारौं पिता मोहि किन अब ही। मधु विन वरौं न निहचै कबही।
ऐहिं तौ जनम दुरैं भरतारा। जिन ओगाई सरोवर पारा ॥३३७॥
कनकमाल रानी उठि आई। चंद्रलेनि कौ यौं ज सुनाई।
मालती मो कुं कछू न वोलै। मुष लजाय कीयौ अंचर वोलै ॥३३८॥
चलत कह्यौ मेरौ मन मान्यौ। वरन वरे नृप परौ सयानौ।
राजा और त्रीया परवारी। लई बुलाय तहीं ततकारी ॥३३९॥
सब त्रीय जाय मालती कहियौ। वरनै वरौ आप मन चहियौ।
सुनत वचन त्रीय उततैं चलई। जहां मालती महल ज अठई ॥३४०॥

सकल त्रीया मिलि आय कह्यौ वरौ वर मालती।
जो इन में मनि चाय बड़े देस के छत्रपति ॥ ३४१ ॥

मालती वाचः

कहे बड़े नृप जोय मेरे मनि मानें नहीं।
मधु चित रह्यो सजोय काहि पुकारूं किन कहूं ॥ ३४२ ॥

कहौ राय प्रति जाय मधु विन दूजो ना वरौं।
कोटिक करौं उपाय ना तर यह देही तजूं ॥ ३४३ ॥

सुनि कें नारि मालती केरी। हंसी सकल कर दे कैं तेरी।
परस परस सब कहत लुगाई। देषौ मालती की वौराई ॥३४४॥

हसि हसे पर की सबे जाय कहै नहीं कोय।
इहै जगत की रीति है जिन चित जानौ सोय ॥ ३४५ ॥

कहैं नारि मालती कंवारी। कौन बात तैं कही गंवारी।
हम जानें तू चतुरी होई। समझि बात कहै किन सोई ॥३४६॥

जौं मधु कौ जौं नाम न लीयौ । ताकौं भूलि गई दुख दीयौ ।
जौं तुम मधु सौं ब्याह कराई । तौ नृप कूं कौ दंग भलाई ॥२४७॥
वनिक पुत्र वंश कछुं न हीनौ । तैं आपनै मनि नाहिन चीन्हौ ।
छांडि कुबुधि वरौ नृप सुत कौं । जुगतौ भोग सकल विधि वितकौं ॥२४८॥

मालती वाक्य :

लिख्यौ भाग कौ होय दुख सुख सौं टारै नहीं ।
मधु बिन निहचैं भोग करूं नाहि त्रिभुवन धनी ॥ २४९ ॥
परण्यौ पाई कौन दूजै कौं परणा नहीं ।
यह जानौ सब लोय दुखी आगागि वनिक घरि ॥ २५० ॥

नारी वाक्य :

भई बरस षोडस तुम बारी । कहि परणी हम कूं कहि भारी ।
असी बात बालक प्रति कहियें । हम सब दिन कूं कहि क्यौं दहियें॥२५१॥

जैतमाल वाक्य :

मन लागें दोइ दिन भयौ परणया मास ज दोय ।
सुनौ नारि चित दे सकल सरवर निकट ज सोय ॥ २५२ ॥
मालती कैं मनि और नि भावै । वे फिरि फिरि कहि मन ललचावै ।
जिती कहै सोई नहीं मानैं । मालती मधु की बात न जानैं ॥२५३॥

जैतमाल वाक्य :

तुम न करौ हठ नारि सयानी । मधु मालती मेल हरि बानी ।
मधु तौ है गंध्रप अवतारा । जानौ कहौ बनिज कंवारा ॥२५४॥
मालती गंध्रपनी वड लोई । भयें स्राप इत प्रगटे दोई ।
मालती कह्यौ सति तुम मानौ । हूं याकै जीय की सब जानौ ॥२५५॥

वचन कहे ये जैति सुनि करि नारी सकल ही ।
फिरि बोलीं नहिं सोय अचिरज मनमाहीं भयौ ॥ २५६ ॥

तबहीं गईं सकल उठि नारी । चंद्रसेनि नृप जाय जुहारी ।
नारी कहैं सुनौ भूवारा । मालती तौ कछु मूंढ़ विचारा ॥२५७॥
कहै बिना मधु नाहिं न बरिहौं । नातर निहचै करि हूं मरिहौं ।
असी नाहि हठीली देषी । हम तौ और कंवरि भी पेषी ॥२५८॥

राजा सुनि कै अति दुष पायौ । हमरौ सब मालती गंवायौ ।
पहली तौ वह क्रम ज कीनौ । अब भी ब्याहन वह चित दीनौ ॥२५९
अब तौ नाहिं न कोय उपाई । विस दे मारि गेरिजे जाई ।
यह मन मैं न्रिप मतौ उपायौ । रानी सुनि न्रिप प्रति फिरि गायौ ॥२६०॥
मारें कन्या कूं न भलाई । राषौ महल माहिं दुराई ।
जाहि बुराई तैं ही डरिजे । मार्यां कन्या सोभा लहिजे ॥२६१॥

कनकमाल के वचन सुनि मालती महल मंझारि ।
राषी बौह विधि गाढ़ तैं संगि सषी दे चारि ॥ २६२ ॥

अब सुनिज्यें मधु की गति सोई । सखा छाडे पीछें होई ।
जाय बस्यौ दस कोस कहौंही । रह्यौ सकल निस औार दिहौंही ॥२६३॥
चलत चलत दिन दस मधि भइयो । नींद भूप दुष देह सहीयो ।
दुरबल देह ह्वै गई भारी । सुधि करि रोवै मालती वारी ॥२६४॥
मधु तब वेगि मधुपुरी आयौ । देषि पुरी दुष दूरि गंमायौ ।
कीयौ घाटि विस्रांति सनांना । असु कहु ब्राह्मणि दीनौ दाना ॥२६५॥
द्वायर के सब देव जुहारा । करी परकरमा बौह विधि धारा ।
होली द्यौस भयौ उत जबही । बौह विधि पेलत देषे नर ही ॥२६६॥
चतुर लोय लोग मधु देषें । चतुर राय कल्यान ज पेषे ।
रह्यौ द्यौस दस पंच वहां ही । पायौ दुष पाछिलौ तब हांही ॥२६७॥
वड साधन कौ दरसन पायौ । सुन्यौ कीरतन मधु मनि भायौ ।
जेई देषत मधु कौ नैना । तेई कहत नारि यौं वैना ॥२६८॥
कोई है यौ राज के वारौ । तजि कै आयौ सब व्यौहारौ ।
रुति वसंत ता पाछैं आई । मधु श्री व्रिदावन कौं जाई ॥२६९॥
देषी भूंमि जहाँ सुषदाई । रतन जरित मानौ ज बनाई ।
भांति भांति के व्रिच्छ जहां ही । फल फूलन तैं रहैं लुभाहीं ॥२७०॥
बोलैं कोकिल चात्रग मोरा । घमडि रह्यौ मोहन मन सोरा ।
जमुनां बहै लयें छवि भारी । व्रिदावनि मानौ माला धारी ॥२७१॥
क्रस्न केलि के ठाव जहांही । निरषत सुष पावै ज वहांही ।
कुंजन की रचना जित बनई । ब्रह्मादिक जाकौ मनहरई ॥२७२॥
मधु देषिर हिरदा के माहीं । फूलै अंगि अंग मैं जहां हीं ।
राम सरोवर विचर नहारौ । व्रिदावनि जब यौं जनिहारौ ॥२७३॥

जहां तहां मधु देषत डोलै। काहु तैं कछु नाहिन बोलै।
भोजन हरि द्वारें करि पावें। कथा कीरतन तहीं सुनावें ॥२७४॥
मधु तो जनन आपनों जैसें। पोषन लागौ सुष मैं ऐसें।
पूछियतो फल कोऊ जान्यौ। तातें मधु ब्रिज दिस कौं भाग्यौ॥२७५॥
येक द्विना पुरान कछु होई। दसम सिकंद भागवत सोई।
सब पुरांन माहीं ततसारा। जानत है जे जाननहारा ॥२७६॥
जासें क्रस्न चरित ही गुनियें। और कथा नाहिनें सुनियें।
मधु बैठो उत जाय तहां ही। सुन्यें चरित रस केलि जहां ही ॥२७७॥
राधा क्रस्न प्रीति इम होई। बिचरे श्री ब्रिंदावन सोई।
ऐसी प्रीति और ना कोई। तैसी क्रस्न राधिका सोई ॥२७८॥
मधु सुनि यौ प्रीति ज निरधारा। तब चित करी मालती कंवारा।
कथा महारस होग र निबहो। उत तें मधु चाल्यें उठि तबही ॥२७९॥
गयौ जहां द्रुम बौह बिधि होई। बौहत सघन अति रस में सोई।
ढुंढत ब्रिच्छ मालती केरौ। प्रतना में है गयौ अंधेरौ ॥२८०॥
रैनि भयौ उतही तब रहियौ। तब भी सकल द्रुमन मैं चितयौ।
अरध निसा जब बीति रजाई। जब कहौं भवंर बड़े दरसाई ॥२८ ॥
जान्यौ ये अभंवर घर तेरा। बिन मालती नाहिनैं सबेरा।
गयौ जहां जित भंवर ज देषी। तहां सही मालती सेषी ॥२८२॥
डाल नही ते मिलियौ भारी। जैसैं अंक माल नरनारी।
रह्यौ मास येक लौं जित ही। पायौ मधु सुष बौहतै तित ही ॥२८१॥*
वहां भई कछु हरि की बाणी। मधु तु जाहु देसि परवाणी।
मधु के सुनि चिंता मनि हुवो। जीनन कौ हरि दीनौ हुवो ॥२८२॥*
सुष की ठौर रह्या मन लागौ। तातैं मधु उत ते ना भागौ।
ऐसैं मधु ब्रिंद्रा वनि माहीं। रहियौ जीय सकल सुष पाहीं ॥२८३॥

श्री ब्रिंदावन विचरियौ मास तीन मधु सोय।
पल पल मैं सुष माधवा जहां अमित सुष होय ॥२८४॥

श्री ब्रिंदाबन तैं मधु चलयौ। जिहचै तबै महादुष पइयौ।
कछू ध्यान हरि कौ चित चाही। राषन लागौ मधु मन माहीं ॥२८५॥
उत तें चलि गोबरधनि गइयौ। गिरधारी कौ दरसन पइयौ ॥
सात राति उत बस्यौ लुभाई। देषि महा छबि अति सुष पाई ॥२८६॥

---

* संख्याएँ दुहरा उठी हैं।

औरन के मुष ही की बाणी। गावत सुनै महारस जाणी।
तव मधु भी हरि के गुन गावै। होरा होरी जनम सिरावै ॥३८७॥
जित तित क्रस्न केलि ब्रिज माहीं। मधु देषी र जहां अति सुप पाहीं।
जान्यौ मनक्कैं अति ही रहियौ। परि परालब्ध वास मधु चित चलयो॥३८८॥

परालब्ध ही होय मन चाल्यौ कोटिक करौ।
मधु चित रह्यौ ज सोय सोय ब्रिंदाबनि ना रह्यौ ॥३८९॥

ब्रिज तजिकैं मधु फिरियौ जितही। पूरिब दिसि धरि हुतौ ज तितहीं।
कोस आठ लग दिन मैं चलयौ। पंथी संगि बिना ना हलयौ ॥३९०॥
मन मैं चंद्रसेन नृप केरौ। आनै डर मारन बहु बेरौ।
चलत चलत दिन चारि ज बीते। कोस तीस अवनी द्वै जीते ॥३९०॥*
ब्रत मैं हुतौ येक द्रुम जितही। पीपलौ नांव बड़ौतर तितही।
जहां दीयौ मधु आय र डेरौ। सूतो रजनी भयें अंधेरौ ॥३९१॥
गरड़ पंछि जित रहै सदा हीं। पुत्रन सहित सकल बिधि ताहीं।
निति षबरि सत जोजन ल्यावै। सो आय र पुत्रनै सुनावै ॥३९२॥
ता रजनी मधि ऐसैं तिज दाष्यौ। गरड़ पंछि पुत्रन प्रति भाष्यौ।
सुनौ पुत्र येक वचन ज अजही। वड़ौ भयौ अनरथ येक कितही ॥३९३॥

बोले पुत्र सबै तबै गरड़ पंछि के जाय।
बड़ अनरथ कितही भयो कहौ बेगि तुम माय ॥३९४॥

गरड़ पंछि वाक्य :

लीलावती नगर कौ राजा। चंद्रसेनि तसु नांव विराजा।
जाके हय दल अंत न पारा। जीते ताहिन सब संसारा ॥३९५॥
पुत्रहीन जाके को घरनी। कन्या येक सुनी बड़ वरनी।
छार मासि के अंति ज सोई। भरे पर जित नृप दोई ॥३९६॥
येक पषि तौ इहै ज कहियौ। दुजै पषि करनौ नृप रहियौ।
कांकड़ मधि जुड़े रिस भरिकैं। कहैं आप मैं देस्यां भरिकैं ॥३९७॥
चंद्र सेनि की भीड़ ज सबली। करम नृपति की फौजै निबली।
छूटन लगे जंबूर हवाई। करनि राय देवी तब ध्याई ॥३९८॥
देवी सिंघ चढी तब आई। मारयौ चंद्र सेनि नृप जाई।
तोरो मूड़ चक्र की धारा। और सकल दल मीज सिंधारा ॥३९९॥

---

* संख्या दुहराई गई है।

बोहेत भांति उपदेस नरिता दीनौ न्रिपबधू।
तब कछु समझि बसेषि रोवन तजि सत ही गह्यो ॥४४१॥

मंत्री बचन सुने करि जबहीं। राणी ग्यान धर्‌यो मनि तबही।
चंदन पीपल काठ मंगायौ। तासैं वीरल सुगंध मिलायौ ॥४१६॥
तीन त्रीया अर चौथे राई। ससम होय येकत्र रहाई।
मंत्री फिरि अपनै घरि आयौ। नगर माहि न्रिप सोक जनायौ ॥४१७॥

हय गज चढ़ि त्रीय भोग की रहतौ अति सुष मानि।
माधव अैसे न्रिपति की यह गति भई निदानि ॥४१८॥

स्रग रसातल भुव कौ निस दिन भुगतै राज।
बिना भजन ही माधवा कोई न आवै काज ॥४१९॥

गरड़ पंछि पुत्रन प्रति बातैं। कही सकल न्रिप बीती गातैं।
फिरि के पुत्र कहैं तैंहि बारा। माय सुनो येक कहौ बिचारा ॥४२०॥
चसौ न्रिपति अर पुत्र विहीनौ। ताकौ राज कुंन कौं दीनौ।
करौ हमैं सोई निरधारा। हम हैं तेरै बालक प्यारा ॥४२१॥
गरड़ पंछि बोली तब उनसैं। सुनौ पुत्री वाभी हुं गुनिस्यौं।
अब ताईं तौ सोक मंझारी। बैठे नगर सकल नर नारी ॥४२२॥
क्रिनै और भी राजन लीयौ। नाहिन उन मिलि न्रिप को कीयौ।
कातिग मास दिवाली होई। करिहैं ना दिन मतौ ज सोई ॥४२३॥
अरध राति बीतैगी जबहीं। न्रिप के लोग मिलैंगे सबही।
नगर नाहिं जित पैस न होई। बैठैंगे सब मिल करि सोई ॥४२४॥
जो आवैगौ जित करि कोई। भावै तिसौ मनिष को होई।
जाहि तीलक देंगे पुरबासी। ह्वैहै न्रिपति महा सुषरासी ॥४२५॥

गरड़ पंछि तौहि काल सत्ति बचन अैसैं कहै।
मधु नीचै चित लाय सुनी कान दै वात सब ॥४२६॥

मधु के सोच मने मनि भइये। अब उपाय कुन्न विधि करिये।
चंद्रसेनि गति अैसी भई। हम दुष देजैं हि दुष दे दई ॥४२७॥
करता न्याव नाहिनैं करै। तौ सब लरहै निबलहि मरै।
हम त्रिप कौ ना महल जोड्यौ। नाहिन द्रब कनक कछु चोड्यौ ॥४२८॥

और नाहिनै कहीं पिछान्यौ। मालती देषि र मधुही जान्यौ।
जाकै मनि जो सदा रहाई। सो नीकां देषि र दरसाई ॥४४४॥
और सबै नर मधु कौं भूले। मालती के मन माही फूले।
तातै उणि नीकां जा पिछान्यौ। और लोगि काहू ना जान्यौ ॥४४५॥
मालती मन मैं यौं ज कराही। करता मधुही होज्यै याही।
मो अभागनी कौ को नाहीं।तुम बिन नाथ सत्ति करि गाहीं ॥४४६॥
मधु सिंघासनि आणि बैठायौ। चंद्रसेनि के महल सुवायौ।
छैत्री ब्राह्मण बाणिक तबही। आय र सूता घरि घरि सबही ॥४४७॥
मालती हु तब ऊतरि आई। जैतमाल तैं वचन सुनाई।
हे सषी महा तोहि परवीनी। तु कछु जानत जो हरि कीनी ॥४४८॥
जाके बिरह भरैं दुष भारी। सो मधु नृपति लोचनां निहारी।
जो या बात सत्ति करि करिहै। तो हम काज सकल ही सरिहैं ॥४४९॥

चंद्रसेनि के महल मैं पौढ़ायौ है सोइ।
जाय लगी तुव देखनै जो निहचै मधु होइ ॥४५०॥

जैतमाल तब ऐसैं कहियौ। मधु तौ भाजि कहूं ही गईयौ।
ऐं मौसरि मधु भाग बिहूनौ। मालती कित आवत वह दूनौ ॥४५१॥
ये ते लोग मिले छै सोई। तामैं थिणि तौ आज्यौ होई।
तौ को मधु सब दीसत नैंना। बौरी होय काहि सुनि बैनां ॥४५२॥

भई छींक तेहिं बार ऐसे बचन करे सषी।
मालती मनै बिचारि बोली फिर कै जैति स्यौं ॥४५३॥

कहै मालती जैति सयानी। कहै छीक सो कहि न जानी।
मेरे निहचै मनि मधु आवै। तू मो कूं क्यौं नै ज कुटावै ॥४५४॥
मेरौ कह्यौ मानि क्यौ न जाई। देषिर नैंना सबै पताई।
मालती बचन कहै जब ऐसे। जैति चली देषन कौं जैसे ॥४५५॥
गई जहां मधु सूतो होई। आसि पासि चौकि जित सोई।
निद्रा वसि ते भये सकल हीं। जैति नृपति मधु निकट ही लिबही ॥४५६॥
मधु अंचर मुष ऊपरि देई। पौढ्यौ सुष मैं राज ज लेई।
नप सिष लौं तब जैति निहारै। मुष देषौं जो बदन उघारैं ॥४५७॥
बिन मुष दीठां नाहिं न जोई। ना जानौ कोई और ही होई।
घरी दोय लग ऊभी रहई। जैति बिचार आप मन करई ॥४५८॥

मालना मैं भेद बिषहर भारौ । भागौ जन सिर मैं नहिं धारौ ।
जैति निरखि तार्की औ नैना । मुरछ्या अंग गदाल थिति चैना ॥४५९॥
सखौं पकरि मूर पकि आयौ । धीमैं करि मधु करट निवार्यौ ।
भा पीछे दूर गैंसी जरस्यौं । दूरि भीगो अंचर सुग परिस्यौं ॥४६०॥
मधु मूरछि नैना उघराई । देख्यौ बदन सदा सुखदाई ।
जैति निरखि मन चैन न होई । जान्यौ मधु जिननैं वह सोई ॥४६१॥
कहन लगौ मन मैं नहिं धारा । भखि बदा फिरौ करतारा ।
जिन मधु मालती फेरि मिलानी । ऐसी विधि करि मद नहि ठानी ॥४६२॥
तातू ना पाऊँ नैन उजारा । जैतमाल निरखी नहिं बारा ।
मधु कातर मन माहिं होई । कब मिलिस्यैं मालती जोई ॥४६३॥

निरखि जैति कुं उठियौ मधु पल माहि संभारि ।
मिलियौ जाने भयौ चतुरि अंक माच को प्यार ॥४६४॥

जैतमाल वाक्य :

मधु भागि हमारे आयौं । देख्यौ दई ज पेल बनायौं ।
पूछियत्यौ अंजोग न होई । मेटि न सकै नाहिनैं कोई ॥४६५॥
पहली तो तुव भाजत डोल्यौ । मालती तो सुने मज बोल्यौ ।
पाछै सरवर के मंझारा । मिले करे के बौह परकारा ॥४६६॥
चंद्रसेनि मारन कौ धाई । तब तुम भाजि कहां ही जाई ।
अब ऐसी गति विधना ठानी । नृपति भये तुम इत ही आनी ॥४६७॥

मधु मालती कवारि विलविलात ही दिन गयौ ।
भूली सकल संभार तेरे देषन कारनै ॥४६८॥
मालती को नृप सोय व्याहन औरे कहि रह्यौ ।
मूड़ पटकि सिर फोरि तोऊ मधु तू ना तज्यै ॥४६९॥
मालती को सो नेह कलि मैं कोई ना करैं ।
जनमत मधु स्यौं हेत और न कोई चित धरयौ ॥४७०॥

मधु वाक्य :

तैं तौ जैति सकल ही दापी । परि मेरी बात नाहिनैं आपी ।
मालती कौ तैं हेत निबाह्यौ । मेरौ हेत नाहिनैं चाह्यौ ॥४७१॥
मालती तौ सरवर सैं जबही । आई फौज राय की तबही ।
मों कुं जाहु कहे बौह बैनां । मैं तब उतरी कह्यौ ज रैंना ॥४७२॥

आपरि कहि कहि संगति भजायौ । ऐसौ नेह कराही गायौ ।
हुं तौ भाजि गयौ व्रिज मांही । जहां परम सुप हरि रस पाहीं ॥४६३॥
उतहु मालती व्रिछ ढुढेर्यौ । रह्यौ बहुत दिन ता ढिग नेरौ ।
पाछैं चलि उत कौ हुं आयौ । सो मेरौ रेत नाहिने गायौ ॥४७४॥
यौं करि और घरी द्वै बीती । जैतमाल मधु तैं ना जीती ।
चारि घरी मैत्रि पति कुंवारी । दुप पायौ अति मौन मझारी ॥४७५॥

आग्या मधु की लेय जैत माल उत तैं चली ।
आई मालती जेत कही पवरि सब तास कूं ॥४७६॥

सुनि कै मधु की बात कंवारी । करन लगी सोलहो सिंगारी ।
बसन अमोलिक अंग पराहीं । राजित मानौ ससि की छाहीं ॥४७७॥
नप सिप लौं आभूषण पहरे । होते रतन कनक के जहरें ।
सोहन लागी अति छबि जाकी । कहि न सकुं उपमा हूं ताकी ॥४७८॥
चंदन और सुवास लगायो । महल माहिं सब ठैंध भडायो ।
मधु लग तबै वास वह जाई । जान्यौ मधू मालती आई ॥४७९॥

यंद्र वधू सम मालती सजि कै चली सिंगार ।
अति आतुर तें पग धरत मिलिन हेत भरतार ॥४८०॥

मालती जाय कंठ लपटानी । जनम सुफल आपनौ मानी ।
हो पीव तुम विन मो दुप भारी । भयौ सोय जो नाहिंन पाई ॥४८१॥
अब जौ तें मोहि दरसन दीयौ । तौ मैं जान्यौ अपनौ जीयौ ।
मेरे प्रान बसे तुव माहीं । जैसे अगनि काठ ही पाहीं ॥४८२॥
को ईक दिन जौ औ जु रहती । तौ हुं तम विन निहचै मरती ।
करता कीयौ आपनो लेप्यौ । प्रीति हमारी कांनी देप्यौ ॥४८३॥
सुनि मधु वचन मालती केरा । चुंबन लागौ वदन रसेरा ।
प्रफुलित कुसम सेज पर बैठे । रस बस करन लगे मन तेठै ॥४८४॥
मिलि या तरसि तरसि तन दोई । बौहत दिन तैं सुप अति होई ।
मन के कीये मनोरथ सबही । हूं न लग्यै परभात ज तबहीं ॥

हून लग्यै परभात जैतमाल तब यौं कह्यौ ।
भवनि चलौ तजि प्यार रहन नाहिं अब मालती ॥४८६॥

मालती मधु तें मिलि सुप पाई । वदिही और महल मैं जाई ।
मालती कें जदि आनंद आयौ । सो काहू मैं जात न गायौ ॥४८७॥

जा पीछे उद्दोत रवि कीनां। मधु तौ निस काहू नहीं चीन्हौ।
ता नर साह भोग बहु ले करि। आयर बैठौ तब ही नृप घरि ॥४८८॥
कोउ हय गज भेंटन आयो। किनहूं रतन अमोल बिसायो।
केऊ मोहर रुपये पालि धन। केऊ ल्याये बसन सिही तन ॥४८९॥
केऊ चीता हीरन ज लाये। केऊ बाज पंछी बौह धाये।
जो जाको जैसो उनमाना। सो सो भेट आइये राना ॥४९०॥
बैठे लोग सबै चित लाई। जानैं कब नुप नृप दरसाई।
घरी चारि दिन चढ़ियौ ऐसौ। ता पाछे मधु आयौ जैसैं ॥४९१॥
कंचन मई पाग सिर दीनौ। सिही चोलना सोंधैं भीनौं।
बांधे कट्या कटार ज सोई। कर मेंहि और तेग पुनि होई ॥४९२॥
मानो हुतो नृपति ही कोई। ताहू मैं यह सुंदर होई।
उठी निरषि सभा सब जबही। जाय नये भेट देब तबही ॥४९३॥

नृप देषि र सब लोग चित मैं सब चिवत्रत रहे।
मधु सरिषौ नुप येह पाछै लति जानैं दई ॥४९५॥

ता नर साह भेंट ले जबही। ले करि गयौ नृपति ढिग तबही।
मधु तब हसि करि लागौ पाई। देषै सभा सकल ही जाई ॥४९४॥
ता नर निहचै पुत्र निहार्‌यौ। दई खेल मन माहिं बिचार्‌यौ।
तिन पहलां नाहिनै पिछान्यौ। ता रन पाछै सगलां जानै ॥४९६॥
बोल्या सकल लोग यह बानी। करता करै सोय परवानी।
बड़े सिंघासन ऊपरि जबही। नृपति द्वै मधु बैठौ तबही ॥४९७॥
सारनि पिता बात सब बूझी। कह्यौ तबै मधु ही जैसी सूझी।
नगर माहिं सब बैही सुनियौ। मधु तौ राय सही प्रति मनियौ॥४९८॥
सुनियो कनक मालती रानी। बिनना मधु ही त्रिपति ज ठानी।
हरनी अपना हीय मंझारौ। भूली चंद्रसेनि दुप सारौ ॥४९९॥

कहन लगी हठ मालती करता दीयौ मिलाय।
अब निहचै मधु परखिसी लियौ भाग नहीं जाय ॥५००॥

कनक माल के मन में आई। मधु मालती बेगि परणाई।
बोहत भरे दुष मेरो बाला। सुंदर रूपवंत सुक माला ॥५०१॥
दूजौ दिन भी भयौ ज आई। सकल सभा बैठी तब जाई।
कनक माल ऐसैं करि पठयौ। मधु मालती ब्याह की अठयौ ॥५०२॥

ढील न करौ कह्यौ मो मानौ। तुम अपनी जीय में भी जानौं।
बात सवनि माने करि लीनी। लगन लिपाय तवैंही दीन्ही ॥५०३॥
अगहन मास तिथि दोईज होई। हूंहि काज मनवांछित सोई।
जो कछु मौज व्याह का होई। सवही आनि मिलाई सोई ॥५०४॥
देस देस के भ्रिपति बुलायो। मधु मालती व्याह के टायो।
बाजे वजन लगे दहौं ओरा। रह्यो नगर में मादक सोरा ॥५०५॥
मंडप बहुत रंग को कीनौ। दान बहुत मांग्यें जेहिं दीनौ।
अन प्रवाह सकल मैं होई। भूषौ प्यासौ रह्यौ न कोई ॥५०६॥
घर्ग साधि के लगन लगाये। वर कन्या येकत्र मिलाये।
पानि गहन वेद विधि कीनौं। बौहत भंडार विप्रन कुं दीनौ ॥५०७॥
चौरी चौह दिस कलस चढ़ाये। फिरि तहां दूलौ दुलहनि आये।
भौंरी फेरी मातक दीनी। कुला कर्म विधि गति सव कीनी ॥५०८॥
सिंघासन आसन सुप लाये। मधु मालती तहां वैठाये।
कनक कांति त्री दहौं दिसि छाजे। मधु नायक ता विचि विराजे ॥५०९॥

येक सरवर के माहि व्याह भयौ मधु मालती।
दूजें औहिं विधि साजि परण्यौ नृप मधु मालती ॥५१०॥

कनक माल रानी मधु देपैं। त्यौं त्यौं जनम सुफल करि लेपैं।
मन हरपित ह्वै लेय वलाई। जुगि जुगि जीवो कंवरि जवाई ॥५११॥
पूरन भयौ व्याह सुपकारी। वरनौं कहा वहुत विसतारी।
मधु मालती अनंत सुप करहे। निस दिन महल मझि असुरहे ॥५१२॥
भांति भांति की केलि कराही। नाहिन उपनें सुप जहां ही।
हसैं परसपर वदन निहारैं। दोउ मिलि करि राग उचारैं ॥५१३॥
कवहुं वेणि तंबुर वजावैं। कवहुं निरति आपही करावैं।
जा देपन कूं गंध्रप आवैं। मधु महल माझि सुप पावे ॥५१४॥
ये तौ कही महल की गाता। अव सुनि नृपतिपना की बाता।
ऊंचौ वड़ो सिंघासन होई। तापरि मधु वैठे निति सोई ॥५१५॥
जहां आय सिर नावैं भारी। वड़े वड़े छत्री कुल सारी।
मधु तिन माहैं ऐसैं छाजे। तैसे उडगन चंद विराजे ॥५१६॥
लेय महोलौ सवहिन केरौ। हय गज वाज पसू बौहतेरौ।
माते मद के गज जो होई। ताहि लरावैं नृपति ज सोई ॥५१७॥

चलि दी गौनिया चतुरी निसानै । दुंद नंद रोहिरन लखावै ।
द्वार भमान नाग चौपवीरो । नाचै नट यति भुंमर घेरो ॥५१८॥
आनो विविध भाँति की भाजा । मधु भोगवै सकल विधि काजा ।
मालति पर आत्यो सुख पायौ । मधु नो पोष माहिनै दिखायौ ॥५१९॥
चन्द्र सैनिजो राजन हो तौ । तिनकौ भयौ दुरगुन जैतौ ।
चौति भारि नाम यौं जबही । सेन चाल मधु मानि उपजाही ॥५२०॥
सेठी तुरी सभा सब सोई । मंत्री और विरोधिन कोई ।
सेठ दिना मधु बांधौ ऐसें । चंद्रसेनि आयौ यौं कैसें ॥५२१॥
कहौ सौहि सभनौं बिरदंता । ज्यौं हुं उनकु भीज कहंता ।
सुनि ते बचन त्रिपति यौं भिनि ठौ । मंत्रीनि कह्यौ बात या सबही ॥५२२॥
तेनै चंद्रसेनि यौं दुखो । करनौ नृपति ज्यौ करि दुखो ।
मधु तब सुनि करि बीयौ विचारो । चंद्रसेनि के अरिकौं मारो ॥५२३॥
औरो सकल आप दुख होई । लहै न जात तास्यौ कोई ।
कितोक करन हमारे आनै । मारौ निहचै के यौ भागै ॥५२४॥
ढील न करौ सबार चढाई । मेरा बचन मानि ल्यौ भाई ।
ऐसें कहे बचन नृप जबही । सुनि करि भये तयार ज सबही ॥५२५॥
करन लगे जुध कौ साजा । हूंनन लागे बौह बिधि बाजा ।
हसती दोय सहस सिंगारे । सातै बौहत ढाल बलि भारे ॥५२६॥
तुरी आठ लष पायक बाहेते । काहू पे ना जात न गनते ।
बौहत आरियां सजिल यौ संगा । चढयौ नृपति करि कै यह रंगा ॥५२७॥
देय निसान चले जेहिं दौरा । तहां करन कौ बहुतो बसेरा ।
जा दिन मालती अति दुष पायौ । मधु ग्रह माहि नाहि नैं आयौ ॥५२८॥

प्रीति वहै कलि सोय जो बिछुरत ही तन तजे ।
देषौ हसीन ज सोय जल बिछुरन कैसी करे ॥५२९॥

जैसी प्रीति मीन जल होई । तैसी ही मधुमालती सोई ।
दीठां बिन मधु मूरति नैना । मालती जीय मैं होय अचैना ॥५३०॥
मधु की फौज गई ततकारा । करन गोरि पैदल नहीं पारा ।
सुनि तब करन संक बौह मानी । जीतौ नहीं मनै मैं जानी ॥५३१॥
करन नृपति भी मन कौ सूरौ । भाजे नहीं दलानि मधि पूरौ ।
सनमुष आगौ दल बल सजिही । हूंन लगौ जुध अति तबही ॥५३२॥

मधु जीत्यौ सब मारिकें करन नृपति दल जोय ।
लयौ बैर नृप चंद कौ मालती मधु पति सोय ॥५३३॥

जा दिन मधु करनौ नृप मार्‍यौ । वा दिन देवी सेव बिसार्‍यौ ।
तावैं करन हारि यौं सोई । दूजें मधु कौ अति बल होई ॥५३४॥

देय नगारौ जिति जब लयौ । मधु को लोग येक ना मरियौ ।
आयौ अपनैं नगर कनारैं । राम सरोवर जहां विहारैं ॥५३५॥

येक दिन मधु उतही रहियौ । बालपनैं निस दिन वित बसयौ ।
जा पीछें आयौ ग्रह मांही । दीनौं सीष लोग घरि जाहीं ॥५३६॥

चंटी नगर में बौहत बधाई । मधु तौ कनक माल जित जाई ।
कही बात सबही जुध केरी । भई जीति असी बिधि मेरी ॥५३७॥

सुनि कें कनक माल तब रानी । हरषी जीय बहुत सुष मानी ।
मधु की लई बलाय बहुत बर । जीवो बहुत बरस तुम अैं घर ॥५३८॥

इतनैं दिन कौ विरह सही कनि । मालती ऊभी निरषै मधु तनि ।
निरषि निरषि लोचनि सुष पावै । मधु विन जाकूं क्यौं न सुहावै ॥५४०॥

जा पाछैं मधु आयौ जितही । हुतौ पहल मालती तितही ।
अंक भुजा भरि मिलीये दोई । वोयौ विरह जोय तनि होई ॥५४१॥

बौह बिधि सुरत केलि जहां कीनी । असैं जनम सफल करि लीनी ।
बहुत दिना बीते सुष असैं । भुगतै इंद्र सरग रस जैसैं ॥५४२॥

येक समैं पवढे दोउ सैना । मालती भयौ सुपिनौ मधु गौना ।
मालती पिय बिछर्‍यौ मनि धारो । हाय हाय करि टेरि पुकारो ॥५४३॥

हम तुम मधु असौ ना नेहा । जो पल भरि अंतर सहै देहा ।
जब ये कहे मालती बैना । सुनि मधु कानि जीय भयौ चैना ॥५४४॥

मधु जंपे मालती पीयारी । कह कह्या तुम नींद मंझारी ।
हूं तुम तजि कितहुं ना जैहैं । बिछुरन केरौ नांव न लैहैं ॥५४५॥

मेरे प्रान बसैं तुव ओरा । तुम संग विना कौन है ठौरा ।
सुनि पीय बचन मालती सिरानी । नैन उघारि बहुत सुष मानी ॥५४६॥

शुद्धिपत्र

(स्वीकृत पाठ)

प्रथम संख्या छंद की तथा दूसरी उसके चरण की है।

स्थल	अशुद्ध	शुद्ध	स्थल	अशुद्ध	शुद्ध
३·१	बसति	बसहि	३११.२	गुलाल	जु लाल
४·१,४	नृप	न्रप	३२०·४	भला	भली
३८·२	दूर	दूरे	३२५·	निर्मल	निमष
३९·१	बोले	बोलै	३४१·४	झ ंग	अंग
४५·२	दोउँ	दोनुं	३४३·१	कहा	कही
४८·३	बोलती	बोल	३४३·२	आकि	आनि
६४·४	पुनि	फुनि	३५७·४	मोरि	मोहि
६८·४	हो	वो	३६४·१	धरे	परे
६९·४	(हरवे)	हरवे	३७०·३	गमाव	गमावै
९०·२	परयो	पारयो	३७०·४	पाव	पावै
९७·४	मिलिबे	मिलबे	३७०·१	कुं	क्युं
१३५·१	सींघन	सींघ न	३८१·४	तिन	ति
१५२·१	इडं	इउं	३८२·४	नृप	न्रप
१५६·४	छंडे	छंडै	३९२·३	कीगै	कीजे
१६२·२	कुमार	कुमर	३९४·३	त्रिष्ना	त्रिस्ना
१७९·३	'प्रिथी'[2] मांझ'	पृथी मांझ'[2]	३९५·४	मंगवौ	मांगवौ
१९५·४	'कून	कून	३९९·१	ताभ	ताप
२४७·२	सहई	सकई	४०४·१	डु ंह	भुंह
२५२.३	आप धरि	आप	४०५·१	कम	कसल
२६२·४	॥४	॥	४०७·४	सो	सी
२६५·२	करि	कहि	४१२·१	गोभा	गोभा
२९२·३	घिरित	घ्रिरित	४१६·२	काम···है	'काम···है'[3]
२९२·४	कहै	कहै तो	४१७·१	कँवल	कंवल
३०६·१	कुसमल	कुसम तैं	४१८·२	इह	एह

५४५'२	तु पै	तुमै	५९४'४	भुंड	भुंढ
५५३'२	मलका	भलका	५९७'४	छाटा	फाहा
५५३'३	राव	राम	६२१'१	'वच्चन' १	'वचन
५७२'१	जो वन	जोवन	६२१'२	स्याए	स्याम
५७५'२	सर भी	सरभर	६२२'२	नरकन	नरक नें
५८३'३	पवाह	प्रवाह	६३०'२	मेटि	मेंट
५८६'२	मागी	भगती	६३६'२	वे	वेह ज
५९०'३	भुवन	श्रवन	६३६'२	अ वेह[२]	'अर'[२] वेह
५९२'१	जै	जे	६४०'२	वरनाईं	करनाईं
५९३'३	लीदी	लीडी	६४६'४	लप	लप

पादटिप्पणी

पहली संख्या छंद की है और दूसरी उसकी पादटिप्पणी की है ।

३'२	वि०	द्वि०	७४'६	होत	कोटि
३'४	नाइ	मानूं	७८'२	तृ०१,२	तृ० २
१०'२	धाइ	थाइ	८०'२	केति कह	केतिक
१३'२	क्रांत	क्रांम	८४'३	अवसन	असवन
१७'४	देवल परमरे	केवल महमहे	१००'१	एह	एहि
१९'१	इहे	ईहे	१७२'३	प्र ३'१	३' प्र०
२१'२	सुगहे	सुगहे	२४०'१	पटी	परी
२४'१	पर	वर	२४७'८	नाम	जाम
२७'३	में जोड़ें	४ द्वि.१चढ्यो	२५७'४	मृग हीयो	हीयों
३०'२	समान	समाव	२६८'४	वधे	वंधे
३१'४	तित	हित	२९२'२	उदध	उदक
४२'१	वांधी	वाधी	३३५'५	विद्या	विध्या
४७'१	उधम	उद्यम	३४६'२	ढिढ	द्रिढ
५२'३	नीती	नीती पंपें	३४८'१	महमह	महमहे
५४'४	सहसु	सहस्र	३५१'१	होपैं	लेपैं
५८'६	मारैं है	मारैं	३५१'४	मूंडी	मूंरी
६३'२	के रहुं	ते रहुं	३५३'३	१	प्र० १
७०'३	दिन	कित	३५८'१	निकटा	निकटी